घटना से नाराज सुएज इंडिया के कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। कर्मचारियों का कहना है कि शहर की सीवर व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए फील्ड में काम करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानजनक एवं सुरक्षित कार्य वातावरण मिलना चाहिए। किसी भी जनप्रतिनिधि या अन्य व्यक्ति को अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने का अधिकार नहीं है।

कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि उनका विरोध केवल दुर्व्यवहार की घटना के खिलाफ है। शहरवासियों को सीवर संबंधी सेवाएं मिलती रहें, इसके लिए सफाई एवं रखरखाव का काम पहले की तरह जारी रखा गया।

छात्रवृत्ति से वंचित विश्वविद्यालय के छात्रों को मिलेगी राहत

यूथ इंडिया, लखनऊ

छात्रवृत्ति के लिए निर्धारित समय सीमा में बायोमीट्रिक सत्यापन नहीं करा पाने वाले लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रयासों के बाद समाज कल्याण विभाग ने छात्रवृत्ति पोर्टल को दोबारा खोलने का आश्वासन दिया है। इससे उन विद्यार्थियों को एक और मौका मिलने की उम्मीद जगी है, जो बायोमीट्रिक सत्यापन और अग्रसारण की प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाने के कारण छात्रवृत्ति की प्रक्रिया से बाहर रह गए थे। हालांकि, अभी पोर्टल दोबारा खोलने की तारीख और इसकी समय सीमा को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है।

लखनऊ विश्वविद्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, छात्रवृत्ति के लिए कुल 13,070 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण कराया था। इनमें से 10,843 विद्यार्थियों ने ही अपने आवेदन का प्रिंटआउट यानी हार्डकॉपी विश्वविद्यालय में जमा कराई है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से इन आवेदनों के आधार पर बायोमीट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया कराई गई।

अब तक कुल 8,710 विद्यार्थियों का बायोमीट्रिक सत्यापन पूरा हो चुका है, जबकि 2,133 विद्यार्थी इस प्रक्रिया को पूरा नहीं कर सके हैं। बायोमीट्रिक सत्यापन नहीं होने के कारण इन विद्यार्थियों के आवेदन आगे नहीं बढ़ पाए। ऐसे में उनकी छात्रवृत्ति मिलने की संभावना पर भी संकट खड़ा हो गया था। विद्यार्थियों की समस्या को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने समाज कल्याण विभाग से पोर्टल दोबारा खोलने का अनुरोध किया।

जिला जेल में प्रेमिका की हत्या के आरोपी विचाराधीन बंदी की मौत मामले में बैरक प्रभारी निलंबित

यूथ इंडिया, लखनऊ

राजधानी लखनऊ के गोसाईंगंज स्थित जिला जेल में बुधवार देर रात एक विचाराधीन बंदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। सुल्तानपुर निवासी 30 वर्षीय अवनीश जायसवाल का शव बैरक के शौचालय में तौलिये के सहारे लटका मिला। अवनीश अपनी प्रेमिका की हत्या के आरोप में जेल में बंद था। उसने अदालत में आत्मसमर्पण किया था। घटना की जानकारी मिलते ही जेल प्रशासन के अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

घटना के बाद जेल प्रशासन ने डयूटी में लापरवाही के आरोप में बैरक प्रभारी हरिओम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसके अलावा तीन हेड जेल वार्डर देव प्रकाश सिंह, उदय नारायण और दीपेंद्र सिंह के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। जेल प्रशासन ने मामले की न्यायिक, मजिस्ट्रेट और विभागीय जांच कराने की बात कही है। वहीं, मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों की तहरीर पर गोसाईंगंज पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अवनीश जायसवाल जेल के सर्किल नंबर तीन में हाता संख्या 13 की बैरक नंबर 83 में बंद था। बुधवार देर रात बैरक के शौचालय में उसका शव मिलने की जानकारी सामने आई। घटना की सूचना मिलते ही डीआईजी जेल डॉ. रामधनी, गोसाईंगंज के एसीपी ऋषभ यादव, नायब तहसीलदार अभिषेक पांडेय और कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र कुमार जेल पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जेल कर्मचारियों से जानकारी जुटाई। इसके बाद फोरेंसिक टीम को बुलाया गया, जिसने मौके से आवश्यक नमूने एकत्र कर जांच के लिए भेज दिए।

घटना के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह हैंगिंग बताई गई है। हालांकि, परिजनों की ओर से हत्या का आरोप लगाए जाने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। जांच के लिए विसरा भी सुरक्षित रखा गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उसकी जांच कराई जा सके।

गोमती नदी के बाढ़ क्षेत्र में निर्माण को लेकर एनजीटी सख्त, ग्रीन कॉरिडोर परियोजना पर एनएमसीजी से मांगा जवाब

यूथ इंडिया, लखनऊ

राजधानी लखनऊ में गोमती नदी के बाढ़ क्षेत्र का सीमांकन किए बिना लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की ओर से निर्माण कार्य कराए जाने के मामले में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने सख्त रुख अपनाया है। अधिकरण ने ग्रीन कॉरिडोर परियोजना को लेकर राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) से जवाब तलब किया है।

एनजीटी ने पूछा है कि जब 21 अगस्त को जारी अनुमति आदेश में निर्धारित शर्तों का अनुपालन अभी लंबित है, तो ऐसी स्थिति में एलडीए को निर्माण कार्य जारी रखने की अनुमति कैसे दी जा सकती है। अधिकरण ने एनएमसीजी को दो सप्ताह के भीतर शपथपत्र दाखिल कर पूरी स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया है। यह मामला गोमती नदी के बाढ़ क्षेत्र के संरक्षण और उसके सीमांकन से जुड़ा हुआ है। एनजीटी की प्रधान पीठ में 16 नवंबर को गंगा और उसकी सहायक नदी गोमती के बाढ़ क्षेत्र के संरक्षण एवं सीमांकन से संबंधित मामलों की संयुक्त सुनवाई हुई। इस दौरान गोमती नदी से जुड़े मूल आवेदन संख्या 269/2026 पर भी विचार किया गया। आवेदक आलोक सिंह ने नदी के बाढ़ क्षेत्र का सीमांकन किए जाने का मुद्दा उठाते हुए निर्माण कार्यों पर सवाल खड़े किए।

आवेदक की ओर से पिपराघाट रेलवे पुल से शहीद पथ और शहीद पथ से किसान पथ तक प्रस्तावित तटबंध तथा ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के निर्माण कार्यों पर रोक लगाने की मांग की गई है। उनका पक्ष है कि गोमती नदी के बाढ़ क्षेत्र का उचित सीमांकन किए बिना निर्माण कार्य आगे बढ़ाना नदी के प्राकृतिक क्षेत्र और पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से गंभीर विषय है। ऐसे में पहले बाढ़ क्षेत्र की सीमाएं निर्धारित की जानी चाहिए और उसके बाद ही निर्माण गतिविधियों को लेकर निर्णय होना चाहिए।

सुनवाई के दौरान एलडीए की ओर से अधिकरण को बताया गया कि मामले में जवाब दाखिल कर दिया गया है। साथ ही राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की ओर से जारी अनुमति की प्रति भी जवाब के साथ संलग्न की गई है। इसके बाद एनजीटी ने अनुमति आदेश की शर्तों के अनुपालन को लेकर स्थिति स्पष्ट करने की आवश्यकता जताई। अधिकरण ने एनएमसीजी से विशेष रूप से यह बताने को कहा कि 21 अगस्त को जारी अनुमति में निर्धारित शर्तों का कितना पालन हुआ है।

दिल्ली में पीपीपी मॉडल पर चलेंगे एमसीडी के 13 स्टेडियम, अस्पतालों में सस्ती होंगी एमआरआई और सीटी स्कैन जांच

● पिछले बजट घोष□ाओं की प्रगति रिपोर्ट एक सप्ताह में मांगी गई। ● 13 एमसीडी स्टेडियम पीपीपी मॉडल पर निजी एजेंसियों को सौंपे जाएंगे। ● अस्पतालों में सीटी स्कैन, एमआरआई जांच अब सस्ती दरों पर उपलब्ध होंगी।



नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति ने पिछले बजट में की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन का हिसाब मांगा है। अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें बताना होगा कि कितनी घोषणाएं पूरी हो चुकी हैं, कितनी के लिए कार्ययोजना तैयार है और कितनी पर अभी कार्ययोजना बनाने की प्रक्रिया चल रही है।

पीपीपी मॉडल पर एमसीडी के 13 स्टेडियम

बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। इसमें पीपीपी मॉडल पर एमसीडी के 13 स्टेडियम का संचालन निजी एजेंसियों को देना। साथ ही निगम श्री स्कूलों के आवंटन और उसके मानक तैयार करना। निगम के अस्पतालों में निजी एजेंसी के माध्यम से सस्ती दरों पर सीटी स्कैन और एमआरआई जैसी सुविधा को सीजीएचएस दरों से भी कम राशि जांच की सुविधा प्रदान करने जैसे प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

सुधार कार्यों की योजना बनाई जाएगी

स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में सफाई व्यवस्था, सामुदायिक भवनों, पार्किंग, स्कूलों के रखरखाव, आवारा कुत्तों के बंध्याकरण और जर्जर इमारतों समेत कई नागरिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। पक्ष और विपक्ष के पार्षदों ने अपने क्षेत्रों की समस्याएं रखीं। इस दौरान आप पार्षद राफिया ने समुदायिक भवनों की खराब स्थिति का मुद्दा उठाया तो इस पर सत्या शर्मा निगम के सभी सामुदायिक भवनों का सर्वे कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों को जर्जर और असुरक्षित भवनों की पहचान कर उनकी सूची तैयार करनी होगी। सर्वे रिपोर्ट भी एक सप्ताह में मांगी गई है। इसके आधार पर मरम्मत और सुधार कार्यों की योजना बनाई जाएगी।

सड़कों पर लगने वाले जाम का मुद्दा भी उठा

इसके साथ ही उन्होंने दिल्ली की सभी निगम पार्किंग साइटों का सर्वे कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसमें यह जांच की जाएगी कि पार्किंग का संचालन नियमानुसार हो रहा है या नहीं। कहीं अवैध रूप से शुल्क तो नहीं वसूला जा रहा है। सड़कों पर अनधिकृत पार्किंग रोकने और जनप्रतिनिधियों को नियमानुसार निगम पार्किंग में निशुल्क सुविधा देने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में बैंक्वेट हाल के कारण सड़कों पर लगने वाले जाम का मुद्दा भी उठा।

मीट की दुकानों की पहचान कर कार्रवाई करने के निर्देश

इस पर जोर दिया गया कि पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था वाले बैंक्वेट हाल को ही नियमानुसार लाइसेंस दिया जाए। इससे सड़कों पर वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग और जाम की समस्या कम हो सकेगी।

स्कूलों के आसपास बिना लाइसेंस चल रही मीट की दुकानों की पहचान कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। वहीं, आवारा कुत्तों के बंध्याकरण अभियान में तेजी लाने को कहा गया, ताकि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार काम हो सके।

दिल्ली में यमुना के 52 किमी हिस्से के पुनरुद्धार पर होगा मंथन, डीडीए आयोजित करेगा यमुना संवाद



नई दिल्ली। यमुना के कायाकल्प की योजनाओं को अब ठोस कार्ययोजना और जवाबदेही के ढांचे में ढालने की तैयारी है। इसके लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) शुक्रवार को बांसेरा में यमुना संवाद आयोजित करेगा। एलजी तरनजीत सिंह संधू इस एक दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों, सरकारी एजेंसियों, वैज्ञानिक संस्थानों, शहरी योजनाकारों और सिविल सोसायटी के प्रतिनिधियों के बीच यमुना के पुनरुद्धार पर मंथन होगा। चर्चा का केंद्र दिल्ली में यमुना का 52 किमी लंबा शहरी हिस्सा और उसका बाढ़ क्षेत्र रहेगा। संवाद के छह सत्रों से निकलने वाली सिफारिशों को प्रस्तावित दिल्ली यमुना रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा। इसमें प्राथमिकता वाले कार्यों, संबंधित संस्थाओं की जिम्मेदारियों, संभावित साझेदारियों और क्रियान्वयन की रूपरेखा तय करने का प्रयास होगा। इस संवाद का उद्देश्य यमुना को केवल नदी के रूप में नहीं, बल्कि उससे जुड़े बाढ़ क्षेत्र, आर्द्रभूमियों और प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र के साथ विकसित करने की रणनीति तैयार करना है। डीडीए के अनुसार, इसके लिए छह विषयों पर अलग-अलग सत्र होंगे।

नई तकनीक और अनुसंधान शामिल

इनमें नदी प्रबंधन की व्यवस्था, बाढ़ क्षेत्र की योजना और पारिस्थितिकीय उपाय, जल गुणवत्ता एवं जल निकासी, घाटों का विकास और नदी से लोगों का जुड़ाव, सतत वित्तपोषण तथा नई तकनीक और अनुसंधान शामिल हैं। डीडीए के मुताबिक, यमुना के बाढ़ क्षेत्रों में 1700 हेक्टेयर से अधिक जमीन पर सक्रिय पुनर्स्थापन कार्य किया जा रहा है।

अब तक 35 आर्द्रभूमियों को पुनर्जीवित करने और सात लाख से अधिक देशज वृक्ष लगाने का दावा किया गया है। इसके अलावा, करीब 88 हजार मीट्रिक टन निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट हटाया गया है। डीडीए के अनुसार, असिता में पक्षियों की दर्ज प्रजातियों की संख्या 63 से बढ़कर करीब 200 हो गई है।

साइबर अपराधियों ने तीन लोगों को बनाया शिकार, करीब 41 लाख की ठगी

नोएडा। उत्तर प्रदेश के जनपद गौतमबुद्धनगर नोएडा में साइबर अपराधियों ने विभिन्न जगहों पर रहने वाले तीन लोगों को अपना शिकार बनाया। बदमाशों ने इन्वेस्ट कर मोटी रकम कमाने की लालच देकर, डीमैट खाथा खुलवाने के नाम पर लोगों को अपने जाल में फंसाया। पुलिस उपायुक्त साइबर क्राइम शैव्या गोयल ने बताया कि बीती रात रमेश चंद सोनी ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार व्हाट्सएप ऐप के माध्यम से कुछ लोगों ने उनसे संपर्क किया तथा कहा कि शेयर मार्केट में निवेश करने से उन्हें काफी मुनाफा होगा। पीड़ित के अनुसार वह उनकी बातों में आ गए तथा धीरे-धीरे करके उन्होंने उनके बताए हुए विभिन्न खातों में 17 लाख 39 हजार 843 रुपए ट्रांसफर कर दिया। पीड़ित के अनुसार उनकी रकम ऐप पर बढ़ी हुई दिखाई दे रही थी। जब उन्होंने अपना पैसा निकालने का प्रयास किया तो साइबर अपराधियों ने उनको ग्रुप से बाहर निकाल दिया। डीसीपी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। डीसीपी ने बताया कि अजय कुमार सिंह पुत्र गोरखनाथ सिंह ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह छलेरा गांव में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार अज्ञात साइबर अपराधियों ने उनसे संपर्क किया तथा टेलीग्राम के माध्यम से इन्वेस्टमेंट करने की सलाह दी। पीड़ित के अनुसार वह उनकी बातों में आ गए तथा उन्होंने नौ लाख 51 हजार 473 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया। पीड़ित के अनुसार आरोपितों ने धोखाधड़ी कर उनकी रकम हड़प ली। डीसीपी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पहले ईमानदारी से लौटाया मुनाफा, फिर 38 लाख ठगे; रकम मांगने पर महिला को दी आत्महत्या की धमकी



गाजियाबाद। ऑनलाइन कारोबार में हर महीने 10 से 15 प्रतिशत मुनाफे का लालच देकर एक महिला से करीब 38 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। राजनगर निवासी पीड़िता लता त्यागी की शिकायत पर कविनगर पुलिस ने एक ही परिवार के चार सदस्यों के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। राजनगर निवासी पीड़िता लता त्यागी के अनुसार करीब तीन साल पहले अपनी परिचित के माध्यम से उनकी मुलाकात नेहरू नगर निवासी बिंदिया जैन से हुई थी। बिंदिया ने खुद को ऑनलाइन कारोबारी बताते हुए निवेश पर मोटे मुनाफे का झांसा दिया। शुरूआत में पीड़िता ने ढाई लाख रुपये दिए। जिसके बदले बिंदिया ने कुछ रकम वापस भी की। इससे पीड़िता का भरोसा बढ़ गया। इसके बाद सिटी मॉल के नाम पर बड़े लाभ का लालच देकर आरोपित दंपत्ति ने पीड़िता से नकद और बैंक खातों के जरिए कुल 38 लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़िता ने यह रकम अपने रिश्तेदारों और परिचितों से उधार लेकर दी थी। जब पीड़िता ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपितों ने टालमटोल शुरू कर दी। दबाव बनाने पर फरवरी 2025 में बिंदिया के पति सचिन जैन ने डायरी में 25 लाख रुपये और नवंबर 2024 में बिंदिया ने 4.50 लाख रुपये का वायदा नोट लिखकर दिया, लेकिन भुगतान नहीं किया। आरोप है कि पिछले एक साल में आरोपी तीन-चार किराये के मकान बदल चुके हैं और अब पैसे मांगने पर आत्महत्या करने या देख लेने की धमकी देते हैं। कविनगर पुलिस ने बिंदिया जैन, उसके पति सचिन जैन, अक्षत जैन और परी जैन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सार संक्षेप

द्वारका एक्सप्रेसवे पर बेकाबू ट्राला 3 कारों से टकराया, एक को घसीटते हुए गड्ढे में गिरा



गुरुग्राम। द्वारका एक्सप्रेसवे पर गुरुवार देर रात तेज रफ्तार लोडिंग ट्रॉले का कहर देखने को मिला। एवीएल-36 सोसाइटी के सामने अनियंत्रित ट्रॉले ने एक के बाद एक तीन कारों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक कार को घसीटते हुए ट्रॉला सड़क किनारे बने गहरे गड्ढे में जा गिरा। हादसे में कई लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा रात करीब साढ़े दस बजे हुआ। ट्रॉले की चपेट में आई तीन गाड़ियों में दो कमर्शियल टैक्सी और एक निजी कार शामिल थी। टक्कर से तीनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। गड्ढे में फंसी कार में सवार लोगों को बाहर निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी

राहगीरों और पुलिस की मदद से घायलों को नजदीकी सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। क्षतिग्रस्त वाहनों और ट्रॉले को हटाने के लिए भारी क्रेन मंगवाई गई। वाहनों को सड़क से हटाने के बाद यातायात सामान्य हो सका। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, हादसे के कारणों की जांच कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और ट्रॉला चालक की तलाश की जा रही है।

नोएडा में बार फ्रैंचाइजी के नाम पर 48 लाख रुपये की ठगी, जांच में जुटी पुलिस



नोएडा। सेक्टर 129 स्थित मैक्स टॉवर्स में बार की फ्रैंचाइजी दिलाने के नाम पर 48 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने चार लोगों पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। चारों के खिलाफ सेक्टर 126 थाने में बुधवार को मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। नोएडा सेक्टर 121 स्थित क्लियो काउंटी सोसायटी में रहने वाले शैलेंद्र कुमार वैश 30 नवंबर 2025 तक एक्साइड इंडस्ट्रीज कंपनी कार्यालय में जनरल मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। जनवरी 2023 में इंस्टाग्राम पर एफटीवी नाम की कंपनी की फ्रैंचाइजी का विज्ञापन देखा था। उसमें दिए नंबर के माध्यम से दुष्यंत सिंह नामक व्यक्ति से जानकारी की। उसने खुद को नेशनल सेल्स हेड बताया। उनकी मुलाकात काशिफ खान से कराई। उसने खुद को कंपनी का प्रबंध निदेशक बताया। इसी बीच शैलेंद्र का परिचय फाइनेंस कंट्रोलर नवीन आहूजा, निदेशक आशिक अब्बास जिवानी और रुकमणी सिंह से हुआ। आरोप है कि सभी ने दावा किया कि कोलकाता, लखनऊ और अहमदाबाद में उनके आउटलेट हैं। आरोपितों ने मुंबई बुलाकर कार्यालय और प्रमाण पत्र दिखाए। शैलेंद्र ने विश्वास कर फ्रैंचाइजी लेने के नाम पर 48 लाख रुपये विभिन्न माध्यम से दे दिए। पीड़ित ने सेक्टर 126 थाने में कशिफ, रुक्मणी, माइकल एडम व प्रियेश जैन के खिलाफ केस दर्ज कराया है। थाना प्रभारी सुमनेश कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

हजरत निजामुद्दीन में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर पर फायरिंग की साजिश नाकाम

बाहरी दिल्ली। दक्षिण-पूर्वी जिला पुलिस ने हजरत निजामुद्दीन थाना क्षेत्र में इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर पर फायरिंग की बड़ी साजिश को नाकाम किया है। पुलिस ने समय रहते कार्रवाई करते हुए दो हथियारबंद आरोपितों और एक नाबालिग को पकड़ा है।

किरण बेदी बनेंगी देशभर के स्कूली शिक्षकों की मेंटर, अगले महीने लेंगी पहला सत्र



नई दिल्ली। देशभर के स्कूली शिक्षकों को अब पूर्व आईपीएस अधिकारी और पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल डॉ. किरण बेदी का मार्गदर्शन मिलेगा। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) ने उन्हें राष्ट्रीय मेंटरिंग पहल मित्र के तहत राष्ट्रीय मेंटर के रूप में शामिल किया है। इस पहल का उद्देश्य अनुभवी और प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों को जोड़कर शिक्षकों को मार्गदर्शन उपलब्ध कराना और उनकी शैक्षणिक एवं व्यावसायिक क्षमता को मजबूत करना है। बुधवार को एनसीटीई मुख्यालय से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित आनलाइन सत्र में डा. किरण बेदी को औपचारिक रूप से इस पहल से जोड़ा गया।

इस दौरान एनसीटीई के उप सचिव (अकादमिक) सतीश कुमार, अकादमिक सलाहकार दिनेश चतुर्वेदी, वरिष्ठ शैक्षणिक सलाहकार (एनएमएम) सुनील बजाज और मित्र व पुष्टि टीम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत परिकल्पित इस पहल के माध्यम से देशभर के स्कूली शिक्षकों को संरचित और निरंतर आनलाइन संवाद के जरिए व्यक्तिगत मार्गदर्शन दिया जाता है। इसका उद्देश्य शिक्षकों को चिंतनशील अभ्यासकर्ता और आजीवन सीखने वाला बनाना है, ताकि विद्यार्थियों के सीखने के परिणामों में सुधार हो सके। सत्र के दौरान डॉ. बेदी को इस मिशन की कार्यप्रणाली, उद्देश्य और अब तक के प्रयासों की जानकारी दी गई। इस मौके पर उन्होंने मित्र पहल की सराहना करते हुए इसे शिक्षकों, सेवानिवृत्त अधिकारियों, युवा पेशेवरों और वरिष्ठ शिक्षकों के लिए विश्वसनीय एवं सराहनीय मंच बताया। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षकों पर केंद्रित इसके दृष्टिकोण की प्रशंसा की। साथ ही अगले महीने इस पहल के तहत राष्ट्रीय मेंटर के रूप में अपना पहला सत्र आयोजित करने की इच्छा जताई। एनसीटीई के अनुसार, डॉ. बेदी का प्रशासनिक अनुभव, नेतृत्व क्षमता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता देशभर के शिक्षकों और शिक्षाविदों को प्रेरित करेगी। उनके जुड़ने से शिक्षकों के क्षमता निर्माण और मार्गदर्शन की इस पहल को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

स्टार्टअप फेल हुआ तो बने लुटेरे, 2 पूर्व मैनेजर और 4 टेली कॉलर अरेस्ट



दक्षिणी दिल्ली। एक ही स्टार्टअप में साथ काम किया, फिर खुद का कारोबार शुरू करने के लिए नौकरी छोड़ दी। लेकिन कारोबार नहीं चला तो कमाई के लिए छह युवकों ने अपराध का रास्ता चुन लिया। दो पूर्व मैनेजर और चार टेली कॉलर ने मिलकर हाईवे पर कार सवार परिवारों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। 14 नवंबर की रात महिपालपुर फ्लाईओवर के पास गुरुग्राम के एक परिवार के साथ लूटपाट और मारपीट की वारदात के बाद वसंत कुंज दक्षिण थाना पुलिस ने सभी छह आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया है कि वारदात में इस्तेमाल कार के चार चालान लंबित हैं। इनमें दो तेज रफ्तार और दो गलत पार्किंग के हैं।

क्या था मामला, कैसे हुई पहचान?

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान ऋषिकेश तिवारी, दुर्वेश शर्मा, सुमित सिंह, प्रिंस मावी, रितेश चौधरी और सचिन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस जांच के मुताबिक, ऋषिकेश और दुर्वेश एक स्टार्टअप में मैनेजर और असिस्टेंट मैनेजर थे, जबकि बाकी चार टेली कॉलर के तौर पर काम करते थे। इसी दौरान सभी की जान-पहचान हुई। बाद में दोनों ने नोएडा में फाइनेंसलो नाम से अपना स्टार्टअप शुरू किया और बाकी साथी भी इससे जुड़ गए। हालांकि, कारोबार में सफलता नहीं मिली। इसके बाद सभी ने मिलकर लूटपाट की वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया।

कार के नंबर से खुला राज

14 नवंबर की रात आलोक कुमार सिंह पत्नी और दो बेटों के साथ गुरुग्राम से लौट रहे थे। महिपालपुर फ्लाईओवर के पास आरोपितों ने उनकी कार रुकवाकर परिवार को घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान महिला के गहने लूट लिए और आलोक को कार से कुचलने की कोशिश की। पुलिस उपायुक्त अमित गोयल के अनुसार, शिकायत पर मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। जांच में वारदात में इस्तेमाल कार का नंबर मिला, जिसके आधार पर आरोपितों तक पुलिस पहुंची। पुलिस अब आरोपितों से अन्य वारदातों में उनकी संलिप्तता के बारे में पूछताछ कर रही है।

दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा के दफ्तर के पास गोली बरसाने वाला नसीम दुरानी का एनकाउंटर



नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी जिले के कुख्यात बदमाश नसीम दुरानी को दिल्ली की क्राइम ब्रांच व नोएडा एसटीएफ ने बुलंदशहर में देर रात एनकाउंटर में ढेर कर दिया। मृतक ने कुछ दिन पहले ही दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा के कार्यालय के करीब ताबड़तोड़ गोलियां चलाई थीं। वहीं, पुलिस के अनुसार, राजा मेवाती गिरोह के सरगना हारून पहलवान के करीबी समीर की 12 गोलियां मारकर हत्या करने में भी उसका ही हाथ था। छह माह में नसीम ने उत्तर पूर्वी जिले में गैंगवार में दो हत्या करके लॉ एंड ऑर्डर को बड़ी चुनौती दी थी। नसीम पर हत्या के पांच केस दर्ज थे।

अस्पताल में डॉक्टरों को मृत घोषित कर दिया: प्राप्त जानकारी के मुताबिक, बुलंदरशहर में एनकाउंटर के दौरान नसीम दुरानी और पुलिस के बीच कई राउंड फायरिंग हुई थी। इस दौरान नसीम दुरानी को कई राउंड गोलियां लग गईं, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद पुलिस उसे अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।

छोटा शकील से ली थी छोटा राजन को मारने की सुपारी : नसीम दुरानी का नाम कई प्रकरण में चर्चा में रहा था। वो अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा शकील के भी लगातार संपर्क में रहा था। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, छोटा शकील ने उसे छोटा राजन की हत्या करने की भी सुपारी दी थी।

दूधेश्वर नाथ कॉरिडोर के लिए तैयार होगा नया बाजार, 18 करोड़ से बनेंगी 128 दुकानें-गोदाम; एक साल में तैयार



गाजियाबाद। श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर को दूधेश्वर नाथ कारिडोर बनाने के लिए मंदिर के आस पास की दुकानों को हटाने के साथ उनके लिये 18 करोड़ की लागत से हिंडन विहार में शापिंग आर्किड बनेगा। महापौर सुनीता दयाल ने इसका शिलान्यास किया। महापौर ने बताया कि कारिडोर के लिये स्थल बदलना था जिसके लिए नगर निगम द्वारा हिंडन विहार में आठ हजार स्क्वायर भूमि पर दो मंजिला आर्किड बनाया जायेगा। इस आर्किड में 4 बाई 6 मीटर की (128 दुकान)64 दुकान प्रथम तल व 64 दुकान द्वितीय तल पर और नौ गोदाम, पार्किंग व शौचालय आदि बनाया जाएगा। जिससे वहां व्यापार करने वाले व्यक्तियों को किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो सके व अपना व्यापार को आगे भी बढ़ाए इस आर्केड को बनाने के लिये एक वर्ष का समय लगेगा।

12वीं की छात्रा का शव कमरे में मिला

- दुपट्टे को लेकर बड़ी बहन से हुआ था विवाद

यूथ इंडिया, कानपुर



महाराजपुर थाना क्षेत्र के सरसौल में 17 वर्षीय इंटरमीडिएट की छात्रा का शव विद्युत विभाग की पोल फैक्ट्री के एक कमरे में फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। छात्रा की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के मुताबिक, घटना से पहले छात्रा का अपनी बड़ी बहन से दुपट्टे को लेकर विवाद हुआ था। दोनों बहनों के बीच कहासुनी हुई थी। इसके कुछ समय बाद छात्रा का शव फैक्ट्री परिसर में बने कमरे में मिला।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल की भी बारीकी से जांच की गई।

पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। फिलहाल छात्रा की मौत के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर घटना से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है।

विवाहिता का शव फंदे पर मिला, 7 महीने पहले की थी दूसरी शादी

यूथ इंडिया, कानपुर



रेउना क्षेत्र में 32 वर्षीय विवाहिता पूनम तिवारी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फंदे पर लटका मिला। पूनम की शादी करीब सात महीने पहले दूसरी बार हुई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

जानकारी के मुताबिक, पूनम का फोन रिसीव नहीं होने पर मायके वाले उसकी ससुराल पहुंचे। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों ने दीवार तोड़कर घर के अंदर प्रवेश किया। वहां पूनम का शव फंदे पर लटका मिला।

मायके वालों का आरोप है कि पूनम का पति उसकी बेटी को लेकर अक्सर विवाद करता था और उसके साथ मारपीट भी करता था। इसी वजह से घर में आए दिन तनाव रहता था। परिजनों ने मामले में पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस परिजनों के आरोपों और विवाहिता की मौत से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

कानपुर कैंट बोर्ड कार्यालय में सीबीआई का छापा

कानपुर। कैंट बोर्ड कार्यालय में गुरुवार शाम सीबीआई की टीम ने छापा मारकर कार्रवाई की। टीम ने वर्ष 2016 में सफाई कर्मचारी रहे रूपलाल की शिकायत पर जांच शुरू की। इस दौरान कार्यालय में मौजूद महिला क्लर्क और एक प्राइवेट कर्मचारी से पूछताछ की गई।

शिकायत में 5 हजार रुपये की रिश्वत मांगने और लेने का आरोप लगाया गया था। इसी मामले में सीबीआई की टीम ने कैंट बोर्ड कार्यालय पहुंचकर संबंधित कर्मचारियों से पूछताछ की और दस्तावेजों की जांच की।

पूछताछ के बाद सीबीआई ने महिला क्लर्क और एक प्राइवेट कर्मचारी को हिरासत में लिया। टीम दोनों से मामले से जुड़े तथ्यों और रिश्वत के आरोपों को लेकर जानकारी जुटा रही है।

सीबीआई की इस कार्रवाई से कैंट बोर्ड कार्यालय में हड़कंप मच गया। फिलहाल मामले में आगे की जांच जारी है।

धूमधाम से मनाया गया बाबा श्याम का पांचवां जन्मोत्सव

- ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर झूमते नजर आए श्रद्धालु, नगर के विभिन्न वार्डों में हुआ निशान यात्रा का भ्रमण

यूथ इंडिया, सिकंदरपुर, कन्नौज



नगर पंचायत सिकंदरपुर में बाबा श्याम का पांचवां जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 1100 निशानों के साथ भव्य यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ नगर पंचायत के नेहरू नगर मोहल्ले में स्थित माता वैष्णो देवी धाम से हुआ। पूर्व चेयरमैन रजनीकांत दुबे ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर निशान यात्रा का शुभारंभ किया।

बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर निकली इस भव्य निशान यात्रा में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। 1100 निशानों से सजी यात्रा नगर के विभिन्न वार्डों और प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान श्रद्धालु हाथों में बाबा श्याम के निशान लेकर भक्ति में सराबोर नजर आए। ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते हुए बाबा श्याम के जयकारे लगाते रहे।

पूरे नगर में भक्तिमय माहौल बना रहा।इस आयोजन में सिकंदरपुर नगर के अलावा आसपास के कई गांवों से भी बड़ी संख्या में बाबा श्याम के भक्त शामिल हुए। श्रद्धालुओं में निशान यात्रा को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। जगह-जगह भक्तों की भीड़ और बाबा श्याम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।निशान यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ मयंक मिश्रा, कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे, सिकंदरपुर चौकी प्रभारी गजेंद्र पाल सिंह तथा विशुनगढ़ थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी तैनात रही।आयोजन को सफल बनाने में बाबा श्याम की टीम के आकाश सक्सेना, शेखर, अमित कश्यप, अवनीश कश्यप, राजन सक्सेना, सौरभ, हिमांशु, शिवम सैनी, राज कठेरिया, अवनीश सैनी और कृष्ण सैनी सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा।

अंगद ने लंका में रावण के सामने रखी चुनौती, दर्शकों ने बजाई तालियां

यूथ इंडिया, तालग्राम



तालग्राम स्थित सब्जी मंडी में आयोजित रात्रिकालीन आदर्श रामलीला में गुरुवार रात अंगद-रावण संवाद की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

लीला में भगवान श्रीराम के दूत बनकर अंगद लंका पहुंचे और रावण के दरबार में प्रभु श्रीराम का संदेश सुनाया। अंगद ने रावण को माता सीता को सम्मानपूर्वक वापस लौटाने तथा प्रभु श्रीराम से क्षमा मांगने की सलाह दी। रावण के अहंकार और अभिमान को देखकर अंगद ने दरबार में अपना पैर जमा दिया और चुनौती दी कि यदि कोई वीर उनका पैर हिला दे तो श्रीराम की सेना वापस लौट जाएगी।

लंका के दरबार में मौजूद योद्धाओं ने अंगद का पैर उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई सफल नहीं हो सका। इस दृश्य पर रामलीला मैदान तालियों और जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। कलाकारों के शानदार संवाद और अभिनय ने दर्शकों को देर रात तक रामलीला देखने के लिए बांधे रखा।

स्वास्थ्य योजनाओं की सुस्ती पर डीएम सख्त

- 22 नवंबर से चलेगा पोलियो अभियान, फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 112 टीमें तैनात
- एक सप्ताह में टीबी किट वितरण 90 फीसदी करने का लक्ष्य

यूथ इंडिया, कन्नौज



स्वास्थ्य योजनाओं की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने अधिकारियों को कड़ी हिदायत दी है। कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में उन्होंने टीबी मरीजों को किट वितरण एक सप्ताह में 90 फीसदी से अधिक करने और जननी सुरक्षा योजना के लंबित भुगतान तत्काल निपटाने के निर्देश दिए।

जलालाबाद ब्लॉक में सात दिसंबर तक चल रहे फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के लिए 112 टीमें और 22 सुपरवाइजर लगाए गए हैं। डीएम ने पात्र लोगों को दवा खिलाने और व्यापक जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। गर्भवती महिलाओं, गंभीर बीमारों और एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों को दवा नहीं दी जाएगी।

उन्होंने 22 नवंबर से शुरू होने वाले पोलियो अभियान में सभी पात्र बच्चों को खुराक पिलाने के निर्देश दिए। साथ ही 108 की 24 और 102 की 23 एंबुलेंस को सक्रिय रखने तथा जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

कार्तिक पूर्णिमा मेले में 23 और 24 नवंबर को मेहंदीघाट पर आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। बैठक में सीएमओ डॉ. विकास चंद्रा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

नेहा त्रिपाठी नहीं, नेहा त्रिवेदी बनीं थी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, भाजपा ने सुधारी नाम की चूक

कन्नौज। भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की महिला मोर्चा कार्यसमिति की घोषित सूची में नाम संबंधी त्रुटि को सुधार लिया गया है। सूची में नेहा त्रिवेदी के स्थान पर गलती से नेहा त्रिपाठी नाम अंकित हो गया था। संगठन ने संशोधित सूची जारी कर स्पष्ट किया है कि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी नेहा त्रिवेदी को ही सौंपी गई है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अभिषेक पाण्डेय ने बताया कि इस सुधार से पद या दायित्व में कोई बदलाव नहीं हुआ है, केवल नाम की त्रुटि ठीक की गई है। उन्होंने पत्रकारों और संबंधित लोगों से संशोधित नाम नेहा त्रिवेदी को ही मान्य करने की अपील की है।

आदर्श रामलीला तालग्राम में पहुंचे नगर अध्यक्ष मोहसिन खान जानू, फीता काटकर मेले का किया शुभारंभ

यूथ इंडिया, तालग्राम



नगर में आयोजित रात्रिकालीन आदर्श रामलीला एवं मेले में नगर अध्यक्ष मोहसिन खान जानू अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। उनके साथ शिवनाथ सिंह यादव सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम में सम्मानपूर्वक शामिल कराया।

आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व नगर अध्यक्ष दिनेश सिंह यादव के नेतृत्व में अमन वाल्मीकि, अनु यादव, राज सोनी, बृजेश दीक्षित सहित रामलीला कमेटी के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नगर अध्यक्ष मोहसिन खान जानू ने रामलीला परिसर में फीता काटकर मेले का विधिवत शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने भगवान श्रीराम की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्र में सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

इस दौरान रामलीला कमेटी के सदस्यों ने नगर अध्यक्ष मोहसिन खान जानू एवं शिवनाथ सिंह यादव को माला पहनाकर तथा पटुका भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक वातावरण देखने को मिला। रामलीला मैदान में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों ने अतिथियों का स्वागत किया।

चौरा चांदपुर मे आलू के खेत मे निकली विशाल नन्दी बाबा की मूर्ति

- मूर्ति को विश्व हिन्दू परिषद के नेता ने मंदिर में रखाया
- भक्तों ने शुरू की नन्दी बाबा की पूजा

यूथ इंडिया, कन्नौज



कन्नौज पुरानी राजधानी के साथ मंदिरो का शहर कहा जाता है। सैकडो साल बीत जाने के बाद भी आज भी खेत खालिहानो मे खुदाई मे प्राचीन मूर्ति निकल आती है।

आज सदर कोतवाली के चौरा चांदपुर मे मुसर्रत उर्फ शंभू खान के खेत मे आलू की बुआई के समय जुताई के दौरान खेत मे विशाल नन्दी की मूर्ति निकल आई।

मूर्ति निकलने की जाकारी होते ही ग्रामीणों की भीड एकत्र हो गई और श्रद्धालु नन्दी बाबा की पूजा करने लगे।भीड को ध्यान मे रखते हुए तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

जानकारी मिली है ग्राम चौरा चांदपुर मे आलू की बुआई के दौरान जब खेत मे जुताई का कार्य चल रहा था तभी अचानक नन्दी बाबा की विशाल मूर्ति नजर आई। मूर्ति निकलने की जानकारी होते ही ग्रामीणो की भीड़ एकत्र हो गई।

मूर्ति निकलने की जानकारी मिलते ही विहिप के जिला संयोजक पंकज कुमार एवं सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीण मुसर्रत ने बताया कि उसने मूर्ति निकलने की जानकारी क्षेत्रीय लेखपाल को दी।

विहिपि जिला संयोजक पंकज कुमार ने ग्रामीणो की मदद से मूर्ति को पड़ोस के मंदिर मे रखा दिया है जहां श्रद्धालु नन्दी बाबा का पूजन अर्चन कर रहे है।

योग की पाठशाला में 190 छात्राओं ने सीखे सेहत के सूत्र

- गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज में लगा योग शिविर

यूथ इंडिया, कन्नौज



शहर के मकरंद नगर स्थित श्रीमती गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज में शुक्रवार को आयोजित योग शिविर में 190 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

योग प्रशिक्षकों ने छात्राओं को विभिन्न आसन और प्राणायाम कराकर स्वस्थ एवं तनावमुक्त जीवन के लिए नियमित योगाभ्यास का महत्व समझाया।

आयोजित योग शिविर में योग वेलनेस सेंटर फतेहपुर जसोदा के प्रशिक्षक शिव प्रताप और गुरसहायगंज की प्रशिक्षक आकांक्षा सिंह सेंगर ने छात्राओं को योगाभ्यास कराया।

डॉ. विजय कुमार यादव ने स्वस्थ जीवन के लिए योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने की अपील की।

प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित योग से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक एकाग्रता और सकारात्मकता भी बढ़ती है।

इस मौके पर प्रधानाचार्य दिव्या शर्मा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

डीएम ने ईवीएम पर डाला वोट, एसपी सहित अधिकारियों ने किया मतदान का डेमो

- कलेक्ट्रेट में जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ
- आम लोगों को समझाई गई मतदान प्रक्रिया

यूथ इंडिया, कन्नौज



शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में ईवीएम के प्रति जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और स्वयं ईवीएम पर डेमो मतदान कर प्रक्रिया को समझा।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सहित अन्य अधिकारियों और मौजूद नागरिकों ने भी ईवीएम पर बटन दबाकर मतदान का अभ्यास किया।

अधिकारियों ने लोगों को मशीन की कार्यप्रणाली और मतदान के विभिन्न चरणों की जानकारी दी। कार्यक्रम के जरिए ईवीएम को लेकर लोगों की शंकाओं का समाधान करने और निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति विश्वास बढ़ाने का प्रयास किया गया।

डीएम ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मत की अहम भूमिका है। इसलिए नागरिकों को मतदान प्रक्रिया की जानकारी रखने के साथ निर्वाचन में सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित करनी चाहिए। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और आम नागरिक मौजूद रहे।

वैदिक मंत्रों से गूंजा आनंदेश्वर धाम, 63 बटुकों ने धारण किया जनेऊ

- 21 कुंडीय यज्ञ, श्रीमद्भागवत कथा के बीच संपन्न हुआ उपनयन संस्कार

यूथ इंडिया, कन्नौज।



मानीमऊ के ऋषि नगर स्थित आनंदेश्वर धाम आश्रम में वैदिक परंपरा और सनातन संस्कृति की अनुपम छटा देखने को मिली। हवन की आहुतियों और मंत्रोच्चार के बीच 63 बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रों से गूंजते आश्रम परिसर में श्रद्धालु भक्ति और आस्था में सराबोर नजर आए।

जूना अखाड़ा नंबर-1 के महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 कौशलानंदगिरी महाराज ने बताया कि आश्रम में प्रतिवर्ष होने वाले धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला में 21 कुंडीय यज्ञ, श्रीमद्भागवत कथा और सामूहिक उपनयन संस्कार आयोजित किए गए। पहले चरण में 16 और दूसरे चरण में 47 बटुकों ने विधि-विधान से जनेऊ धारण किया।

आचार्यों ने पूजा-अर्चना और हवन के साथ वैदिक रीति से संस्कार संपन्न कराया। महाराज ने कहा कि उपनयन संस्कार नई पीढ़ी को शिक्षा, अनुशासन और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने का माध्यम है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं के प्रति संस्कार विकसित होते हैं।

आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

एक स्वर, एक संविधान अभियान के तहत बनेगा सामूहिक वाचन का कीर्तिमान

- संविधान दिवस पर एक साथ गूंजेगी संविधान की प्रस्तावना

यूथ इंडिया, कन्नौज

संविधान दिवस पर 26 नवंबर को जिले भर में एक साथ संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया जाएगा। 'एक स्वर, एक संविधान' कार्यक्रम के तहत न्यायालय परिसर से लेकर विद्यालयों तक छात्र-छात्राएं संवैधानिक मूल्यों और आदर्शों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराएंगे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक विद्यार्थियों को एक ही समय पर संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराकर उनमें लोकतांत्रिक मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

कार्यक्रम की तैयारियों के तहत 20 से 25 नवंबर तक जिले के सभी विद्यालयों की प्रातःकालीन सभाओं में विशेष पूर्वाभ्यास कराया जा रहा है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला प्रशासन, पुलिस और शिक्षा विभाग आपसी समन्वय से अभियान को सफल बनाने में जुटे हैं।

इस पहल के जरिए नई पीढ़ी को संविधान की भावना, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने से लेकर संशोधन तक, आज से दो दिन चलेगा अभियान

कन्नौज। मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर 21 और 22 नवंबर को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान बीएलओ और राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट मौजूद रहेंगे। पदाभिहित अधिकारी सुबह 10 से शाम चार बजे तक मतदाताओं के दावे और आपत्तियां प्राप्त करेंगे।

जिला प्रशासन के अनुसार एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा प्रपत्र-6 भरकर मतदाता सूची में नाम दर्ज करा सकते हैं। सूची में दर्ज नाम पर आपत्ति के लिए प्रपत्र-7 तथा नाम, पता या ईपिक में संशोधन के लिए प्रपत्र-8 जमा किया जा सकेगा।

प्रशासन ने सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मतदाता निर्वाचन आयोग की वेबसाइट voters.eci.gov.in और ECINET ऐप के जरिए भी आवेदन कर सकते हैं। अभियान की निगरानी के लिए संबंधित अधिकारी क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे।

ओवर स्पीडिंग और बिना फिटनेस वाले वाहनों पर कसेगा शिकंजा

- डीएम ने संयुक्त अभियान चलाकर वाहनों को सीज करने के दिए निर्देश

यूथ इंडिया, कन्नौज



सड़कों पर तेज रफ्तार और बिना फिटनेस दौड़ रहे वाहनों के खिलाफ प्रशासन सख्त रुख अपनाने की तैयारी में है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने परिवहन विभाग और यातायात पुलिस को संयुक्त अभियान चलाकर ऐसे वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक में डीएम ने कहा कि ओवर स्पीडिंग पर कार्रवाई का असर सड़कों पर दिखना चाहिए।

डीएम ने कहा कि यातायात माह में पुलिस की सक्रियता की तरह परिवहन विभाग भी पूरी तत्परता से जिम्मेदारी निभाए। बिना फिटनेस संचालित वाहनों को सीज कराने के साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती बरती जाए।

बैठक में बताया गया कि जिले में बीते एक वर्ष में 20,477 वाहनों का पंजीकरण और 26,067 ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए गए हैं। चालकों को प्रशिक्षित करने के लिए दो प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

डीएम ने बताया कि निजी एवं व्यावसायिक इलेक्ट्रिक वाहनों के पंजीयन शुल्क और कर में शत-प्रतिशत छूट दी जा रही है। दोपहिया वाहनों पर पांच हजार और चार पहिया वाहनों पर एक लाख रुपये तक अनुदान का प्रावधान है। उन्होंने लोगों से इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल की अपील की।

बैठक में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

कार्तिक पूर्णिमा मेले में सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम, महादेवी

- घाट पर 12 मोटर बोट, 20 गोताखोर व फ्लड पीएसी होगी तैनात

यूथ इंडिया, कन्नौज



कार्तिक पूर्णिमा पर मेहंदीघाट, जलेसर और चियासर में लगने वाले मेले को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मेहंदीघाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 12 मोटर बोट, 20 गोताखोर और फ्लड पीएसी की एक प्लाटून तैनात की जाएगी।

कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने घाटों पर बैरिकेडिंग, सुरक्षा जाल, वॉच टावर, चेंजिंग रूम और कंट्रोल रूम बनाने के साथ पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था कराने को कहा। हरदोई तिराहे से मेहंदीघाट तक रोशनी के विशेष इंतजाम होंगे।

मेले में एंबुलेंस, चिकित्सा सुविधाओं और सफाई व्यवस्था के लिए कर्मचारियों की आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में ड्यूटी लगाई जाएगी। आपदा मित्र और सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक भी तैनात रहेंगे।

डीएम ने अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

बैठक में एसपी विनोद कुमार, एडीएम रतन, सीएमओ डॉ. विकास चन्द्रा, एएसपी अजय कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

सम्पादकीय

पेंशन का हक और कर्मचारियों के साथ न्याय



शरद कटियार
सम्पादक/संस्थापक
यूथ इण्डिया
youthindianews@gmail.com

सरकारी नौकरी में पेंशन केवल सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि यह कर्मचारी के वर्षों के परिश्रम, समर्पण और सेवा का सम्मान भी है। कोई कर्मचारी अपने जीवन का लंबा समय सरकारी व्यवस्था को मजबूत बनाने में लगा देता है। ऐसे में उसकी सेवा की शुरुआत किस रूप में हुई थी, क्या वह नियमित कर्मचारी था या दैनिक वेतनभोगी, इन आधारों पर उसके पेंशन संबंधी अधिकारों को सीमित करना न्याय के मूल सिद्धांतों पर सवाल खड़ा करता है। उत्तर प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के पेंशन मामले में सुप्रीम कोर्ट का हालिया फैसला इसी महत्वपूर्ण सवाल का जवाब देता है। अदालत ने राज्य सरकार के दो कानूनों को असंवैधानिक घोषित कर स्पष्ट संदेश दिया है कि कर्मचारियों के साथ न्याय करते समय उनकी वास्तविक सेवा और योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने यूपी क्वालिफाइंग सर्विस फॉर पेंशन एंड वैलिडेशन एक्ट, 2021 और यूपी एंटाइटलमेंट टू पेंशन एंड वैलिडेशन एक्ट, 2025 को संविधान के खिलाफ करार दिया। इन कानूनों के तहत अस्थायी, दैनिक वेतनभोगी और वर्कचार्ज कर्मचारियों की नियमित होने से पहले की सेवा को पेंशन की गणना से बाहर रखा जा रहा था। अदालत का यह फैसला उन कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण है, जिन्होंने वर्षों तक विभिन्न विभागों में काम किया और बाद में उनकी सेवाएं नियमित कर दी गईं। 18 नवंबर को सुनाए गए 89 पन्नों के फैसले में अदालत ने यह स्पष्ट किया कि केवल नियुक्ति की शुरुआती प्रकृति के आधार पर कर्मचारी की पिछली सेवा को पेंशन के अधिकार से अलग नहीं किया जा सकता।

दरअसल, सरकारी विभागों में बड़ी संख्या में ऐसे कर्मचारी रहे हैं, जिन्होंने अपनी नौकरी की शुरुआत अस्थायी या दैनिक वेतन के आधार पर की थी। कई कर्मचारियों ने नियमित होने से पहले ही वर्षों तक विभागीय जिम्मेदारियां निभाईं। उन्होंने भी उसी व्यवस्था के तहत काम किया, जिसके संचालन में नियमित कर्मचारियों की भूमिका होती है। इसके बावजूद पेंशन की गणना के समय उनकी शुरुआती सेवा को मान्यता नहीं मिलना उनके लिए आर्थिक और मानसिक परेशानी का कारण बना। सवाल यह है कि जब सरकार किसी कर्मचारी की सेवाएं नियमित कर लेती है और उससे लगातार काम लेती है, तो उसकी शुरुआती सेवा को पूरी तरह नकारने का औचित्य क्या है? किसी कर्मचारी की नियुक्ति का प्रारंभिक स्वरूप उसकी वर्षों की मेहनत और विभाग को दिए गए योगदान को समाप्त नहीं कर सकता।

प्रधान संपादक

क्वाडः सहयोग का मंच या शक्ति-संतुलन की नई धुरी?



डॉ. प्रियंका सौरभ

हिंद-प्रशांत क्षेत्र आज विश्व राजनीति का ऐसा केंद्र बन चुका है, जहाँ समुद्री सुरक्षा, व्यापारिक हित, सामरिक प्रतिस्पर्धा और वैश्विक शक्ति-संतुलन एक-दूसरे से जुड़े हैं। चीन की बढ़ती सैन्य सक्रियता, समुद्री विवाद, व्यापारिक निर्भरता और महत्त्वपूर्ण तकनीकों पर नियंत्रण की होड़ ने इस क्षेत्र को रणनीतिक दृष्टि से संवेदनशील बना दिया है। ऐसे समय में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया का चतुर्पक्षीय सहयोग समूह 'क्वाड' भारत की हिंद-प्रशांत रणनीति का महत्त्वपूर्ण आधार बनकर उभरा है। इसका महत्त्व केवल चार देशों के आपसी सहयोग तक सीमित नहीं, बल्कि एक ऐसी क्षेत्रीय व्यवस्था के निर्माण से जुड़ा है, जिसमें स्वतंत्रता, नियमों का सम्मान, आर्थिक सुरक्षा और सामूहिक विकास को प्राथमिकता मिले।

भारत की हिंद-प्रशांत नीति का उद्देश्य किसी सैन्य गुट का हिस्सा बनकर शक्ति प्रदर्शन करना नहीं, बल्कि क्षेत्र में संतुलन, स्थिरता और सहयोग बनाए रखना है। क्वाड भारत को अपनी समुद्री, आर्थिक और तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करने का अवसर देता है। हिंद महासागर भारत की आर्थिक जीवनरेखा है। देश का व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय संपर्क समुद्री मार्गों पर निर्भर हैं। मलक्का जलडमरूमध्य, होर्मुज जलडमरूमध्य और हिंद महासागर के प्रमुख व्यापारिक मार्गों की सुरक्षा भारत के आर्थिक हितों से सीधे जुड़ी है। इन क्षेत्रों में किसी भी तनाव, अवरोध या समुद्री असुरक्षा का प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। क्वाड के माध्यम से समुद्री निगरानी, सूचनाओं के आदान-प्रदान, समुद्री डकैती की रोकथाम और सुरक्षित नौवहन में सहयोग बढ़ाया जा सकता है।

क्वाड का दूसरा महत्त्वपूर्ण पक्ष क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन है। दक्षिण चीन सागर में विवाद, समुद्री सीमाओं को लेकर तनाव और एकतरफा गतिविधियाँ छोटे देशों की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को बढ़ाती हैं। भारत ऐसी व्यवस्था का समर्थक है, जिसमें सभी देशों को अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार अपने अधिकारों का उपयोग करने की स्वतंत्रता मिले। क्वाड इस दृष्टिकोण को सामूहिक स्वर प्रदान करता है। इसके माध्यम से भारत क्षेत्रीय शांति, समुद्री स्वतंत्रता और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान की वकालत कर सकता है। यह चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच संतुलन बनाए रखने का अवसर भी है, लेकिन भारत की नीति टकराव के बजाय संयम और कूटनीति पर आधारित रहनी चाहिए।

आर्थिक सुरक्षा के क्षेत्र में भी क्वाड की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। वैश्विक संकटों, युद्धों और महामारी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कुछ सीमित देशों पर अत्यधिक निर्भर आपूर्ति व्यवस्था अर्थव्यवस्था को कमजोर कर सकती है। औषधियों, अर्धचालकों, दुर्लभ खनिजों, ऊर्जा और तकनीकी उपकरणों की आपूर्ति में विविधता लाना अब आर्थिक विवशता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकता बन गया है। क्वाड के सहयोग से भारत को निवेश, विनिर्माण, नई तकनीकों और वैश्विक व्यापार में अपनी भूमिका बढ़ाने का अवसर मिल सकता है। इससे भारत को केवल बाजार के रूप में नहीं, बल्कि उत्पादन और नवाचार के विश्वसनीय केंद्र के रूप में विकसित होने में सहायता मिलेगी।

तकनीकी सहयोग क्वाड की भविष्यगत शक्ति का प्रमुख आधार है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा, दूरसंचार, स्वच्छ ऊर्जा और डिजिटल ढाँचे जैसे क्षेत्रों में साझा प्रयास भारत की क्षमता को बढ़ा सकते हैं। आज साइबर हमले, संचार व्यवस्था में व्यवधान और समुद्र के भीतर बिछी संचार केबलों की सुरक्षा भी राष्ट्रीय सुरक्षा का हिस्सा हैं। यदि भारत इन क्षेत्रों में सहयोग के साथ अपनी अनुसंधान क्षमता, तकनीकी आत्मनिर्भरता और घरेलू उद्योग को विकसित करता है, तो यह साझेदारी उसके दीर्घकालीन हितों के लिए लाभकारी होगी।

क्वाड का मानवीय पक्ष भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं है। वर्ष 2004 की हिंद महासागर सुनामी के बाद आपदा राहत और मानवीय सहायता के क्षेत्र में सहयोग की भावना ने इस समूह की प्रारंभिक पृष्ठभूमि तैयार की थी। आज जलवायु परिवर्तन, चक्रवात, समुद्री दुर्घटनाएँ, महामारी और प्राकृतिक आपदाएँ पूरे क्षेत्र के सामने साझा चुनौतियाँ हैं। राहत सामग्री, चिकित्सा सहायता, बचाव अभियान और आपदा के समय त्वरित समन्वय में क्वाड देशों का सहयोग अनेक जीवन बचा सकता है। भारत अपनी भौगोलिक स्थिति, अनुभव और मानवीय सहायता क्षमता के कारण इस क्षेत्र में प्रभावी भूमिका निभा सकता है। साथ ही, क्वाड भारत की पूर्व की ओर देखो नीति को मजबूती देकर आसियान देशों के साथ संबंधों को गहरा करने में सहायक है।

फिर भी क्वाड की राह आसान नहीं है। चारों देशों के राष्ट्रीय हित और रणनीतिक प्राथमिकताएँ हमेशा एक जैसी नहीं होतीं। भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति और सामरिक स्वायत्तता को सर्वोच्च महत्त्व देता है। वह किसी एक शक्ति के प्रभाव में अपनी निर्णय क्षमता सीमित नहीं करना चाहता। दूसरी ओर, चीन के प्रति सदस्य देशों के दृष्टिकोण में भी अंतर है। चीन के साथ आर्थिक संबंध, क्षेत्रीय व्यापार और कूटनीतिक आवश्यकताएँ कई देशों को संतुलित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं। यही कारण है कि क्वाड के भीतर साझा सहमति बनाना और उसे प्रभावी कार्रवाई में बदलना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

एक अन्य चुनौती यह है कि क्वाड कोई औपचारिक सैन्य गठबंधन नहीं है। इसके निर्णय बाध्यकारी नहीं हैं और सहयोग के लिए स्पष्ट कार्यान्वयन व्यवस्था सीमित है। यदि बैठकें, घोषणाएँ और साझा वक्तव्य ठोस परिणामों में नहीं बदलते, तो इसकी विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है। इसके अतिरिक्त, चीन की विरोधात्मक प्रतिक्रिया और क्षेत्रीय देशों की संवेदनशीलताएँ क्वाड के विस्तार तथा प्रभाव को सीमित कर सकती हैं। इसलिए भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि क्वाड किसी टकरावकारी समूह की छवि न बनाए, बल्कि क्षेत्रीय देशों के विकास, सुरक्षा और स्वतंत्र निर्णय क्षमता का सम्मान करे।

भारत के लिए आगे का रास्ता स्पष्ट है। क्वाड को समुद्री सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, तकनीकी सहयोग, आर्थिक साझेदारी और आपूर्ति व्यवस्था की मजबूती जैसे व्यावहारिक क्षेत्रों में परिणाम देने चाहिए। आसियान की केंद्रीय भूमिका का सम्मान करते हुए छोटे और विकासशील देशों की आवश्यकताओं को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सहयोग का मूल्य केवल शक्ति के प्रदर्शन से नहीं, बल्कि क्षेत्रीय देशों के जीवन में आने वाले सकारात्मक बदलाव से तय होना चाहिए।

क्वाड भारत के लिए अवसर भी है और कूटनीतिक परीक्षा भी। भारत को अपनी समुद्री शक्ति, आर्थिक क्षमता और तकनीकी विकास को मजबूत करते हुए स्वतंत्र विदेश नीति बनाए रखनी होगी। उसकी वास्तविक सफलता किसी गुट के साथ खड़े होने में नहीं, बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए क्षेत्रीय शांति और संतुलन स्थापित करने में है।

प्रस्तुतिः यूथ इंडिया न्यूज ग्रुप

धार्मिक आस्था, परंपरा और मांगलिक जीवन का प्रतीकः तुलसी विवाह

सुनील कुमार वाजपेयी शिवम



भारतीय संस्कृति में तुलसी का पौधा केवल एक वनस्पति नहीं, बल्कि श्रद्धा, पवित्रता, स्वास्थ्य और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। सनातन धर्म में तुलसी को माता लक्ष्मी का स्वरूप तथा भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय माना गया है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी अथवा द्वादशी तिथि को तुलसी विवाह का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन तुलसी माता का विवाह भगवान विष्णु के शालिग्राम स्वरूप के साथ कराया जाता है। इसे देवउठनी एकादशी या प्रबोधिनी एकादशी के बाद विवाह एवं अन्य मांगलिक कार्यों के आरंभ का प्रतीक भी माना जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार तुलसी का पूर्वजन्म वृंदा के रूप में हुआ था। वृंदा भगवान विष्णु की परम भक्त थीं और उनके पति जलंधर थे। वृंदा के पतिव्रत धर्म के प्रभाव से जलंधर अत्यंत शक्तिशाली हो गया था।

देवताओं के कल्याण के लिए भगवान विष्णु ने लीला रची। बाद में वृंदा को जब इस घटना का पता चला तो उन्होंने भगवान विष्णु को शिला बनने का श्राप दिया। भगवान विष्णु ने उनके समर्पण और भक्ति से प्रसन्न होकर उन्हें तुलसी के रूप में पूजित होने का वरदान दिया। इसी मान्यता के आधार पर तुलसी और शालिग्राम का विवाह कराया जाता है। तुलसी विवाह से घर में सुख-समृद्धि, शांति और वैवाहिक जीवन में खुशहाली आने की धार्मिक मान्यता है। यह पर्व प्रकृति के प्रति सम्मान और परिवार में संस्कारों को जीवित रखने का संदेश भी देता है। वर्ष 2026 में तुलसी विवाह का मुख्य पर्व 21 नवंबर, शनिवार को मनाया जाएगा। हालांकि कुछ स्थानों पर देवउठनी एकादशी यानी 20 नवंबर की संध्या को भी तुलसी विवाह की परंपरा है।

पंचांग के अनुसार द्वादशी तिथि का विवरण इस प्रकार है ; द्वादशी तिथि प्रारंभः 21 नवंबर, सुबह 6:31 बजे।, द्वादशी तिथि समाप्तः 22 नवंबर, सुबह 4:56 बजे।, प्रदोष काल मुहूर्तः शाम 5:25 से 7:49 बजे तक।, गोधूलि मुहूतः शाम 5:25 से 5:52 बजे तक।

धार्मिक मान्यता के अनुसार प्रदोष काल में तुलसी विवाह संपन्न कराना शुभ माना जाता है। ये समय दिल्ली के पंचांग पर आधारित हैं। स्थानीय सूर्योदय और पंचांग के अनुसार कुछ अंतर संभव है। तुलसी विवाह के लिए निम्नलिखित सामग्री एकत्रित करनी चाहिए । तुलसी का पौधा और भगवान शालिग्राम की प्रतिमा। लाल अथवा पीला वस्त्र, चुनरी और साड़ी। रोली, चंदन, हल्दी, अक्षत और सिंदूर। फूल, माला, पान, सुपारी और नारियल। धूप, दीपक, कपूर और घी। फल, मिठाई, पंचामृत और ऋतुफल (सिंघाडा)। गन्ना, आंवला और बेर। कलश, आम के पत्ते और पूजा की थाली।विवाह मंडप सजाने के लिए फूल, रंगोली और दीपमाला।

कन्यादान एवं विवाह की प्रतीकात्मक रस्मों के लिए आवश्यक सामग्री। तुलसी विवाह की पूजन विधि। पहला चरण , तैयारी एवं सजावट। विवाह के दिन घर के आंगन में तुलसी चौरे की साफ-सफाई करें। तुलसी के पौधे को जल अर्पित करके सुंदर रंगोली बनाएं। तुलसी माता को लाल चुनरी अथवा साड़ी पहनाएं और आभूषणों से सजाएं। पौधे के चारों ओर गन्ने से विवाह मंडप बनाया जा सकता है। द्वितीय चरण , भगवान विष्णु एवं शालिग्राम पूजन। भगवान शालिग्राम को स्वच्छ आसन पर स्थापित करें। उन्हें चंदन, अक्षत, पुष्प और तुलसी दल अर्पित करें। धूप-दीप जलाकर भगवान विष्णु का स्मरण करें। इसके बाद तुलसी माता की पूजा-अर्चना करें।

प्रस्तुतिः यूथ इंडिया न्यूज ग्रुप

दर्शनः जीवन को समझने और समाज को दिशा देने की दृष्टि

सुरेश सिंह बैस शाश्वत

मनुष्य केवल जीना ही नहीं चाहता, वह यह भी जानना चाहता है कि जीवन का उद्देश्य क्या है, सत्य क्या है, न्याय किसे कहते हैं और सही-गलत का निर्णय किन आधारों पर किया जाना चाहिए। ऐसे ही प्रश्नों से दर्शन का जन्म होता है। दर्शन केवल पुस्तकों में दर्ज जटिल सिद्धांतों का विषय नहीं, बल्कि जीवन को समझने, विचारों को परखने और अपने आचरण को बेहतर बनाने की सतत प्रक्रिया है। आज विज्ञान और तकनीक ने मनुष्य को अभूतपूर्व सुविधाएं दी हैं। सूचना का संसार हमारी मुट्ठी में है, लेकिन इसके साथ भ्रम, असहिष्णुता, स्वार्थ और नैतिक दुविधाओं की चुनौतियां भी बढ़ी हैं। ऐसे समय में दर्शन हमें ठहरकर सोचने, तथ्यों को परखने और अपने निर्णयों के परिणामों को समझने की प्रेरणा देता है।

यूनेस्को ने वर्ष 2002 में विश्व दर्शन दिवस मनाने की शुरुआत की थी। वर्ष 2005 में इसके महासम्मेलन ने नवंबर के तीसरे गुरुवार को विश्व दर्शन दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। वर्ष 2026 में यह दिवस 19 नवंबर को है। इस दिवस का उद्देश्य दार्शनिक चिंतन के महत्व को रेखांकित करना, स्वतंत्र विचार को प्रोत्साहित करना और समाज में तर्कपूर्ण संवाद तथा शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की भावना को मजबूत करना है। दर्शन हमें यह समझने का अवसर देता है कि किसी विषय पर हमारी मान्यता क्यों है, उसके पीछे कौन-से प्रमाण हैं और दूसरे व्यक्ति का दृष्टिकोण हमसे अलग क्यों हो सकता है। दर्शन का वास्तविक महत्व तभी है, जब वह जीवन और समाज से जुड़ता है। यदि विचार केवल चर्चा तक सीमित रह जाएं और हमारे व्यवहार में न्याय, संवेदना तथा ईमानदारी न दिखाई दें, तो चिंतन की सार्थकता अधूरी रह जाती है।

भारत की दार्शनिक परंपरा अत्यंत समृद्ध और विविधतापूर्ण रही है। उपनिषदों में आत्मा, ज्ञान और अस्तित्व से जुड़े प्रश्न उठाए गए। गौतम बुद्ध ने करुणा, मध्यम मार्ग और दुःख से मुक्ति पर बल दिया। महावीर के विचारों में अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांतवाद का विशेष महत्व है। अनेकांतवाद यह सिखाता है कि किसी विषय के विभिन्न पक्ष हो सकते हैं और सत्य को समझने के लिए दृष्टिकोण की व्यापकता आवश्यक है।चार्वाक जैसे भौतिकवादी विचारकों ने भी भारतीय चिंतन परंपरा में प्रश्न, अनुभव और प्रत्यक्ष प्रमाण की भूमिका को सामने रखा। वहीं आधुनिक काल में स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन और डॉ. भीमराव आंबेडकर जैसे विचारकों ने मनुष्य, समाज, नैतिकता, स्वतंत्रता और समानता से जुड़े प्रश्नों पर महत्वपूर्ण चिंतन प्रस्तुत किया। इन विचारधाराओं में पर्याप्त अंतर है, लेकिन इनके अध्ययन से एक महत्वपूर्ण सीख मिलती है, विचारों की विविधता से भयभीत होने के बजाय उनका अध्ययन करना और विवेक के आधार पर निष्कर्ष तक पहुंचना चाहिए।

आज सोशल मीडिया पर किसी सूचना को पढ़ते ही उसे सच मान लेना, बिना प्रमाण किसी पर आरोप लगाना और विरोधी विचारों को अपमानित करना सामान्य होता जा रहा है। दर्शन हमें प्रश्न पूछना, प्रमाण तलाशना और अपनी धारणाओं की समीक्षा करना सिखाता है। विज्ञान यह समझने में सहायता करता है कि प्रकृति और संसार कैसे काम करते हैं, जबकि दर्शन यह पूछने में मदद करता है कि ज्ञान का उपयोग किस उद्देश्य से और किन नैतिक सीमाओं के भीतर होना चाहिए। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, निजता, पर्यावरण संरक्षण और तकनीक के जिम्मेदार उपयोग जैसे विषयों में यह प्रश्न विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र में भी दार्शनिक चिंतन की आवश्यकता है। स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी, अधिकारों के साथ कर्तव्य और विकास के साथ न्याय का संतुलन बनाए रखना जरूरी है। यदि प्रगति का लाभ समाज के बड़े वर्ग तक नहीं पहुंचता, तो विकास की अवधारणा पर विचार करना आवश्यक हो जाता है। दर्शन हमें ऐसे प्रश्नों से मुंह मोड़ने के बजाय उनका सामना करना सिखाता है।

शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना या रोजगार हासिल करना नहीं होना चाहिए। उसका एक महत्वपूर्ण लक्ष्य ऐसे नागरिक तैयार करना भी है, जो तार्किक ढंग से सोच सकें, दूसरे के विचार सुन सकें और अपने निर्णयों के नैतिक परिणामों को समझें।विद्यालयों और महाविद्यालयों में संवाद, वाद-विवाद, साहित्य-पाठ और सामाजिक प्रश्नों पर विवेकपूर्ण चर्चा को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

प्रस्तुतिः यूथ इंडिया न्यूज ग्रुप

संगीत शिक्षाः बेहतर स्मरण शक्ति, एकाग्रता और सीखने की क्षमता का मार्ग



डॉ. विजय गर्ग

संगीत केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह सीखने और मस्तिष्क के विकास का एक शक्तिशाली माध्यम भी है। बचपन से ही बच्चे लय, सुर और धुनों की ओर स्वाभाविक रूप से आकर्षित होते हैं। गीत गाना, कोई वाद्य यंत्र बजाना या संगीत सुनना न केवल आनंद प्रदान करता है, बल्कि मस्तिष्क के विभिन्न हिस्सों को भी सक्रिय करता है। वैज्ञानिक अनुसंधानों ने बच्चों की स्मरण शक्ति, एकाग्रता, रचनात्मकता और सीखने की क्षमता पर संगीत शिक्षा के संभावित सकारात्मक प्रभावों की ओर ध्यान आकर्षित किया है।

संगीत शिक्षा का एक महत्वपूर्ण लाभ स्मरण शक्ति पर इसका सकारात्मक प्रभाव है। कोई वाद्य यंत्र सीखने के लिए बच्चों को सुर, ताल, क्रम और ध्वनि के विभिन्न पैटर्न याद रखने पड़ते हैं। इसी प्रकार, गीत गाने के लिए उनके बोल और धुनों को याद करना आवश्यक होता है। ये गतिविधियाँ मस्तिष्क का अभ्यास कराती हैं और जानकारी को याद रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर दोबारा याद करने की क्षमता को प्रोत्साहित करती हैं। संगीत की लय कठिन विषयों, गणितीय सूत्रों और भाषाई नियमों को याद करने में भी सहायक हो सकती है।

संगीत शिक्षा ध्यान और एकाग्रता को बेहतर बनाने में भी मदद कर सकती है। कोई वाद्य यंत्र बजाते समय बच्चों को एक साथ लय, सुर, समय और शारीरिक तालमेल जैसी कई बातों पर ध्यान देना पड़ता है। उन्हें ध्यानपूर्वक सुनना, निर्देशों का पालन करना और अपनी गलतियों को सुधारना सीखना पड़ता है। यह अभ्यास उनमें धैर्य, अनुशासन और लंबे समय तक ध्यान केंद्रित रखने की क्षमता विकसित करता है। ये गुण विद्यालयी शिक्षा में भी उपयोगी होते हैं।

संगीत का एक अन्य महत्वपूर्ण लाभ बौद्धिक क्षमताओं का विकास है। संगीत में गणितीय पैटर्न, गिनती, क्रमबद्धता और तार्किक सोच शामिल होती है। लय और संगीत की संरचना को समझने से बच्चों को संख्याओं, भिन्नों और विभिन्न पैटर्न जैसे विषयों को समझने में मदद मिल सकती है। इसी प्रकार, विभिन्न भाषाओं में गीत सीखने से उच्चारण, शब्दावली और सुनने की क्षमता में सुधार हो सकता है।

संगीत रचनात्मकता और भावनात्मक विकास को भी प्रोत्साहित करता है। संगीत गतिविधियों में भाग लेने वाले बच्चे धुनों और सुरों के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त करना सीखते हैं। संगीत उन्हें कल्पनाशक्ति, आत्मविश्वास और आत्म-अभिव्यक्ति विकसित करने का अवसर प्रदान करता है। सामूहिक गायन, संगीत प्रस्तुतियाँ और प्रतियोगिताएँ उनमें सहयोग, टीम भावना तथा दूसरों के प्रति सम्मान की भावना भी विकसित करती हैं।

शोधों से संकेत मिलता है कि लंबे समय तक संगीत का प्रशिक्षण कुछ बौद्धिक क्षमताओं में सुधार से जुड़ा हो सकता है। हालांकि, यह समझना आवश्यक है कि संगीत शिक्षा अपने आप बुद्धिमत्ता नहीं बढ़ाती और न ही बेहतर परीक्षा परिणामों की गारंटी देती है। इसके लाभ प्रशिक्षण की अवधि, शिक्षण पद्धति, बच्चे की रुचि और सीखने के वातावरण पर निर्भर करते हैं। इसलिए संगीत को शैक्षणिक सफलता का कोई छोटा रास्ता मानने के बजाय समग्र शिक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा समझना चाहिए।

विद्यालय संगीत शिक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। गायन, वाद्य यंत्रों का प्रशिक्षण, संगीत क्लब और सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यालयी पाठ्यक्रम का सार्थक हिस्सा होने चाहिए। बच्चों को अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार विभिन्न वाद्य यंत्रों तथा संगीत शैलियों को सीखने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना सभी बच्चों को समान अवसर मिलने चाहिए।

माता-पिता भी बच्चों को गीत गाने, अच्छा संगीत सुनने या कोई वाद्य यंत्र सीखने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि संगीत सीखने का उद्देश्य आनंद, नियमित अभ्यास और व्यक्तिगत विकास हो, न कि प्रतिस्पर्धा या अनावश्यक दबाव।

प्रस्तुतिः यूथ इंडिया न्यूज ग्रुप

दुनियाँ की तीन महाशक्तियों का शेनझेन में इतिहास का सबसे बड़ा कूटनीतिक महा-मिलन!



एड. किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया

वैश्विक स्तपर दुनियाँ की राजनीति में 19 नवंबर 2026 का दिन एक ऐतिहासिक कूटनीतिक घटनाक्रम के रूप में दर्ज हो सकता है।चीन के शेनझेन शहर में आयोजित 33 वें एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) शिखर सम्मेलन के अवसर पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की पहली औपचारिक त्रिपक्षीय बैठक ने पूरी दुनियाँ का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। दुनियाँ की तीन प्रमुख परमाणु शक्तियों के सर्वोच्च नेताओं का एक ही मेज पर बैठना केवल एकसामान्य कूटनीतिक मुलाकात नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन,अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा,आर्थिक प्रतिस्पर्धा और भविष्य की विश्व व्यवस्था के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण घटनाक्रम है।

इस बैठक को अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों के बीच 'याल्टा 2.0' की संज्ञा भी दी जा रही है।हालांकि, अभी इसे 1945 के याल्टा सम्मेलन जैसी निर्णायक विश्व-व्यवस्था बनाने वाली बैठक मान लेना जल्दबाजी होगी। मैं एडवोकेट किशन ससनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र जय मानता हूं कि असली महत्व इस बात का होगा कि नेताओं के वक्तव्यों को कितने ठोस समझौतों और व्यावहारिक परिणामों में बदला जाता है। साथियों बात अगर हम शेनझेन में तीनों नेताओं की आमने-सामने बातचीत,क्या इतिहास दोहराने की तैयारी को समझने की करें तो,इस ऐतिहासिक बैठक का आयोजन शेनझेन स्थित काइलिन विला में एपीईसी सम्मेलन के इतर हुआ।इससे पहले 18 नवंबर को तीनों नेता स्वागत समारोह में एक साथ दिखाई दिए थे।चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का हवाई अड्डे पर स्वयं पहुंचकर स्वागत किया,जिसे चीन- अमेरिका संबंधों में विशेष कूटनीतिक महत्व के संकेत के रूप में देखा गया।19 नवंबर को ट्रंप ने पहले पुतिन के साथ अलग बातचीत की और उसके बाद जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक की।फिर तीनों नेता त्रिपक्षीय वार्ता के लिए एक ही मेज पर बैठे।

इस बैठक में ट्रंप ने कहा कि तीनों देश दुनिया के सबसे बड़े देशों में शामिल हैं और पूरी मानवता को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर उनके बीच खुला, सम्मानजनक और सकारात्मक संवाद होना विशेष जिम्मेदारी है।उन्होंने इसे इतिहास बनाने वाला अवसर बताया। जिनपिंग ने कहा कि इतिहास बताता है कि जब बड़ी शक्तियां सद्भाव से रहती हैं तो दुनिया में शांति रहती है, लेकिन उनके बीच टकराव से वैश्विक अस्थिरता पैदा होती है। पुतिन ने भी कहा कि तीनों देशों के बीच क्षेत्रीय संघर्षों के समाधान में अनेक साझा हित मौजूद हैं। इस प्रकार शुरुआती वक्तव्यों में तीनों नेताओं ने अपने- अपने दृष्टिकोण से वैश्विक शांति, स्थिरता और सहयोग का संदेश दिया।

साथियों बात अगर हम परमाणु हथियारों पर सबसे बड़ा मंथन,क्या दुनिया को मिलेगा परमाणु युद्ध के खतरे से छुटकारा को समझने की करें तो,इस बैठक का सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील विषय परमाणु हथियारों पर नियंत्रण रहा। अमेरिका, रूस और चीन दुनिया की तीन प्रमुख परमाणु शक्तियां हैं और इनके बीच किसी भी प्रकार का समझौता वैश्विक सुरक्षा के लिए दूरगामी परिणाम पैदा कर सकता है। ट्रंप ने स्पष्ट कहा कि तीनों देशों के पास परमाणु हथियारों के भंडार हैं और वे दुनिया में परमाणु हथियारों की संख्या घटाने तथा इनके इस्तेमाल के जोखिम को कम करने पर चर्चा करने की विशिष्ट स्थिति में हैं। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि किसी देश के राष्ट्रपति के लिए परमाणु हथियारों को छोड़ना आसान निर्णय नहीं होता। दूसरी तरफ जिनपिंग ने परमाणु हथियारों पर व्यापक प्रतिबंध लगाने और उन्हें पूरी तरह समाप्त करने की अपील की। उनका कहना था कि परमाणु युद्ध न तो जीता जा सकता है और न ही उसे लड़ा जाना चाहिए।उन्होंने परमाणु हथियार मुक्त विश्व की परिकल्पना पर जोर दिया। यहां एक महत्वपूर्ण अंतर समझना आवश्यक है कि परमाणु निरस्त्रीकरण की राजनीतिक अपील और वास्तविक हथियार नियंत्रण संधि दो अलग-अलग चीजें हैं। फरवरी 2026 में अमेरिका और रूस के बीच न्यू स्टार्ट संधि की समाप्ति के बाद नए नियंत्रण ढांचे की आवश्यकता और बढ़ गई है। चीन का परंपरागत रुख रहा है कि अमेरिका और रूस पहले अपने बड़े परमाणु भंडार घटाएं, उसके बाद चीन को व्यापक वार्ता में शामिल करने की बात हो। इसलिए शेनझेन की बैठक ने संवाद का दरवाजा जरूर खोला है, लेकिन अभी किसी बाध्यकारी परमाणु निरस्त्रीकरण समझौते की घोषणा सामने नहीं आई है।

साथियों बात अगर हम रूस- यूक्रेन युद्ध,पुतिन के लिए कूटनीतिक जीत या शांति की नई उम्मीद को समझने की करें तो, रूस-यूक्रेन युद्ध इस बैठक का एक और अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू रहा। ट्रंप पहले से ही युद्ध समाप्त कराने की इच्छा व्यक्त करते रहे हैं। बैठक के दौरान उन्होंने रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष को लेकर चीन के सहयोग की संभावनाओं पर सकारात्मक रुख दिखाया। पुतिन ने भी कहा कि रूस, अमेरिका और चीन के बीच क्षेत्रीय संघर्षों के समाधान में अनेक साझा हित हैं और इनमें यूक्रेन संघर्ष भी शामिल है। उन्होंने वैश्विक शांति और सुरक्षा बनाए रखने की जिम्मेदारी का उल्लेख किया। इससे पहले ट्रंप और पुतिन के बीच अलग से लगभग 35 से 40 मिनट की मुलाकात भी हुई। यह औपचारिक द्विपक्षीय शिखर बैठक के बजाय सम्मेलन के इतर हुई संक्षिप्त बातचीत थी। इसमें यूक्रेन युद्ध प्रमुख विषय रहा और क्रेमलिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव ने इसे त्रिपक्षीय बैठक की तैयारी के संदर्भ में महत्वपूर्ण बताया। पुतिन ने बातचीत के बाद सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उनके लिए इसका सबसे बड़ा कूटनीतिक लाभ यह है कि रूस के राष्ट्रपति को अमेरिका और चीन के नेताओं के साथ एक ही वैश्विक मंच पर बातचीत करने का अवसर मि

खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर मुंगरा में निकली भव्य निशान यात्रा, श्याम नाम के जयकारों से गूंजा पूरा नगर

यूथ इंडिया, जौनपुर



श्री श्याम परिवार मंडल के तत्वावधान में श्री खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर में भव्य एवं आकर्षक निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, किशोर पारीक और शशि अग्रवाल ने रथ पर विराजमान बाबा श्याम की प्रतिमा की विधिवत आरती उतारकर किया। स्टेशन रोड स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ हुई यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।

हाथी, घोड़े, गाजे बाजे और डीजे की भक्तिमय धुनों के बीच निकली इस शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। भव्य रूप से सजे रथ पर विराजमान बाबा श्याम की मनमोहक प्रतिमा को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं बाबा भक्तों को दर्शन दे रहे हों। यात्रा के दौरान महिलाएं और पुरुष हाथों में बाबा का पवित्र निशान लिए नंगे पांव चलते हुए श्याम कीर्तन और जयकारे लगा रहे थे, जिससे पूरा नगर भक्तिरस में डूब गया। यात्रा को लेकर नगरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

विभिन्न स्थानों पर लोगों ने घरों की छतों से रथ और श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर यात्रा का जोरदार स्वागत किया। भक्तों की सुविधा के लिए जगह-जगह जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। कार्यक्रम का सफल संचालन सुमित्र सोनी ने किया। इस अवसर पर राजकुमार ऊमरवैश्य नेता, विष्णु अग्रवाल, ऋषभ, आकाश, शिवप्रसाद सीके, दिनेश, रामकिशन अग्रवाल, किशन, सिद्धू, सौरभ जायसवाल, मुन्ना, मनोज जायसवाल और पंकज सहित बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

सेवरही क्षेत्र में चोरों का आतंक, दुमही गांव में लाखों की चोरी से मचा हड़कंप

यूथ इंडिया, कुशीनगर



सेवरही थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगता नजर नहीं आ रहा है। चोरों के बढ़ते हौसलों ने क्षेत्र के लोगों की नींद उड़ा दी है। बीती रात चोरों ने दुमही गांव निवासी राहुल तिवारी पुत्र चिरंजीवी तिवारी के घर को निशाना बनाते हुए गहने और नकदी समेत लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। सुबह घटना की जानकारी होते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। वहीं, लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

बताया जाता है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं का सिलसिला पिछले कई दिनों से जारी है। महज दो दिन पहले मठिया भोकरिया गांव में यासीन अंसारी के घर चोरो द्वारा घर के फाटक का बाहर से कुंडी लगा कर चोरी की घटना हुई थी, जबकि करीब दस दिन पूर्व भी इसी गांव में चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। लगातार एक ही क्षेत्र में हो रही घटनाओं के बावजूद अब तक चोर पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

एक के बाद एक हो रही चोरी की वारदातों ने पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि आखिर चोर बेखौफ होकर घरों को निशाना बना रहे हैं और पुलिस अब तक इन घटनाओं का पर्दाफाश क्यों नहीं कर सकी है।

क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने, चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा करने और चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है। अब देखना यह है कि पुलिस इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए कब तक चोरों के गिरोह तक पहुंच पाती है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का मनाया गया जन्मदिन



यूथ इंडिया, कसया, कुशीनगर

केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का जन्मदिन दिन जगह जगह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर पौधारोपण किया गया और केक काटकर श्री चौधरी के सुखद और दीर्घायु जीवन की कामना की गई।

शुक्रवार को नगरपालिका परिषद कुशीनगर क्षेत्र अंतर्गत बनवारीटोला स्थित क्षत्रपति शिवाजी शिक्षण संस्थान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री चौधरी के जन्मदिन पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्व प्रथम शिक्षक गण और छात्र छात्राओं ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया और पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

इसके पश्चात विद्यालय प्रबंधक और भाजपा नेता ध्रुव सिंह पटेल की अगुवाई में केक काटकर प्रदेश अध्यक्ष को बधाई दी गई। इस अवसर पर शिव सागर, राजीव सिंह, शिक्षक अभिनव सिंह, विजय कुमार शर्मा, रवि सिंह सहित बच्चे मौजूद रहे।

चार महिलाओं को पीटकर किया घायल

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के उत्तरगावां गांव में पुरानी रंजिश को लेकर पट्टीदारों द्वारा चार महिलाओं को लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया।तथा घर का दरवाजा भी तोड़ दिया गया। तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर लिया। उक्त गांव निवासी गायत्री देवी पत्नी रामू ने आरोप लगाया कि 18 नवंबर की रात करीब 11 बजे उनके पट्टीदार दिनेश कुमार,अमन कुमार,अमूल कुमार ने एक साथ होकर उन्हें गालियां देनी शुरू कर दिया।जब उसने विरोध किया तब उन लोगों ने गायत्री देवी, सोनिया देवी, अनिता व सीमा को लाठी-डंडे से मारपीट दिया। आरोप है कि सभी ने घर का दरवाजा भी तोड़ दिया। गायत्री की तहरीर पर पुलिस ने दिनेश, अमन, अमूल, सुनीता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

120 सदस्यीय थाई श्रद्धालुओं ने बुद्ध को चढ़ाया चीवर, की कल्याण की कामना

यूथ इंडिया, कसया,कुशीनगर



अंतराष्ट्रीय बुद्ध स्थली कुशीनगर पहुंचे बौद्ध श्रद्धालुओं ने करुणा, मैत्री और शांति के उपदेशक तथागत बुद्ध का दर्शन पूजन कर चीवर चढ़ाया और विश्व कल्याण की कामना की।

थाईलैंड से भारत दस दिवसीय यात्रा पर आए 120 सदस्यीय दल ने बौद्ध धर्मगुरु और भारत नेपाल के धम्म दूत, चीफ भिक्षु वाट थाई बोध गया फा वाचिरा फुथीयोंग के निर्देशन में दल मुख्य महा परिनिवा मंदिर में पूजन अर्चन कर धम्म वंदना की और चीवर चढ़ाया। शुक्रवार को पूजन के पश्चात दल लुंबिनी के लिए सड़क मार्ग से निकल गया। दल ने विशेष पूजन थाई भंते थाई भंते पी नलोंग की देख रेख में किया।

थाई दल ने मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर के अलावा माथा कुंवर मंदिर, मुकुट बंधन चैत्य का भ्रमण कर दर्शन, पूजन और परिक्रमा की और बुद्ध की शिक्षाओं की जानकारी ली। भंते ने बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डालते हुए जन्म, मृत्यु, अंतिम संस्कार और उपदेशों पर प्रकाश डाला। पथ प्रदर्शक ओम प्रकाश कुशवाहा ने कुशीनगर की ऐतिहासिक, पुरातात्विक जानकारी दी तथा श्रद्धालुओं के जिज्ञासु प्रश्नों के उत्तर देकर उन्हें संतुष्ट किया। इसी क्रम में थाई श्रद्धालुओं ने वार्ड नंबर 20 शहीद भगत सिंह नगर अनिरुद्धवा में जाकर पिण्ड पात्र दान किया। इस दौरान मेहता टूर एंड ट्रेवल्स के गाइड संजय कुमार, हामिद अंसारी शामिल रहे।

पीयू में 'भारत बौधिक्स-2026' परीक्षा आज

जौनपुर। भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयामों के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता, रुचि एवं समझ विकसित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा 'भारत बौधिक्स-2026' का आयोजन 21 नवंबर 2026 (शनिवार) को पूर्वाह्न 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। यह परीक्षा विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश के दिशा-निर्देशन में आयोजित की जा रही है। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के नोडल अधिकारी एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि परीक्षा का आयोजन शनिवार को जौनपुर एवं गाजीपुर जनपदों के कुल 22 परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। इनमें जौनपुर के 16 तथा गाजीपुर के 6 केंद्र शामिल हैं।

महिला आयोग की सदस्य ने सुनीं महिलाओं की समस्याएं, 15 शिकायतों पर कार्रवाई के निर्देश



- बाल विवाह के खिलाफ छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली, 14 मेधावी छात्राओं को मिली स्टडी टेबल व शैक्षिक सामग्री

यूथ इंडिया, गोंडा

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋचु शाही ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में महिला जनसुनवाई कर 15 शिकायतें सुनीं। इनमें घरेलू हिंसा, आवास, पुलिस, जमीन विवाद, राशनकार्ड और साफ-सफाई से जुड़े मामले शामिल रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध निस्तारण करने तथा पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के निर्देश दिए।इससे पूर्व सरयू प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली, जिसे ऋचु शाही ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान कक्षा छह से 12 तक की 14 मेधावी छात्राओं को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत स्टडी टेबल व शैक्षिक सामग्री वितरित की गई। उन्होंने बाल विवाह को बच्चों के भविष्य और शिक्षा में बाधक बताते हुए लोगों को इसे रोकने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा, प्रधानाचार्य गिरजा मिश्रा, महिला थाना प्रभारी अनीता यादव सहित अन्य अधिकारी व विद्यालय स्टाफ मौजूद रहे।

ज्यूडिशियल अवेयरनेस डे पर अधिवक्ताओं को स्वगणना अभियान के प्रति किया जागरूक

- एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार के निर्देशन में तहसीलदार संध्या यादव की मौजूदगी में चला जागरूकता कार्यक्रम

यूथ इंडिया, हरदोई/शाहाबाद



ज्यूडिशियल अवेयरनेस डे के अवसर पर शुक्रवार, 20 नवंबर को तहसील शाहाबाद में जनगणना-2027 के अंतर्गत संचालित स्वगणना अभियान को व्यापक जनसहभागिता से जोड़ने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपजिलाधिकारी डॉ. अवनीश कुमार के निर्देशन में तहसीलदार संध्या यादव की उपस्थिति में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं को स्वगणना अभियान के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विमलेश सिंह लोधी, मंत्री सहित अन्य अधिवक्ताओं को स्वगणना की प्रक्रिया, उसके उद्देश्य, महत्व और जनगणना में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी की आवश्यकता के संबंध में फील्ड ट्रेनर शिवम गुप्ता ने ऑनलाइन स्वगणना की पूरी प्रक्रिया समझाते हुए इसमें पूछे जाने वाले सभी 40 प्रश्नों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि नागरिक ऑनलाइन माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर स्वगणना प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

अधिकारियों ने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं और नीतियों के निर्धारण का महत्वपूर्ण आधार है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता बेहद जरूरी है। अधिवक्ता समाज की आमजन के बीच मजबूत पहुंच होती है और वे सामाजिक जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं से अपील की गई कि वे स्वयं स्वगणना अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और अपने परिवार, परिचितों तथा समाज के अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम का उद्देश्य जनगणना-2027 के प्रति जागरूकता बढ़ाकर अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करना रहा।

पीएम श्री विद्यालय उमरौली में विद्यालय प्रबंध समिति का गठन

यूथ इंडिया, टोडरपुर/हरदोई



विकासखंड टोडरपुर क्षेत्र के पीएम श्री सैमविलियन विद्यालय उमरौली में शुक्रवार, 20 नवंबर को विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) का गठन किया गया। समिति के गठन की प्रक्रिया शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराई गई। इस दौरान विद्यालय के शैक्षिक विकास, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक श्रवण कुमार गुप्ता सहित शिक्षकगण, अभिभावक एवं अन्य संबंधित सदस्य मौजूद रहे। गठन प्रक्रिया के दौरान विद्यालय प्रबंध समिति की भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में भी जानकारी दी गई। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि विद्यालय के विकास में शिक्षकों के साथ अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता भी बेहद आवश्यक है।

बैठक में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने, विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं के विकास तथा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई पर नियमित ध्यान देने और विद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई।

नवगठित विद्यालय प्रबंध समिति विद्यालय की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने, शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाने तथा विद्यालय और अभिभावकों के बीच आपसी समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। समिति के माध्यम से विद्यालय से जुड़ी आवश्यकताओं और समस्याओं को भी प्रभावी ढंग से सामने लाया जा सकेगा।

इस अवसर पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक श्रवण कुमार गुप्ता ने उपस्थित सभी अभिभावकों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विद्यालय के शैक्षिक एवं भौतिक विकास के लिए सभी से मिल-जुलकर सहयोग करने की अपील की।

तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की मौत, साथी गंभीर

- मलियन पुरवा के सामने रात में हुआ हादसा, निजी अस्पताल में चिकित्सकों ने किया मृत घोषित



यूथ इंडिया, गोंडा

थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा रात करीब 9 बजे मलियन पुरवा गांव के सामने हुआ। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजन दोनों को उपचार के लिए गोण्डा के निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान ग्राम पंचायत पूरे डाल के कल्हैयन पुरवा निवासी विवेक मिश्रा पुत्र पवन मिश्रा के रूप में हुई है। हादसे में उनके साथ बाइक पर मौजूद टिंटू गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका दूसरे निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

विवेक के पिता पवन मिश्रा ने थाने में घटना की सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष पवन मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। अज्ञात वाहन की पहचान के साथ मामले की जांच की जा रही है।

26 साल के सियासी अनुभव के साथ नीरज मिश्रा ने ददरौल से ठोकी दावेदारी

यूथ इंडिया, शाहजहांपुर



वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। इसी बीच समाजवादी पार्टी के विशेष आमंत्रित सदस्य एवं प्रदेश कार्यकारिणी से जुड़े नीरज मिश्रा ने 136 ददरौल विधानसभा क्षेत्र से सपा टिकट के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व को आवेदन देकर साइकिल के चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है।

नीरज मिश्रा का कहना है कि वह वर्ष 2001 से समाजवादी पार्टी से जुड़े हैं और करीब 26 वर्षों से संगठन की मजबूती के लिए लगातार सक्रिय हैं। उनका राजनीतिक सफर वर्ष 2001 में क्षेत्र पंचायत सदस्य का चुनाव जीतने से शुरू हुआ। वर्ष 2010 में उन्होंने कांट तृतीय वार्ड से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जीतकर बसपा के जिलाध्यक्ष को पराजित किया। वर्ष 2021 में कांट द्वितीय वार्ड से जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित होकर 11,500 मत प्राप्त किए।

इसके अलावा उनकी पत्नी कुसुम मिश्रा वर्ष 2005 में कांट ब्लॉक प्रमुख चुनाव में उपप्रमुख पद पर विजयी हुई तथा वर्ष 2015 में ग्राम प्रधान निर्वाचित हुईं। वर्ष 2023 में प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की सहमति से नीरज मिश्रा को प्रदेश कार्यकारिणी में जिम्मेदारी मिली। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भी उन्होंने पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में सक्रिय भूमिका निभाई।

नीरज मिश्रा ने कहा कि लंबे राजनीतिक अनुभव, संगठन के प्रति निष्ठा और जनता के बीच निरंतर सक्रियता के आधार पर वह ददरौल विधानसभा से चुनाव लड़ना चाहते हैं। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व से अपने अनुभव और संगठनात्मक योगदान को देखते हुए प्रत्याशी बनाए जाने का अवसर देने की अपील की है।

ईवीएम-वीवीपैट प्रदर्शन केंद्र शुरू, डीएम ने खुद डालकर देखा वोट

यूथ इंडिया, हरदोई



उत्तर प्रदेश विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2027 की तैयारियों के तहत हरदोई कलेक्ट्रेट परिसर में ईवीएम और वीवीपैट प्रशिक्षण एवं जागरूकता केंद्र शुरू किया गया है। शुक्रवार को जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने फीता काटकर केंद्र का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं ईवीएम से मतदान करके प्रक्रिया का अनुभव लिया और वीवीपैट से निकली पर्ची के जरिए अपने मत की पुष्टि की।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस केंद्र का उद्देश्य आम मतदाताओं को ईवीएम और वीवीपैट की कार्यप्रणाली से परिचित कराना है, ताकि मतदान के समय किसी तरह का भ्रम या संशय न रहे। उन्होंने बताया कि कोई भी मतदाता कलेक्ट्रेट स्थित केंद्र पर पहुंचकर मतदान की प्रक्रिया समझ सकता है और प्रशिक्षण के लिए रखी गई मशीन पर स्वयं वोट डालकर इसका अनुभव प्राप्त कर सकता है।

केंद्र पर तैनात प्रशिक्षित कर्मचारी लोगों को ईवीएम के संचालन और मतदान की प्रक्रिया की जानकारी देंगे। वीवीपैट के माध्यम से मतदाता यह भी देख सकेंगे कि उन्होंने जिस प्रत्याशी के पक्ष में बटन दबाया है, उसकी पर्ची मशीन में प्रदर्शित हुई है।

डीएम ने युवाओं, पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं और अन्य नागरिकों से केंद्र पर पहुंचकर जानकारी लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि जागरूकता अभियान को कलेक्ट्रेट तक सीमित नहीं रखा जाएगा। जिले की विभिन्न तहसीलों, विकासखंडों और विद्यालयों में भी प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

केंद्र के उद्घाटन के बाद जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों के संचालन की स्थिति देखी। संबंधित अधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और सीसीटीवी कैमरों को लगातार चालू रखने के निर्देश दिए।

सफाई कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन, लंबित समस्याओं के निस्तारण की उठाई मांग

यूथ इंडिया, शाहजहांपुर परशुरामपुरी



जलालाबाद नगर पालिका परिषद में कार्यरत नियमित, संविदा एवं आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न लंबित समस्याओं को लेकर आवाज उठाई है। कर्मचारियों ने अधिशासी अधिकारी और पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की।

ज्ञापन में कर्मचारियों ने कहा कि इससे पहले भी कई बार प्रार्थना पत्र देकर समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक अपेक्षित कार्यवाही नहीं हुई है। इससे कर्मचारियों में नाराजगी व्याप्त है।

कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि आउटसोर्सिंग पर कार्यरत कर्मियों को अभी तक पहचान पत्र (आईडी कार्ड) उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। इसके साथ ही शासन के पोर्टल एवं संबंधित ऐप पर भी कर्मचारियों का विवरण अपलोड नहीं किया जा रहा है। उन्होंने मोहित और सुषमा से जुड़े मामलों के साथ पेंशन संबंधी दिक्कतों को भी प्रमुखता से उठाया।

ज्ञापन में स्वीकृत अवकाश के बावजूद वेतन काटे जाने तथा कथित रूप से नियमों के विपरीत कर्मचारियों को कार्य से हटाए जाने की शिकायत भी की गई। कर्मचारियों ने इन सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कराकर नियमानुसार कार्यवाही करने और लंबित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराने की मांग की।

ज्ञापन सौंपने वालों में वीरेन्द्र, अरुण, अनमोल, राजकुमार, रमेश, अमित, सुरेन्द्र, अंकित, गोविन्द, संतोष, राहुल, राजेश, रामू सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी शामिल रहे।

6.49 लाख रुपये हड़पने के लिए रची लूट की फर्जी कहानी, छह घंटे में पुलिस ने किया खुलासा

यूथ इंडिया, शाहजहांपुर



कंपनी की 6 लाख 49 हजार रुपये की धनराशि हड़पने के इरादे से लूट की झूठी कहानी गढ़ने वाले स्पाइस मनी कंपनी के कलेक्शन एजेंट की साजिश का पुलिस ने महज छह घंटे में पर्दाफाश कर दिया। ककरा स्थित नगर निगम कार्यालय के पास हुई कथित लूट की सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था, लेकिन पुलिस की त्वरित कार्यवाही और जांच में पूरी घटना की सच्चाई सामने आ गई।

जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र में स्पाइस मनी कंपनी के कलेक्शन एजेंट ने 6 लाख 49 हजार रुपये लूटे जाने की सूचना पुलिस को दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी। पुलिस टीमों ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ उपलब्ध साक्ष्यों और तथ्यों की गहनता से पड़ताल की।

जांच के दौरान पुलिस को कथित लूट की कहानी पर संदेह हुआ। साक्ष्यों के आधार पर की गई छानबीन में सामने आया कि कंपनी की धनराशि हड़पने के उद्देश्य से कलेक्शन एजेंट ने ही लूट की फर्जी कहानी तैयार की थी। इस तरह पुलिस ने महज छह घंटे के भीतर कथित लूट की घटना का खुलासा कर दिया।

मामले का खुलासा करते हुए एसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता कर बताया कि कलेक्शन एजेंट ने कंपनी की रकम हड़पने के लिए लूट की झूठी सूचना दी थी। पुलिस ने त्वरित जांच करते हुए पूरे घटनाक्रम की वास्तविकता उजागर कर दी।

पुलिस की इस कार्यवाही से स्पष्ट हो गया कि 6 लाख 49 हजार रुपये की लूट का मामला वास्तविक वारदात नहीं, बल्कि कंपनी की रकम हड़पने के लिए रची गई कथित साजिश थी।

बजाज चीनी मिल में पेराई सत्र का आगाज, किसानों को शीघ्र भुगतान का भरोसा



यूथ इंडिया, गोंडा

बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड की कुन्दरखी चीनी मिल में शुक्रवार को पेराई सत्र 2026-27 का शुभारंभ हुआ। उप गन्ना आयुक्त डॉ. आरबी राम, जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह, यूनिट हेड पीएन सिंह, महाप्रबंधक एके सिंह, गन्ना सोसायटी चेयरमैन भारत सिंह सहित अन्य अतिथियों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर पेराई सत्र की शुरुआत कराई

इसके बाद अतिथियों एवं मिल अधिकारियों ने डोंगे में गन्ना डालकर पेराई कार्य का शुभारंभ किया। इससे पूर्व 19 नवंबर को मिल परिसर में श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया था।मौके पर यूनिट हेड पीएन सिंह ने कहा कि मिल किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है।

समारोह में जोनल एचआर हेड एनके शुक्ला, इंजीनियरिंग हेड अनुपम खरे, प्रोडक्शन हेड यूपी सिंह, एचआर हेड बीपी दीक्षित, सेल्स हेड आरपी सिंह, अकाउंट हेड राजीव पांडेय, सपा नेता सूरज सिंह, डॉ. अरविंद सिंह, कुंवर केके सिंह, पूर्व चेयरमैन दिनेश सिंह सहित मिल के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

युवा उद्यमियों के ऋण आवेदनों का 15 दिन में करें निस्तारणः डीएम

- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में नवंबर के लक्ष्य 800 के सापेक्ष 674 युवाओं को मिला ऋण
- पीएनबी की ऐट और कोंच शाखा की धीमी प्रगति पर डीएम ने जताई नाराजगी

यूथ इंडिया। उरई (जालौन)



युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में तेजी लाने के निर्देश जिलाधिकारी समीर ने दिए हैं। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न बैंकों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए उन्होंने कहा कि पात्र युवाओं को समयबद्ध तरीके से ऋण उपलब्ध कराया जाए। बैंक अधिकारी बिना ठोस कारण के किसी भी आवेदन को निरस्त न करें।

समीक्षा बैठक में बताया गया कि नवंबर माह के लिए निर्धारित 800 ऋण वितरण के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 674 युवाओं को ऋण वितरित किया जा चुका है। इस पर डीएम ने शेष आवेदनों का निस्तारण करते हुए माह के अंत तक लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैंक शाखाओं में लंबित आवेदनों की गंभीरता से जांच की जाए और पात्र आवेदकों को योजना का लाभ दिलाया जाए।

डीएम ने बैंक जिला समन्वयकों को निर्देश दिए कि शाखाओं से निरस्त किए गए आवेदनों का दोबारा मूल्यांकन कराया जाए। जो आवेदन नियमानुसार ऋण के पात्र हैं, उन्हें स्वीकृत कर ऋण वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी शाखा प्रबंधकों को ऋण आवेदन पत्रावलियों का अधिकतम 15 दिनों में निस्तारण करने के निर्देश दिए।

योजना में अपेक्षित प्रगति न होने पर पंजाब नेशनल बैंक की ऐट और कोंच शाखा के प्रबंधकों के प्रति नाराजगी जताते हुए लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने को कहा। वहीं, बेहतर कार्य करने वाले शाखा प्रबंधकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करने की बात कही।

बैठक में उपायुक्त उद्योग धर्मेंद्र भास्कर, एलडीएम अनुराग सक्सेना सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारी मौजूद रहे।

न्यायिक अधिकारियों ने वृद्धाश्रम और आश्रय गृह की परखी व्यवस्थाएं

यूथ इंडिया। उरई (जालौन)



उच्च न्यायालय के निर्देश पर शुक्रवार को न्यायिक अधिकारियों की अनुश्रवण समिति ने शहर के दो शेल्टर होम का औचक निरीक्षण किया। राठ रोड स्थित वृद्धाश्रम और लहरियापुरवा स्थित आश्रय गृह में पहुंचकर अधिकारियों ने रहन-सहन, खानपान, चिकित्सा, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था की हकीकत परखी। इस दौरान संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। सबसे पहले समिति ने राठ रोड स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। यहां 115 वृद्धजन उपस्थित मिले। अधिकारियों ने बुजुर्गों से बातचीत कर चाय-नाश्ते और सुबह-शाम मिलने वाले भोजन की जानकारी ली। इस पर संवासियों ने बताया कि उन्हें निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके बाद मेडिकल डिस्पेंसरी का निरीक्षण कर दवाओं और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था देखी गई। किसी भी वृद्धजन ने कोई समस्या नहीं बताई। उपस्थिति पंजिका की जांच में स्टाफ नर्स अर्चना और रात्रिकालीन कर्मचारियों को छोड़कर अन्य कर्मचारी उपस्थित मिले। प्रबंधक ने बताया कि स्टाफ नर्स वृद्धजनों के उपचार के लिए जिला अस्पताल गई हैं। निरीक्षण के दौरान कुछ बुजुर्ग धूप में बैठे मिले।

इसके बाद न्यायिक अधिकारियों ने लहरियापुरवा स्थित आश्रय गृह का निरीक्षण किया। यहां मेडिकल डिस्पेंसरी में दवाएं व्यवस्थित और सही स्थिति में मिलीं। आश्रित पंजिका की जांच में निरीक्षण के दिन कोई भी आश्रित पंजीकृत नहीं मिला। अधिकारियों को बताया गया कि पिछले कई महीनों से एसडीआरएफ की टीम आश्रय गृह में ठहरी हुई थी।

निरीक्षण करने वाली समिति में अपर जिला जज प्रथम सतीश चंद्र द्विवेदी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक खरे और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मनाली चंद्रा शामिल रहीं। इस दौरान प्राधिकरण के लिपिक शुभम शुक्ला भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में 394 जोड़े एक दूजे के हुए



यूथ इंडिया। फर्रुखाबाद

मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन क्रिश्चियन कालेज के ग्राउंड में आयोजित की गई।ग्राउंड में 394 विवाह में 7 निकाह भी कराए गए।जिलाधिकारी अंकुर लाठर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विशाल पंडाल में गायत्री विधि से वैदिक मंत्रोच्चार से 387 विवाह सम्पन्न कराए गए जबकि सात निकाह भी काजी ने पढ़ाए।

जिलाधिकारी डॉ.अंकुर लाठर ने बताया प्रत्येक वधू को 64000 रूपये डी बी टी के माध्यम स्थानांतरित किए गए।36000 रुपए घरेलू सामान दिया गया।भोजन की व्यवस्था प्रशासन की ओर से की गई। मंच पर से सभी विवाहित जोड़ों पर फूल डालकर सांसद मुकेश राजपूत, सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, विधायक सुशील शाक्य, विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, एम एल सी प्रांशु दत्त द्विवेदी, समाज कल्याण अधिकारी शालिनी,अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश चंद्र सहित कई अधिकारियों ने फूल बरसाकर नए जोड़ो का स्वागत किया गया।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ाः नियम तोड़ने पर 72 वाहनों का चालान

- हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों का पालन कराने को परिवहन विभाग ने चलाया अभियान

यूथ इंडिया। उरई (जालौन)



सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत शुक्रवार को अभियान चलाया गया। पांचवें दिन चले अभियान में नियमों का उल्लंघन करने पर 72 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं करने के साथ ही पीछे बैठी सवारी के हेलमेट नहीं लगाने पर 40 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाकर चलने वाले 20 वाहन पकड़े गए। निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार में वाहन चलाने पर चार और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले आठ ई-रिक्शा के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई।

परिवहन विभाग ने वाहन चालकों से अपील की कि दोपहिया वाहन पर चालक और पीछे बैठी सवारी दोनों हेलमेट जरूर लगाएं। चारपहिया वाहन में सभी लोग सीट बेल्ट का प्रयोग करें। निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं और सड़क पर खतरनाक स्टंट व लापरवाही से बचें। विभाग ने कहा कि यातायात नियमों का पालन चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि खुद और परिवार की सुरक्षा के लिए जरूरी है।

साइबर ठगी की पूरी रकम पुलिस ने पीड़ित के खाते में लौटाई



उरई। जालौन पुलिस की साइबर सेल ने एपीके फाइल के माध्यम से हुई 85 हजार 525 रुपये की साइबर ठगी की पूरी धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराकर उसके चेहरे पर मुस्कान लौटा दी।

पुलिस के अनुसार, नया रामनगर थाना कोतवाली उरई निवासी पवन कुमार के साथ एपीके फाइल के जरिए 85,525 रुपये की ऑनलाइन ठगी हुई थी। पीड़ित ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत संख्या 23110260204847 दर्ज कराई थी। एसपी सुरेश चंद्र रावत के मार्गदर्शन तथा अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी के पर्यवेक्षण में प्रभारी साइबर सेल निरीक्षक चन्द्र देव यादव के नेतृत्व में टीम ने बैंक से समन्वय स्थापित कर पूरी धनराशि पीड़ित के खाते में वापस करा दी। पुलिस की इस त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से पीड़ित को आर्थिक राहत मिली है। साइबर अपराधों के खिलाफ जालौन पुलिस के निरंतर प्रयासों का यह एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। इस कार्रवाई में निरीक्षक चन्द्रदेव यादव, उपनिरीक्षक अजीत शर्मा, उपनिरीक्षक जगवीर सिंह, हेड कांस्टेबल पप्पू लाल सहित साइबर सेल की टीम शामिल रही।

संक्षिप्त खबरें

राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन,पुतला फूंकने के दौरान पुलिस ने नोकझोंक

फर्रुखाबाद। हैदराबाद में 14 नवंबर को आयोजित भारत समिट को लेकर भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारत विरोधी ताकतों को मंच देने का आरोप लगाया है।भाजपा नेताओं का कहना है कि समिट के माध्यम से देश की छवि खराब करने और अस्थिरता पैदा करने की साजिश रची गई।साथ ही प्रधानमंत्री और चुनाव आयोग के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी किए जाने का भी आरोप राहुल गाँधी पर लगाया।बीजेपी नेताओं ने कहा कि समिट में पार्टी ऑफ यूरोपियन सोशलिस्ट्स के महासचिव जियाकोमो फिलिबेक को मंच दिया गया,जहां उन्होंने ÷वोट चोर,गद्दी छोड़÷ का नारा लगाया।राहुल ने इस पर आपत्ति नहीं जताई बल्कि वह तालियां बजाते व मुस्कराते दिखे।इसी के विरोध में भाजपा नेता रामवीर चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं नेफतेहगढ़ चौराहे पर राहुल गांधी का पुतला फूंकने का प्रयास किया। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिस ने पुतला जलाने से रोकने की कोशिश की,जिसको लेकर भाजपा नेता शिवम दुबे,अनिल तिवारी और रामवीर चौहान की पुलिस से नोकझोंक हो गई। पुलिस की रोक के बावजूद शिवम दुबे ने पुतले में आग लगा दी। इसके बाद पुलिसकर्मी पुतला छीनकर अपने साथ ले गए।प्रदर्शन के दौरान बबिता पाठक, किरन सिंह, विजय पाण्डेय, सनी यादव, आदित्य राठौर, आरबी सिंह और डीसी दीक्षित सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मानदेय में समय-2 पर को गयी वृद्धि पर आशा संगिनी नें आभार जताया



लखनऊ। उत्तर-प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ भाने गाने वाली आशा एवं आशा सोगनी बहनों के मानदेय में आपके द्वारा समय-समय पर की गयी निरन्तर वृद्धि एक अत्यन्त सराहनीय और ऐतिहासिक निर्णय है। जहाँ पिछली अन्य सरकारों द्वारा इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, वहीं आपके नेतृत्व में वर्ष 2017 सारे 2022 में मानदेय बढ़ाने के बाद, यब 18 अक्टूबर 2027 में 2000 को 2026 3 की बढ़ोत्तरी की गयी है। आपकी इस संवेदनशील पहले से प्रदेश की लाखो आशा एवं आशा सांगनी कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों में हर्ष का माहौल है।

केंद्रीय श्रम मंत्री ने पेंशन बढ़ोत्तरी की मांग पर जल्द कार्रवाई का दिया आश्वासन



लखनऊ। सीबीटी मीटिंग में पेंशन बढ़ोत्तरी का निर्णय लिए जाने के लिये ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के पेंशनरों ने बड़ी संख्या में दिल्ली में ईपीएफओ मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जिसमें लखनऊ सहित उत्तर प्रदेश के अनेक ज़िलों के पेंशनरों ने भाग लिया।

28 नवंबर को विशेष लोक अदालत और 12 दिसंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

यूथ इंडिया। सिरौलीगौसपुर-बाराबंकी



जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिमा श्रीवास्तव के निर्देशानुसार एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उज्ज्वल उपाध्याय के दिशानिर्देशन में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर मोटर वाहन से संबंधित चालानों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

विशेष लोक अदालत आगामी 28 नवंबर को आयोजित होगी। इसके साथ ही आगामी 12 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी आमजन को जागरूक किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम में राजस्व निरीक्षक विश्व विजय सिंह, पेशकार अमित कुमार, नायब नाजिर सचिन निगम और अधिकार मित्र रोहित शर्मा ने लोगों को मध्यस्थता एवं वैकल्पिक विवाद निस्तारण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने एडीआर के माध्यम से मिलने वाली निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में भी बताया।

कार्यक्रम में जनकल्याणकारी योजनाओं, विधिक सहायता एवं सरकारी सुविधाओं की जानकारी दी गई। अधिक से अधिक लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया गया।

प्राविधिक शिक्षा अराजपत्रित कर्मचारी संघ का सम्मान समारोह

यूथ इंडिय, लखनऊ

राजकीय पॉलिटेक्निक, चरियाव बुजुर्ग, देवरिया में प्राविधिक शिक्षा अराजपत्रित कर्मचारी संघ (उ0 प्र0) के संरक्षक बीरेंद्र सिंह का सम्मान एवं अभिनंदन किया गया।

विभिन्न मांगों को लेकर रोजगार सेवकों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

यूथ इंडिया। सिरौलीगौसपुर-बाराबंकी



ग्राम रोजगार सेवकों की लंबित मांगों के समर्थन में ग्राम रोजगार सेवक संघर्ष मोर्चा, उत्तर प्रदेश के प्रदेशव्यापी आंदोलन के क्रम में विकास खंड सिरौली गौसपुर की ब्लॉक कार्यसमिति द्वारा खंड विकास अधिकारी मोहित कौशिक को ज्ञापन सौंपकर आगामी आंदोलन कार्यक्रमों की पूर्व सूचना दी गई।

ज्ञापन के माध्यम से ग्राम रोजगार सेवकों ने लंबे समय से लंबित मानदेय वृद्धि कर 24,000 प्रतिमाह किए जाने, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, ईपीएफ भुगतान एवं अन्य विभागीय समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई।

संगठन ने प्रदेश नेतृत्व के निर्णय के अनुसार आगामी 21 नवंबर से विशेष रोजगार सृजन सप्ताह का कार्य बहिष्कार करने की जानकारी दी। साथ ही मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने की स्थिति में प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार, 27 नवंबर को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन तथा 3 दिसंबर 2026 को लखनऊ विधानसभा घेराव के कार्यक्रम से भी अवगत कराया।

ब्लॉक कार्यसमिति ने शासन एवं विभाग से मांग की है कि ग्राम रोजगार सेवकों की वर्षों से लंबित समस्याओं का गंभीरता से संज्ञान लेकर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए, जिससे कर्मचारियों को आंदोलन के लिए बाध्य न होना पड़े।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष अजय यादव एवं ब्लॉक महामंत्री प्रेम लता मौर्य, प्रभारी राजकुमार वर्मा, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष रामविलास संध्या , सीमा, ज्योति, रेखा,राज किशोरी,ममता, सविता, महादेव, रमाकांत, दिलीप, पुनीत, योगेन्द्र, जितेन्द्र, अशोक, रमाकांत, शकील, पुत्तीलाल, कमलेश, मिथलेश, लवलेश, रामकेवाल, सुभाष, अमरेशसहित संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

एडीएम ने खुद मॉक वोट डालकर परखी ईवीएम और वीवीपैट की कार्यप्रणाली

यूथ इंडिया। बाराबंकी



आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देश पर शुक्रवार से जिले में ईवीएम प्रदर्शन केंद्रों का संचालन शुरू हो गया। इन केंद्रों के माध्यम से मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट की कार्यप्रणाली की जानकारी देने के साथ मतदान प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य मतदाताओं की शंकाओं को दूर कर मतदान व्यवस्था के प्रति विश्वास और जागरूकता बढ़ाना है।

इसी क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह ने जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर में स्थापित ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वयं मॉक वोट डालकर ईवीएम और वीवीपैट की कार्यप्रणाली को परखा। इस दौरान उन्होंने बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट के जरिए मतदान की पूरी प्रक्रिया को समझा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि केंद्र पर आने वाले प्रत्येक मतदाता को मशीनों के संचालन की जानकारी सरल और स्पष्ट तरीके से दी जाए, ताकि किसी भी प्रकार की जिज्ञासा या शंका का समाधान हो सके।

जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में रिटर्निंग अधिकारी मुख्यालय और निर्धारित तहसील मुख्यालयों पर प्रदर्शन केंद्र स्थापित किए गए हैं। यहां पहुंचने वाले मतदाताओं को बताया जा रहा है कि बैलेट यूनिट के माध्यम से किस प्रकार प्रत्याशी के पक्ष में वोट दर्ज किया जाता है। इसके साथ ही वीवीपैट में मतदाता द्वारा चुने गए प्रत्याशी का चुनाव चिह्न और क्रम संख्या अंकित पर्ची किस प्रकार मुद्रित होकर निर्धारित समय तक दिखाई देती है, इसका भी प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया जा रहा है।

एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर किया परेड का निरीक्षण

यूथ इंडिया। बहराइच



शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ग्रहण कर परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन करते हुए उच्च कोटि की वर्दी धारण करने तथा आमजन के साथ शिष्ट एवं मधुर व्यवहार बनाए रखने के लिए निर्देशित किया।

साथ ही परेड में अनुशासन एवं एकरूपता बनाए रखने के उद्देश्य से टोलीवार ड्रिल कराई। परेड के उपरान्त एसपी ने पुलिस लाइन परिसर स्थित परिवहन शाखा (एमटी), क्षेत्राधिकारी लाइन कार्यालय, शस्त्रागार, आरटीसी मेस, यूपी-112 कार्यालय सहित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

शस्त्रागार में शस्त्रों के रख-रखाव एवं अभिलेखों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त पुलिस अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। तत्पश्चात पुलिस लाइन परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

पुलिस मॉडर्न स्कूल में छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक सुविधा हेतु निर्माणाधीन पुस्तकालय तथा पुलिस लाइन स्थित आवासों के समीप बेरिया माता मंदिर की ओर चल रहे निर्माण कार्य एवं बाउंड्रीवाल निर्माण की प्रगति का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयबद्ध पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया।

कवच परियोजना के तहत पंचायत सहायकों को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

यूथ इंडिया। पयागपुर,बहराइच



विकासखंड पयागपुर के ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को कवच परियोजना के अंतर्गत आरओएसओ संस्थान बहराइच की ओर से पंचायत सहायकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) महेंद्र प्रताप सिंह ने की। प्रशिक्षण के दौरान बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

इसमें बाल श्रम, बाल विवाह, बच्चों के अधिकार एवं उनके संरक्षण से संबंधित विषयों पर पंचायत सहायकों की भूमिका को रेखांकित किया गया। साथ ही बाल संरक्षण से प्रभावित बच्चों एवं उनके परिवारों को विभिन्न विभागीय और सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में बताया गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सहायकों की भूमिका बाल संरक्षण व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण है। उन्हें जरूरतमंद एवं पात्र बच्चों तथा उनके परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने, योजनाओं के प्रति जागरूक करने और संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पंचायत सहायकों की क्षमता का संवर्धन करना तथा ग्राम पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना रहा।

इसके माध्यम से जरूरतमंद बच्चों को सामाजिक सुरक्षा एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने में पंचायत सहायकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर एडीओ पंचायत महेंद्र प्रताप सिंह, आरओएसओ संस्थान की ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रतिमा सिंह, जिला समन्वयक विकास जायसवाल, एमआईएस गर्वित मौर्य एवं शुभम श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

स्पांच साल का इश्क, मंदिर में शादी... फिर मोहब्बत का टावर ड्रामा

यूथ इंडिया। बाराबंकी



पांच साल का प्रेम, मंदिर में शादी और फिर रिश्तों में ऐसी दरार कि प्यार का मामला मोबाइल टावर तक जा पहुंचा। प्रेमिका की बेरुखी से आहत युवक ने शुक्रवार सुबह ऐसा कदम उठाया कि पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। प्रेमिका से मिलने और उसे मनाने की जिद में युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। देखते ही देखते हजारों की भीड़ जुट गई।

पुलिस और ग्रामीणों के तमाम प्रयास बेअसर रहे, लेकिन जिस प्रेमिका के लिए युवक जान जोखिम में डालकर टावर पर चढ़ा था, उसी के समझाने पर आखिरकार नीचे उतर आया। मामला ग्राम पंचायत मधवापुर के मजरा पारसीपुरवा का है।

थाना मूर्तिहा क्षेत्र के गुलरीघाट निवासी रतनलाल की पुत्री लाली कुमारी उर्फ अंकिता और थाना मोतीपुर के पुरैना रघुनाथपुर निवासी अखिलेश पुत्र छठु के बीच करीब पांच वर्षों से प्रेम संबंध थे। बताया जाता है कि दोनों ने परिवार की मौजूदगी में मंदिर में शादी भी की थी। लेकिन वक्त के साथ रिश्तों में खटास बढ़ती गई और प्रेम कहानी विवाद में तब्दील हो गई।

परिजनों के मुताबिक, युवक की मां ने युवती के अन्य लोगों से संबंध होने का आरोप लगाया है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा था। बताया जाता है कि उर्रा के करिकोर्ट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भी अखिलेश युवती से मिलने की जिद कर रहा था। इसी विवाद के बाद शुक्रवार सुबह वह पारसीपुरवा स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया।

टावर पर चढ़ा प्रेमी, तमाशबीन बना इलाका! युवक को ऊंचाई पर देखकर ग्रामीणों की सांसें अटक गईं। पुलिस प्रशासन उसे सुरक्षित नीचे उतारने के लिए घंटों समझाता रहा, लेकिन युवक अपनी जिद पर अड़ा रहा। आखिरकार प्रेमिका अंकिता के समझाने पर वह टावर से नीचे उतर आया। वहीं अंकिता ने युवक के साथ रहने से इनकार करते हुए आरोप लगाया कि अखिलेश शक्तिवर्धक गोलियों का सेवन करके उसके साथ रहता था।

विधानसभा निर्वाचन-2027 की तैयारियों को लेकर डीएम ने ईवीएम डेमोंसट्रेशन सेंटर का किया निरीक्षण

● मतदाताओं को ईवीएम एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली से कराया जा रहा परिचित, निर्भीक एवं जागरूक होकर मतदान करने की अपील

यूथ इंडिया, अमेठी



आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 के दृष्टिगत जनपद में मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर ईवीएम डेमोंसट्रेशन सेंटर स्थापित किए गए हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने तहसील गौरीगंज में स्थापित ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रदर्शन केंद्र पर रखी बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट मशीन का बारीकी से अवलोकन किया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से केंद्र के माध्यम से संचालित जागरूकता अभियान की प्रगति की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि केंद्र पर आने वाले प्रत्येक नागरिक को ईवीएम एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली के बारे में सरल, सहज एवं स्पष्ट भाषा में जानकारी दी जाए। साथ ही मशीनों के माध्यम से मतदान की पूरी प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन कराकर लोगों की शंकाओं एवं भ्रांतियों का समाधान किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाताओं का जागरूक होना और निर्वाचन प्रक्रिया पर उनका विश्वास बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। ईवीएम एवं वीवीपैट के प्रति मतदाताओं को जागरूक करना प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि ईवीएम के माध्यम से मतदान करते समय मतदाता बैलेट यूनिट का बटन दबाते हैं। इसके बाद वीवीपैट मशीन की स्क्रीन पर पर्ची कुछ सेकंड के लिए दिखाई देती है, जिससे मतदाता अपने मत का सत्यापन कर सकते हैं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ईवीएम डेमोंसट्रेशन सेंटर पर अधिक से अधिक लोगों को जागरूकता अभियान से जोड़ा जाए, ताकि आगामी निर्वाचन से पहले मतदाता मतदान प्रक्रिया को भली-भांति समझ सकें और मतदान के दिन किसी प्रकार की असमंजस या परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने जनपद के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आपका वोट, आपका भविष्य है।

कमालगंज मंडी में सरकारी धान खरीद सुस्त, 20 दिन में सिर्फ 150 कुंतल की खरीद

यूथ इंडिया, कमालगंज



कृषि उत्पादन मंडी समिति कमालगंज में लगे खाद्य विभाग के सरकारी धान क्रय केंद्र पर इस सीजन खरीद की रफ्तार बेहद धीमी है। 1 नवंबर से 20 नवंबर 2026 तक मात्र 150 कुंतल धान की ही सरकारी खरीद हो पाई है।

क्रय केंद्र प्रभारी प्रकाश नारायण सक्सेना ने बताया कि इस बार किसानों का रुख सरकारी क्रय केंद्र की ओर बहुत कम है। इसके दो बड़े कारण हैं, पहला रजिस्ट्रेशन की सख्त प्रक्रिया और दूसरा मंडी में धान को मिल रहा सरकारी मूल्य से कहीं अधिक दाम।

प्रभारी ने बताया कि इस क्षेत्र में अधिकांशतः बासमती सेगमेंट की प्रजातियों का धान होता है। मंडी में बासमती सेगमेंट का धान आमतौर पर 30 रुपये प्रति किलो से ऊपर ही बिक रहा है। कई सेगमेंट तो 3,000 रुपये से लेकर 4,200 रुपये प्रति कुंतल तक बिक रहे हैं। यानी 30 रुपये से 42 रुपये प्रति किलो तक।

जबकि सरकार ने इस वर्ष सामान्य धान का समर्थन मूल्य 2,441 रुपये प्रति कुंतल और ए ग्रेड धान का 2,461 रुपये प्रति कुंतल तय किया है। मंडी में किसानों को इससे 500 से 1,700 रुपये प्रति कुंतल तक अधिक दाम मिल रहा है। इसी वजह से किसान अपना धान सरकारी केंद्र के बजाय प्राइवेट व्यापारियों के पास बेचना पसंद कर रहे हैं।

रजिस्ट्रेशन सख्त होने से बिचौलिए बाहर

प्रकाश नारायण सक्सेना ने बताया कि इस बार रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को काफी सख्त कर दिया गया है, जिसका असर भी खरीद पर पड़ा है। अब सिर्फ उसी व्यक्ति का रजिस्ट्रेशन होता है, जिसके नाम खेती है और जिसकी किसान आईडी है। उसी किसान की फसल को उसकी जमीन के रकबे के हिसाब से ही खरीदा जाता है।

इसी तरह बटाई या पट्टे की जमीन पर खेती करने वालों के लिए एग्रीमेंट अनिवार्य कर दिया गया है। अब बटाईदार किसानों का रजिस्ट्रेशन एग्रीमेंट प्रक्रिया के तहत ही होता है।

प्रभारी का कहना है कि इस सख्ती से अब बिचौलिए अपना धान सरकारी केंद्र पर नहीं भेज पा रहे हैं। अब सिर्फ वास्तविक किसान ही अपना धान बेच पाता है।

सरकार की मंशा हो रही पूरी

कुल मिलाकर इस बार धान की फसल में सरकार की मंशा चरितार्थ होती दिख रही है। सरकार चाहती है कि किसान की उपज सरकारी मूल्य से अधिक मूल्य पर मंडियों में बिके। कमालगंज मंडी में यही हो रहा है। सरकारी मूल्य से अधिक दाम मिलने के कारण किसान खुश हैं और मंडी में ही अपनी उपज बेच रहे हैं।

कच्चे घर से पक्के आशियाने तक का सफर, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने बदली राजाराम की जिंदगी

यूथ इंडिया, अमेठी



ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब और जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित एवं पक्का आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अनेक परिवारों के जीवन में खुशियों की नई रोशनी लेकर आई है। इस योजना के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को न केवल पक्के मकान का सपना पूरा करने का अवसर मिल रहा है, बल्कि उनके जीवन में सुरक्षा, सम्मान और आत्मविश्वास का भाव भी मजबूत हो रहा है।

जनपद अमेठी में भी योजना का लाभ पाकर अनेक परिवार अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव महसूस कर रहे हैं। ऐसी ही बदलाव की कहानी जनपद अमेठी के विकासखंड शाहगढ़ क्षेत्र के ग्राम व पोस्ट सेवई हेमगढ़ निवासी राजाराम की है। राजाराम बताते हैं कि पहले उनका परिवार कच्चे मकान में रहता था। कच्चे घर में रहना उनके लिए हमेशा चिंता का विषय बना रहता था। घर की स्थिति ऐसी थी कि मौसम बदलने के साथ परिवार को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में घर की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती थी, वहीं परिवार के लिए एक सुरक्षित और मजबूत आवास की आवश्यकता हमेशा महसूस होती थी। आर्थिक स्थिति सीमित होने के कारण अपने दम पर पक्का मकान बनवाना उनके लिए आसान नहीं था।

पक्के घर का सपना देखते हुए भी संसाधनों की कमी के चलते वह इस सपने को पूरा नहीं कर पा रहे थे। इसी बीच उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के बारे में जानकारी मिली। योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को आवास निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद परिवार अपने लिए पक्का घर बना सकें। राजाराम को जब इस योजना का लाभ मिला, तो उनके जीवन में आशा की नई किरण जाग उठी।

पांच दिवसीय शैक्षिक एक्सपोजर विजिट का सफल एवं यादगार समापन

यूथ इंडिया, सुलतानपुर



पीएम श्री केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सुल्तानपुर की 40 छात्राओं का दिनांक 16 से 20 नवंबर 2026 तक आयोजित पांच दिवसीय शैक्षिक एक्सपोजर विजिट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शैक्षिक यात्रा के अंतर्गत छात्राओं ने नालंदा विश्वविद्यालय, आईआईटी पटना एवं फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल), पटना का भ्रमण कर उच्च शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी नवाचार एवं फॉरेंसिक विज्ञान की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की।

इस यात्रा का उद्देश्य छात्राओं को किताबी ज्ञान से इतर आधुनिक शैक्षिक एवं वैज्ञानिक संस्थानों के वातावरण से परिचित कराना तथा उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा, नवाचार एवं भविष्य में उच्च शिक्षा प्राप्त करने की प्रेरणा विकसित करना था।

इस पांच दिवसीय भ्रमण में मार्गरक्षी शिक्षिकाओं डॉ. दीपा द्विवेदी एवं अंजना सिंह ने छात्राओं का कुशल मार्गदर्शन एवं देखरेख की। विद्यालय की प्रधानाचार्या पल्लवी सिंह के कुशल नेतृत्व एवं सतत मार्गदर्शन में यह शैक्षिक यात्रा सकुशल एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यात्रा से लौटने पर जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह एवं सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर यादव ने छात्राओं एवं शिक्षिकाओं का आत्मीय स्वागत किया।

उन्होंने छात्राओं के इस ज्ञानवर्धक अनुभव की सराहना करते हुए प्रधानाचार्या पल्लवी सिंह को सफल आयोजन एवं कुशल नेतृत्व के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्या पल्लवी सिंह ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षिक भ्रमण छात्राओं के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास एवं भविष्य के लक्ष्य निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

यह पांच दिवसीय एक्सपोजर विजिट छात्राओं के लिए ज्ञान, अनुभव, प्रेरणा और नई संभावनाओं से परिपूर्ण एक अविस्मरणीय यात्रा सिद्ध हुई।

टीएचआर इकाइयों के भुगतान में देरी से महिलाओं की आजीविका प्रभावित

यूथ इंडिया, सुलतानपुर



जिले में संचालित टीएचआर (टेक होम राशन) इकाइयों के भुगतान में लगातार देरी और कथित अनियमितताओं को लेकर शुक्रवार को सैकड़ों महिलाओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्याएं उठाईं। पांचों टीएचआर प्लांट से जुड़ी समूह महिलाओं ने जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह से मुलाकात कर अपनी आपबीती सुनाई। इसके साथ ही मुख्य विकास अधिकारी से भी मिलकर शिकायत दर्ज कराई और भुगतान प्रक्रिया में सुधार तथा बकाया धनराशि दिलाने की मांग की।

जिले में संचालित सौभाग्य प्रेरणा महिला लघु उद्योग टीएचआर जयसिंहपुर, प्रगति प्रेरणा महिला लघु उद्योग टीएचआर दुबेपुर, संकल्प प्रेरणा महिला लघु उद्योग टीएचआर मगरावा कादीपुर, उद्यमिता प्रेरणा महिला लघु उद्योग टीएचआर देहली बाजार धनपतगंज सहित अन्य इकाइयों की महिलाओं ने भुगतान में देरी, बिल सत्यापन में लापरवाही और भुगतान में कटौती का आरोप लगाया।

महिलाओं का कहना है कि आईसीडीएस से प्राप्त लाभार्थियों की संख्या के अनुसार टीएचआर सामग्री का उत्पादन कर आंगनबाड़ी केंद्रों पर वितरण किया जाता है। इसके बाद बिल बाल विकास परियोजना अधिकारी के सत्यापन के उपरांत भुगतान के लिए जिला स्तर पर प्रस्तुत किए जाते हैं। नियमानुसार भुगतान एक सप्ताह के भीतर होना चाहिए, लेकिन कई बार चार से पांच माह तक भुगतान लंबित रहता है।

इससे प्लांट संचालन और उत्पादन व्यवस्था प्रभावित होती है। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि बिल सत्यापन में भी 10 से 15 दिन की देरी की जाती है। भुगतान लंबित रहने के बावजूद उत्पादन जारी रखने का दबाव रहता है, जबकि बाद में बिलों में कटौती कर दी जाती है। महिलाओं का कहना है कि इस पूरी प्रक्रिया में समूह की महिलाओं की कोई गलती नहीं होने के बावजूद उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि भुगतान की मांग करने पर अधिकारियों द्वारा दबाव बनाया जाता है।

सलेमपुर में अवैध बालू परिवहन पर प्रशासन का बड़ा एक्शन, दो दर्जन से अधिक ट्रक सीज

यूथ इंडिया, सलेमपुर, देवरिया



देवरिया जिले के सलेमपुर में अवैध बालू परिवहन और कर चोरी के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। राजस्व विभाग, खनन विभाग और सलेमपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर बाहर से बालू लेकर आ रहे दो दर्जन से अधिक ट्रकों को सीज कर दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध बालू कारोबार में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया।

जांच के दौरान कई ट्रकों में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। कुछ वाहनों की नंबर प्लेट पर ग्रीस और कालिख लगाकर तो कुछ पर कपड़ा डालकर नंबर छिपाया गया था। वहीं, कई ट्रकों पर नंबर प्लेट ही नहीं लगी थी। प्रथम दृष्टया वाहनों की पहचान छिपाकर बालू का परिवहन किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

संयुक्त टीम ने सभी संदिग्ध ट्रकों को कब्जे में लेकर उनके परिवहन से संबंधित दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों की ओर से बालू के स्रोत, परिवहन की वैधता, ई-चालान और कर भुगतान से जुड़े अभिलेखों की पड़ताल की जा रही है। जांच में अनियमितता मिलने पर संबंधित वाहन स्वामियों और अन्य जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

इस संयुक्त अभियान में उपजिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी, सीओ मनोज कुमार, तहसीलदार सुशील कुमार राजपूत, खनन अधिकारी जितेंद्र शर्मा तथा सलेमपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार सिंह सहित राजस्व, खनन विभाग और पुलिस के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

स्ट्रांग रूम के सामने लगा प्रशिक्षण शिविर, प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 5 बजे तक चलेगा कार्यक्रम

यूथ इंडिया, भाटपार रानी, देवरिया



तहसील परिसर में स्ट्रांग रूम के सामने शुक्रवार को ईवीएम प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को ईवीएम मशीन के संचालन, मतदान प्रक्रिया तथा मशीन के माध्यम से मताधिकार के प्रयोग की जानकारी दी गई।

इस दौरान एसडीएम दीपराज सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता हरिचरण सिंह कुशवाहा, शरीफ अहमद एवं मनोज पाठक,वेदप्रकाश पांडेय सहित अन्य लोगों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। प्रशिक्षण केंद्र पर ड्यूटी जयप्रकाश मौर्य निभा रहे हैं।

प्रशासन की ओर से यह प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अनवर, दीपक कुमार, शांति देवी, वेदप्रकाश पांडेय, प्रेमनारायण गुप्ता, राणाप्रताप, श्रीप्रकाश, चंदन सहित अन्य लोगों ने ईवीएम का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों को ईवीएम की कार्यप्रणाली से परिचित कराना, मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में मताधिकार के महत्व को समझाना है।

वर्षों से एक ही बीज भंडार पर जमे गोदाम प्रभारी, तबादला नीति भी बेअसर

सुलतानपुर। सरकारी विभागों में पारदर्शिता और कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के लिए शासन की ओर से समय-समय पर स्थानांतरण नीति लागू की जाती है, लेकिन राजकीय बीज भंडार बहुरांवा में तैनात गोदाम प्रभारी के मामले में यह नीति बेअसर नजर आ रही है। यहां गोदाम प्रभारी कई वर्षों से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं। लंबे समय से एक ही पटल और स्थान पर तैनाती को लेकर अब विभागीय व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। सबसे चैंकाने वाली बात यह है कि स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि यदि कभी इनका स्थानांतरण किया भी गया तो चंद दिनों बाद ही दोबारा उसी बीज भंडार पर तैनाती मिल गई। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर किस आधार पर बार-बार उसी स्थान पर तैनाती दी जा रही है क्या विभाग में स्थानांतरण के नियमों का पालन सुनिश्चित कराने की कोई व्यवस्था नहीं है। राजकीय बीज भंडार किसानों को सरकारी योजनाओं के तहत बीज उपलब्ध कराने वाली महत्वपूर्ण इकाई है। ऐसे में यहां लंबे समय तक एक ही कर्मचारी की तैनाती और स्थानांतरण के बाद पुनः उसी स्थान पर वापसी की चर्चाओं को विभागीय अधिकारियों को गंभीरता से लेना चाहिए। इससे न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता का सवाल जुड़ा है, बल्कि किसानों के हितों से संबंधित व्यवस्थाओं की निष्पक्षता भी महत्वपूर्ण है। क्षेत्रीय लोगों ने जिलाधिकारी एवं कृषि विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि बहुरांवा राजकीय बीज भंडार पर गोदाम प्रभारी की तैनाती का पूरा रिकॉर्ड खंगाला जाए। यदि स्थानांतरण के बाद पुनः तैनाती दी गई है तो उसके आदेश और कारणों की भी जांच कराई जाए। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या विभागीय अधिकारी इस मामले का संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच कराएंगे या फिर वर्षों से चली आ रही यही व्यवस्था आगे भी जारी रहेगी।

पूर्व जिला जज से तीस लाख की ठगी, तीन पर मुकदमा दर्ज

यूथ इंडिया, झूंसी/प्रयागराज

जमीन दिलाने के नाम पर पूर्व जिला जज से 29 लाख 80 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर बहरिया थाने में तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना और फर्जी दस्तावेज बनाने की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पूर्व जिला जज राघवेन्द्र दत्त मिश्र निवासी बी-207, मेहदौरी कालोनी, तेलियरगंज, थाना शिवकुटी का आरोप है कि दिसंबर 2022 में अजय कुमार सिंह निवासी सादलपुर कहली, थाना मऊआइमा और राकेश कुमार पटेल निवासी फाजिलाबाद उर्फ कालूपुर, थाना बहरिया उनके घर आए थे। दोनों ने कहा कि राकेश के रिश्तेदार शिवपाल और भगौतीदीन की जमीन ग्राम टिकरी में करीब 1 बीघा 11 बिस्वा बिक रही है और भदरी में भी शिवपाल की जमीन बिक रही है। उन्होंने जमीन मौके पर भी दिखाई।

आरोप है कि इसके बाद दोनों ने अग्रिम धनराशि के लिए दबाव बनाया। विश्वास में आकर पूर्व जिला जज ने 18 दिसंबर 2022 को 5 लाख रुपये और 14 जनवरी 2023 को 5-5 लाख रुपये करके कुल 20 लाख रुपए आरटीजीएस से दिए। 13 जनवरी 2023 को 9 लाख 80 हजार रुपये नगद दिए।

कुल 29 लाख 80 हजार रुपये लेने के बाद राकेश और उसकी मां विमला देवी ने 03.08.2023 को नोटरी इकरारनामा भी दिया।इसके बाद शिकायतकर्ता पूर्व जिला जज राघवेंद्र दत्त मिश्रा के पिता की तबीयत बिगड़ गई और उनका निधन हो गया। श्राद्ध के बाद संपर्क करने पर राकेश का फोन बंद मिला और अजय टालमटोल करने लगा। घर जाने पर भगौती प्रसाद ने राकेश को जानने से ही इनकार कर दिया। तब पता चला कि दिए गए आधार कार्ड आदि फर्जी थे।

शिकायत में बताया गया कि गांव वालों के अनुसार अजय कुमार, उसकी पत्नी मंजू देवी और साथियों की गैंग जमीन दिखाकर लोगों का पैसा लेकर गायब हो जाती है। इनके खिलाफ फूलपुर कोतवाली में भी रिपोर्ट दर्ज है और ये जेल भी जा चुके हैं। थानाध्यक्ष मानवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

सलेमपुर तहसील में ईवीएम-वीवीपैट जागरूकता केंद्र का शुभारंभ, मतदाताओं को मिलेगा व्यावहारिक प्रशिक्षण

यूथ इंडिया, सलेमपुर, देवरिया



मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली से परिचित कराने के उद्देश्य से सलेमपुर तहसील परिसर में ईवीएम प्रशिक्षण एवं जागरूकता केंद्र का शुभारंभ किया गया। उप जिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी ने फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी ने बताया कि जागरूकता केंद्र के माध्यम से नए मतदाताओं सहित आम नागरिकों को ईवीएम और वीवीपैट से मतदान करने की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। केंद्र पर मशीनों का प्रदर्शन कर मतदान की पूरी प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही मतदाताओं की जिज्ञासाओं और शंकाओं का समाधान भी किया जाएगा, जिससे वे मतदान के समय मशीनों का सहजता से उपयोग कर सकें।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 21 नवंबर 2026 से प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह जागरूकता कार्यक्रम निर्वाचन अधिसूचना जारी होने तक संचालित रहेगा।

वहीं, तहसील परिसर में ईवीएम मशीनों की सुरक्षा के लिए स्ट्रांग रूम बनाया गया है। इसमें मशीनों को सुरक्षित रखने के लिए दोहरी ताला व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के मद्देनजर कक्ष का बिजली कनेक्शन भी काट दिया गया है। परिसर में सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही है तथा पुलिस बल की तैनाती की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी अलग-अलग पालियों में लगाई गई है।

कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार सुशील कुमार, नायब तहसीलदार सलेमपुर एवं भटनी, मास्टर ट्रेनर चंदन गुप्ता सहित तहसील के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

सिंचाई के समय में नहरों की हो रही सफाई, पलेवा कार्य प्रभावित

● सपा नेता अवधेश नारायण यादव ने तत्काल नहरों में पानी छोड़े जाने की मांग की

यूथ इंडिया, झूंसी/प्रयागराज



तहसील क्षेत्र के विभिन्न नहरों में इस सफाई सफाई कार्य हो रहा है। जबकि इस समय गेहूं, मटर, सरसों की बुआई के लिए पलेवा कार्य करने के लिए क्षेत्रीय किसान दरबदर भटक रहे हैं। हंडिया तहसील क्षेत्र में स्थित विधानसभा प्रतापपुर क्षेत्र में नहरों का जाल बिछा हुआ है।

किसानों द्वारा अपनी धान की कटाई करके गेहूं व अन्य फसलों की बुवाई के लिए पलेवा कार्य बहुत ही आवश्यक है। लेकिन नहरों में पानी छोड़ने के बजाय इस समय नहरों की जेसीबी मशीन से सफाई कराई जा रही है। जिससे सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है। हां इतना जरूर है की हर साल सफाई करने से ठेकेदारों की चांदी कट रही है। नहरों की सफाई के नाम पर सरकारी धन का दोहन किया जा रहा है।

समाजवादी पार्टी के नेता अवधेश नारायण यादव ने किसानों की समस्या को देखते हुए तत्काल नहरों में पानी छोड़े जाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर तत्काल नहरों में पानी नहीं छोड़ा गया तो तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

सरोज विद्याशंकर इंटर कॉलेज में खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

यूथ इंडिया, झूंसी/प्रयागराज



सरोज विद्याशंकर इंटर कॉलेज में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण(एफएसएसएआई) के तत्वावधान में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, जनपद प्रयागराज की टीम द्वारा विद्यार्थियों को खाद्य पदार्थों की शुद्धता, गुणवत्ता एवं मिलावट के प्रति जागरूक करने हेतु एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लैब टेक्नीशियन अमित कुमार एवं सहायक लैब टेक्नीशियन विनोद कुमार ने विद्यार्थियों को विभिन्न खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान करने के सरल वैज्ञानिक तरीके प्रयोगों के माध्यम से समझाए।

उन्होंने दूध में डिटर्जेंट एवं स्टार्च की मिलावट, हल्दी पाउडर की शुद्धता तथा पनीर में स्टार्च की उपस्थिति की पहचान के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर लैब टेक्नीशियन अमित कुमार ने आयोडीन टिंचर के प्रयोग द्वारा दूध में स्टार्च की पहचान का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि आयोडीन डालने पर यदि दूध का रंग नीला-काला हो जाता है, तो यह उसमें स्टार्च की उपस्थिति का संकेत हो सकता है।

इस प्रकार के प्रयोगों ने विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न करने के साथ-साथ दैनिक जीवन में खाद्य सुरक्षा के महत्व को भी समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को फास्ट फूड एवं अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के सेवन से बचने तथा घर पर बने ताजे एवं पौष्टिक भोजन को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता के प्रति प्रत्येक उपभोक्ता को जागरूक रहना चाहिए।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मानकों का पालन करने वाले खाद्य पदार्थों का ही सेवन करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय् के सांस्कृतिक प्रमुख जयद्रथ श्रीमुख ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, जनपद प्रयागराज की पूरी टीम तथा जागरूकता वैन के माध्यम से पधारे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एफ एस एस ए आई द्वारा खाद्य पदार्थों की शुद्धता, गुणवत्ता एवं सुरक्षित खानपान के प्रति जन-जागरूकता फैलाने की यह पहल अत्यंत सराहनीय एक समाजोपयोगी है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ जीवनोपयोगी वैज्ञानिक जानकारी भी प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने प्रयोगों को उत्सुकता एवं रुचि के साथ देखा तथा खाद्य पदार्थों क शुद्धता से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं।

जल जीवन मिशन में 15 हजार करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप, संजय सिंह ने योगी सरकार को घेरा

● आप सांसद ने प्रमुख सचिव से लेकर मुख्यमंत्री तक उठाए सवाल

यूथ इंडिया, लखनऊ



उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत कराए गए कार्यों को लेकर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बड़ा भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि गांवों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के नाम पर करीब 15 हजार करोड़ रुपये की सरकारी धनराशि का दुरुपयोग किया गया। संजय सिंह ने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर बिना काम किए ही सरकारी धन निकाल लिया गया। उन्होंने इस पूरे मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कार्रवाई की मांग की।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में संजय सिंह ने कहा कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक पानी पहुंचाना था, लेकिन योजना के क्रियान्वयन में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के मामलों में जिम्मेदार अधिकारियों को संरक्षण दिया जा रहा है और केंद्र की जांच एजेंसियां भी मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही हैं।

संजय सिंह ने कासगंज, बरेली, सीतापुर और बस्ती में पानी की टंकियां गिरने की घटनाओं का जिक्र करते हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। उन्होंने खुदाई के नाम पर कथित घोटाले और ब्लैकलिस्टेड कंपनियों से सामान खरीदने के आरोप भी लगाए। बरेली में पानी की टंकी बनाने वाली कंपनी को हैदराबाद में करोड़ों रुपये का टेंडर मिलने पर भी उन्होंने सवाल खड़े किए।

सांसद ने विभागीय मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पूछा कि कथित अनियमितताओं में शामिल अधिकारियों के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि जनता के पैसे से चलने वाली योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होनी चाहिए।

संजय सिंह ने नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि कंपनी ने भाजपा को 60 करोड़ रुपये का चंदा दिया है। उन्होंने सवाल किया कि कंपनी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बावजूद उसे सरकारी टेंडर कैसे मिल रहे हैं। उन्होंने इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की भूमिका पर भी सवाल उठाए। संजय सिंह के मुताबिक, 14 सितंबर को ईडी ने विभाग से भ्रष्टाचार से संबंधित रिपोर्ट मांगी थी, लेकिन अब तक जांच और कार्रवाई को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान संजय सिंह ने गोरखपुर की एक घटना का भी जिक्र किया और पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर मामले को लेकर परिवार को भड़काने का आरोप लगाया। साथ ही बिना जांच हत्या का आरोप लगाने और हादसे पर राजनीति करने का दावा किया। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज जारी कर पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

संजय सिंह ने लखनऊ के अर्जुनगंज में मुख्यमंत्री के काफिले से जुड़े हादसे का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने दावा किया कि इस घटना में मां-बेटे की मौत हुई थी। उन्होंने सवाल किया कि मामले में अब तक क्या कार्रवाई हुई है। उनका आरोप था कि भाजपा से जुड़े लोगों के मामलों में कार्रवाई नहीं होती, जबकि अन्य मामलों में पुलिस तेजी से कार्रवाई करती है। आप सांसद ने अपने खिलाफ दर्ज मुकदमों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में उनके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज कराए गए हैं।

यूपी के विश्वविद्यालयों में एआई से होगी छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग, सात कुलपतियों की टास्क फोर्स गठित

यूथ इंडिया, लखनऊ



उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों में पढ़ाई के साथ छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित एक कॉमन प्लेटफार्म विकसित करने की पहल शुरू की है। इस प्लेटफार्म के माध्यम से छात्रों की मानसिक स्थिति का आकलन किया जाएगा और उनकी जरूरतों की पहचान कर समय रहते आवश्यक सहयोग, काउंसिलिंग और उपचार उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने सात कुलपतियों की टास्क फोर्स गठित की है, जिसे 15 दिन के भीतर अपनी कार्ययोजना शासन को सौंपनी होगी।

कानपुर विश्वविद्यालय में सितंबर में आयोजित एआई मंथन 2.0 के बाद उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस्तेमाल को लेकर गतिविधियां तेज हुई हैं। इसी कड़ी में विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य की निगरानी और जरूरत के अनुसार सहायता उपलब्ध कराने के लिए यह नई व्यवस्था तैयार की जा रही है। इस पहल को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली की ओर से शुरू की गई नेवर अलोन यानी आप अकेले नहीं हैं मुहिम से भी जोड़ा गया है। इसके तहत राज्य विश्वविद्यालयों में छात्रों की मानसिक स्थिति की स्क्रीनिंग, समय पर हस्तक्षेप और उपचार की व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया जाएगा।

उच्च शिक्षा विभाग के उप सचिव राम जन्म चौहान की ओर से जारी आदेश के अनुसार, उत्तर प्रदेश यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज (यूपीयूएमएस), सैफई के कुलपति प्रो. अजय सिंह को टास्क फोर्स का संयोजक बनाया गया है। इसके अलावा छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी, वीर बहादुर सिंह विश्वविद्यालय, जौनपुर के कुलपति प्रो. आरके सिंह, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के कुलपति प्रो. बृजेंद्र सिंह और स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय, शाहजहांपुर के कुलपति प्रो. पीबी सिंह को सदस्य बनाया गया है।

टास्क फोर्स को प्रदेश के विश्वविद्यालयों में पहले से संचालित काउंसिलिंग सेंटर, मेंटर-मेंटी योजना, हैप्पी थिंकिंग लैब, वेलनेस सेंटर और म्यूजिक थेरेपी सेंटर की मौजूदा स्थिति की समीक्षा करनी होगी। इन व्यवस्थाओं की उपयोगिता और विद्यार्थियों तक उनकी पहुंच का आकलन करने के बाद नई कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इसमें यह भी तय किया जाएगा कि एआई आधारित प्लेटफार्म को विश्वविद्यालयों में किस तरह लागू किया जाए और छात्रों को इससे किस प्रकार जोड़ा जाए।

टास्क फोर्स की रिपोर्ट मिलने के बाद शासन स्तर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत एआई तकनीक की मदद से विद्यार्थियों की मानसिक स्थिति और उनकी व्यक्तिगत जरूरतों का आकलन किया जा सकेगा। इससे तनाव या अन्य मानसिक परेशानियों से जूझ रहे विद्यार्थियों की समय रहते पहचान करने में सहायता मिलने की उम्मीद है।

यूपी को 403 विधानसभा सीटों पर नजर, चिराग पासवान ने जीजा अरूण भारती को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

यूथ इंडिया, लखनऊ



उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने भी प्रदेश में संगठन विस्तार की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने उत्तर प्रदेश में संगठन खड़ा करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी जमुई से सांसद अरुण भारती को सौंपी है। 18 नवंबर को लखनऊ में पार्टी कार्यालय के उद्घाटन के दौरान चिराग पासवान ने इसकी घोषणा की।

अरुण भारती अब उत्तर प्रदेश की राजनीति में पार्टी का आधार मजबूत करने के लिए काम करेंगे। वह लखनऊ में रहकर प्रदेश की राजनीतिक गतिविधियों पर नजर रखेंगे और संगठन विस्तार की रणनीति तैयार करेंगे। पार्टी की योजना प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर अपनी राजनीतिक मौजूदगी मजबूत करने की है। इसी के तहत अरुण भारती को संभावित उम्मीदवारों की जानकारी जुटाने, स्थानीय राजनीतिक समीकरण समझने और नए कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ने की जिम्मेदारी दी गई है। अरुण भारती के सामने सबसे बड़ी चुनौती जिला स्तर से लेकर विधानसभा स्तर तक मजबूत संगठन तैयार करने की होगी। उन्हें प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में पार्टी की स्थिति का आकलन करना होगा। इसके साथ ही स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपने, नए चेहरों को आगे लाने तथा चुनावी संभावनाओं वाली सीटों पर फीडबैक जुटाने का काम भी करना होगा। अरुण भारती लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के जीजा हैं। वह चिराग की बहन निशा भारती के पति हैं। बिहार की जमुई लोकसभा सीट से उन्होंने 2024 का लोकसभा चुनाव जीतकर संसद में प्रवेश किया था। राजनीति में सक्रिय होने से पहले वह कारोबार से जुड़े हुए थे। रामविलास पासवान के निधन के बाद वह चिराग पासवान के साथ सक्रिय राजनीति में आए और अब उन्हें उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राजनीतिक राज्य में संगठन खड़ा करने की जिम्मेदारी मिली है। पार्टी की ओर से उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी के संकेत दिए जा रहे हैं।

पीएम मोदी के दौरे से पहले जलकल कार्यालयों पर लगे स्वेज इंडिया के खिलाफ पोस्टर

यूथ इंडिया, लखनऊ



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लखनऊ दौरे से पहले जलकल विभाग में उस समय हलचल मच गई, जब जोन-4 में सीवर का काम देख रही कार्यदायी संस्था स्वेज इंडिया के खिलाफ अज्ञात लोगों ने विरोध पोस्टर लगा दिए। विवेक खंड और विभव खंड स्थित जलकल विभाग के कार्यालयों पर लगाए गए इन पोस्टरों में कंपनी पर भ्रष्टाचार, मनमानी और लापरवाही के आरोप लगाए गए हैं। पोस्टर लगाए जाने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है।

गुरुवार देर रात लगाए गए इन पोस्टरों में स्वेज इंडिया के खिलाफ नारे लिखे गए हैं। इनमें %स्वेज कंपनी का भ्रष्टाचार नहीं चलेगा%, %स्वेज कंपनी तेरी तानाशाही नहीं चलेगी% और %स्वेज कंपनी योगी सरकार को बदनाम न करो, अपना काम करो% जैसे नारे शामिल हैं। पोस्टर जलकल विभाग के अधिकारियों के चैंबर के बाहर भी चिपकाए गए हैं। हालांकि, इन्हें किसने लगाया है, इसकी जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है।

पोस्टरों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समर्थन में भी नारे लिखे गए हैं। इसके अलावा नितिन नवीन के समर्थन में भी नारे लगाए गए हैं। प्रधानमंत्री के लखनऊ दौरे से ठीक पहले सरकारी कार्यालयों में इस तरह के पोस्टर लगाए जाने से विभागीय हलकों में चर्चा तेज हो गई है। पोस्टरों के माध्यम से सीवर व्यवस्था को लेकर स्थानीय लोगों की नाराजगी भी सामने आई है। पोस्टर में साफ तौर पर लिखा गया है कि जब सीवर की सफाई नहीं हो रही है तो उसका टैक्स भी नहीं दिया जाएगा। आरोप लगाया गया है कि क्षेत्र में सीवर की समस्या को लेकर कई बार शिकायतें की गई, लेकिन उनका समाधान नहीं हुआ। इसके बावजूद जलकल विभाग की ओर से सीवर टैक्स जमा करने का दबाव बनाया जाता है। इसी नाराजगी के चलते टैक्स नहीं देने की बात पोस्टर में कही गई है।

इस मामले में जीएम जलकल कुलदीप सिंह ने कहा कि उन्हें पोस्टर लगाए जाने की कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने इस विषय पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। वहीं, स्वेज इंडिया के कम्युनिकेशन हेड अक्षय सक्सेना ने बताया कि संबंधित स्लोगन लगाए गए हैं, लेकिन इस विषय में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि जोन-4 की टीम संबंधित क्षेत्र में सीवर से जुड़े सभी कार्यों का संपादन कर रही है।

पीएम मोदी के दौरे से पहले लखनऊ में सुरक्षा सख्त, होटलों में पुलिस का चेकिंग अभियान

यूथ इंडिया, लखनऊ



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 21 नवंबर को प्रस्तावित लखनऊ दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। होटल, गेस्ट हाउस, सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है।

प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए पुलिस की टीमें अलग-अलग इलाकों में पहुंचकर होटलों और गेस्ट हाउस की जांच कर रही हैं। इस दौरान वहां ठहरे लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस होटल संचालकों से कमरों में ठहरे लोगों का पूरा ब्योरा रखने और संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल सूचना देने के निर्देश दे रही है। शहर के प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर भी पुलिस की सक्रियता बढ़ा दी गई है। चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर विशेष नजर रखी जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार गश्त करने और संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

पुलिस प्रशासन का उद्देश्य प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान शहर में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। इसके लिए विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है। कार्यक्रम से पहले शहर में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत पुलिस की टीमें लगातार जांच-पड़ताल कर रही हैं।

कैंसर की शुरूआती पहचान के नए तरीकों पर होगा मंथन, साइटोकॉन-2026 में जुटेंगे देश-विदेश के विशेषज्ञ

यूथ इंडिया, लखनऊ



कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की शुरुआती और सटीक पहचान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और आधुनिक मॉलिक्यूलर तकनीकों के इस्तेमाल पर लखनऊ में देश-विदेश के विशेषज्ञ मंथन करेंगे। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में 20 से 23 नवंबर तक इंडियन एकेडमी ऑफ साइटोलॉजिस्ट्स का 56वां वार्षिक सम्मेलन साइटोकॉन-2026 आयोजित किया जा रहा है। इसमें देश और विदेश के करीब एक हजार विशेषज्ञों के शामिल होने की जानकारी दी गई है।

एसजीपीजीआई के श्रुति सभागार में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन की थीम %नेक्स्ट जेन साइटोलॉजी = एआई, मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स एंड क्लीनिकल रेलेवेंस% रखी गई है। सम्मेलन में अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, पोलैंड, क्रोएशिया, रूस और कुवैत के दस अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ शामिल होंगे। इनके अलावा 80 से अधिक राष्ट्रीय विशेषज्ञ विभिन्न विषयों पर व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम में कैंसर की शुरुआती पहचान, आधुनिक जांच विधियों और उनके चिकित्सकीय उपयोग पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

20 नवंबर को आयोजित प्री-कॉन्फ्रेंस सीएमई में मॉलिक्यूलर साइटोपैथोलॉजी और प्रिसिजन डायग्नोसिस पर विशेषज्ञ अपने विचार साझा करेंगे। इसमें थायरॉइड, स्तन, सर्विक्स, फेफड़े, अंडाशय और लार ग्रंथि के ट्यूमर की पहचान में मॉलिक्यूलर मार्कर के इस्तेमाल की जानकारी दी जाएगी। इसके माध्यम से डॉक्टरों और पैथोलॉजिस्ट को बीमारी की सटीक पहचान के लिए उपलब्ध आधुनिक तकनीकों से परिचित कराया जाएगा।

21 और 22 नवंबर को सम्मेलन के दौरान विशेषज्ञ व्याख्यान, पैनल चर्चा, क्विज और शोधपत्र सत्र आयोजित होंगे। टाटा मेमोरियल अस्पताल मुंबई के डॉ. भरत रेखी और डॉ. पीएन वाही के साथ क्रोएशिया की डॉ. दानिजेला व्रदोलजाक मोजेटिक विशेष व्याख्यान देंगी। इन सत्रों में कैंसर की जांच और नई तकनीकों के व्यावहारिक उपयोग से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।

23 नवंबर को छह हैंड्स-ऑन कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इनमें सर्वाइकल और लिक्विड बेस्ड साइटोलॉजी, मॉलिक्यूलर तकनीक, सेल ब्लॉक, आईसीसी-फिश, थायरॉइड, लार ग्रंथि और इफ्यूजन साइटोलॉजी से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। आयोजन सचिव प्रो. राम नवल राव के अनुसार, इस सम्मेलन से युवा पैथोलॉजिस्ट को अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों से सीखने और नई तकनीकों की जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

इसी बीच लखनऊ में गंभीर बीमारियों की सटीक पहचान और बेहतर उपचार को लेकर किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में भी 20 से 22 नवंबर तक तीसरा राष्ट्रीय प्रिसिजन मेडिसिन एंड इंटेंसिव केयर कॉन्फ्रेंस (पीएमआइसी-2026) आयोजित किया जा रहा है।

नकली दवाओं के बड़े नेटवर्क का खुलासा, हिमाचल की तीन फार्मा कंपनियां जांच के घेरे में

● करोड़ो के कारोबार की आशंका

यूथ इंडिया, लखनऊ



उत्तर प्रदेश में नकली दवाओं के कारोबार को लेकर यूपी एसटीएफ की जांच में एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। जांच के दौरान हिमाचल प्रदेश की तीन फार्मा कंपनियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। इनमें बद्दी स्थित वीडी फार्मा का नाम भी सामने आया है। आरोप है कि यहां बिना लाइसेंस के दवाओं का निर्माण और सप्लाई की जा रही थी। एसटीएफ अब इन तीनों कंपनियों से जुड़े दस्तावेजों, अधिकारियों और सप्लाई नेटवर्क की गहराई से पड़ताल कर रही है। जांच में इस बात की भी आशंका जताई जा रही है कि नकली दवाओं के इस पूरे कारोबार में फार्मा कंपनियों के कुछ अधिकारी भी शामिल हो सकते हैं।

एसटीएफ की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, इस अवैध कारोबार से जुड़े नए नाम सामने आ रहे हैं। गिरफ्तार आरोपियों हसीन और मोनू के सीधे फार्मा कंपनियों से जुड़े होने की जानकारी मिली है। दोनों न केवल कंपनियों से संपर्क में रहते थे, बल्कि दवाओं के सप्लायरों के साथ भी उनका नेटवर्क था। जांच में हसीन के भाई वसीम और पंकज की भूमिका भी सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक, एसटीएफ ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। टीम इनके संपर्कों और कारोबार में उनकी वास्तविक भूमिका से जुड़े साक्ष्य जुटा रही है।

जांच एजेंसी को आशंका है कि यह गिरोह लंबे समय से नकली दवाओं का कारोबार कर रहा था और हर महीने करोड़ों रुपये की दवाएं बाजार में खपाई जा रही थीं। एसटीएफ अब यह पता लगाने में जुटी है कि दवाओं के निर्माण में फार्मा कंपनियों के संसाधनों का इस्तेमाल किया गया था या फिर कंपनी के अधिकारियों की जानकारी और मिलीभगत से यह पूरा कारोबार संचालित हो रहा था। यदि जांच में कंपनी के अधिकारियों की संलिप्तता साबित होती है तो मामला और गंभीर हो सकता है।

जांच में यह भी सामने आया है कि गिरोह के सदस्य आपस में बातचीत करने के लिए जांगी एप का इस्तेमाल करते थे। इस एप पर फर्जी नामों से खाते बनाए गए थे, ताकि उनकी वास्तविक पहचान सामने न आ सके। दवाओं के कारोबार से जुड़ा आर्थिक लेनदेन नकद और बैंक खातों के माध्यम से किया जाता था। एसटीएफ अब आरोपियों के बैंक खातों, डिजिटल संपर्कों और वित्तीय लेनदेन की जांच कर रही है।

शहीद पथ पर तेल टैंकर ने नगर निगम की स्वीपिंग मशीन में मारी टक्कर

लखनऊ। गोमतीनगर इलाके में हुसड़िया चौराहे के पास शहीद पथ पर सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार तेल टैंकर ने नगर निगम की स्वीपिंग मशीन में टक्कर मार दी। हादसे के दौरान एक स्कूटी सवार भी इसकी चपेट में आ गया, जिससे वह घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के मुताबिक, शहीद पथ पर नगर निगम की स्वीपिंग मशीन सफाई कार्य में लगी थी। इसी दौरान वहां से गुजर रहे तेल टैंकर ने मशीन में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पास से गुजर रहा स्कूटी सवार भी हादसे की चपेट में आ गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और यातायात व्यवस्था संभालने में जुट गया। सड़क पर टैंकर के फंसे होने के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो गई थी।

लखनऊ में घर के पीछे मिला बैंककर्मी का शव

लखनऊ। महिंगवां थाना क्षेत्र के इंदारा गांव में शुक्रवार को एक बैंककर्मी का शव घर के पीछे टीनशेड के लोहे के पोल से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 55 वर्षीय अशोक मिश्रा के रूप में हुई है। वह आर्यावर्त बैंक में संविदाकर्मी के पद पर कार्यरत थे। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के मुताबिक, इंदारा गांव निवासी अशोक मिश्रा का शव घर के पीछे बने टीनशेड में लोहे के पोल से कपड़े के फंदे के सहारे लटका मिला। काफी देर तक कोई हलचल नहीं होने पर परिजनों और आसपास के लोगों को घटना की जानकारी हुई। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही महिंगवां थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने वालों की संख्या में 98 प्रतिशत की भारी गिरावट, रोजाना 250 से घटकर पांच पर पहुंचा आंकड़ा

यूथ इंडिया, लखनऊ



राजधानी लखनऊ में स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) बनवाने वाले आवेदकों की संख्या में अचानक भारी गिरावट दर्ज की गई है। परिवहन विभाग की नई व्यवस्था लागू होने के बाद स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया आवेदकों के लिए पहले से अधिक कठिन होती दिखाई दे रही है। स्थिति यह है कि जहां पहले राजधानी में प्रतिदिन औसतन 250 स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए जाते थे, वहीं अब यह संख्या घटकर पांच के आसपास रह गई है। इस तरह डीएल जारी होने की संख्या में लगभग 98 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

इस गिरावट के पीछे सबसे प्रमुख कारण काकोरी के उदितखेड़ा में स्थापित निजी ड्राइविंग टेस्ट सेंटर की अधिक दूरी को माना जा रहा है। आवेदकों का कहना है कि केंद्र तक पहुंचने के लिए लंबा सफर तय करना पड़ता है। इसके अलावा रास्ते की खराब स्थिति और सुरक्षा संबंधी परेशानियां भी लोगों को वहां जाने से रोक रही हैं। खासतौर पर महिला आवेदकों को इस नई व्यवस्था के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

परिवहन विभाग ने स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से नई व्यवस्था लागू की है। इसके तहत 14 सितंबर से काकोरी के उदितखेड़ा में राजधानी का पहला निजी ड्राइविंग टेस्ट सेंटर शुरू किया गया।

इससे पहले आवेदकों को स्थायी लाइसेंस के लिए ट्रांसपोर्टनगर स्थित आरटीओ कार्यालय या देवा रोड स्थित एआरटीओ कार्यालय जाना पड़ता था। यहां आवेदकों के दस्तावेजों और बायोमीट्रिक प्रक्रिया की जांच के बाद ड्राइविंग टेस्ट लिया जाता था।

नई व्यवस्था के तहत अब आवेदकों को ड्राइविंग टेस्ट देने के लिए उदितखेड़ा स्थित निजी केंद्र पहुंचना पड़ता है। यहां वाहन चलाने की क्षमता की जांच की जाती है और टेस्ट की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की जाती है। टेस्ट में सफल होने वाले आवेदकों का लाइसेंस डाक के माध्यम से उनके घर भेजने की व्यवस्था है।

अवधी और भोजपुरी के 472 पारंपरिक विवाह गीतों से सजी पुस्तक धरोहर का विमोचन

यूथ इंडिया, लखनऊ



विवाह संस्कारों और लोकगीतों की समृद्ध परंपरा को संरक्षित करने तथा आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से लेखिका अनिता श्रीवास्तव की पुस्तक धरोहर का बृहस्पतिवार को गोमतीनगर स्थित उर्दू अकादमी प्रेक्षागृह में भव्य समारोह के बीच विमोचन किया गया। इस पुस्तक में अवधी और भोजपुरी भाषा के 472 पारंपरिक विवाह गीतों का संग्रह किया गया है। पुस्तक के माध्यम से उत्तर प्रदेश की लोक संस्कृति, पारंपरिक विवाह रीति-रिवाजों और सदियों से चली आ रही गीत-संगीत की परंपरा को एक स्थान पर संजोने का प्रयास किया गया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह ने की। उन्होंने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि %धरोहर% केवल लोकगीतों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने और नई पीढ़ी तक पारंपरिक संस्कार पहुंचाने का एक श्रमसाध्य प्रयास है। उन्होंने कहा कि विवाह के अवसर पर गाए जाने वाले पारंपरिक गीत हमारी सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इन गीतों में परिवार, रिश्तों, परंपराओं और लोकजीवन की भावनाएं समाहित होती हैं। ऐसे में इनका संकलन और संरक्षण बेहद महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष डॉ. जयंत खोत उपस्थित रहे। उन्होंने पुस्तक के प्रकाशन को लोक संस्कृति और पारंपरिक संगीत के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

राहुल गांधी के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, पुतला फूंकने का प्रयास

● भारत समिट को लेकर कांग्रेस नेता पर लगाए गंभीर आरोप, पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच हुई नोकझोंक

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



हैदराबाद में 14 नवंबर को आयोजित भारत समिट को लेकर राजनीतिक विवाद लगातार बढ़ता नजर आ रहा है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारत विरोधी ताकतों को मंच देने और देश की छवि खराब करने का आरोप लगाया है। इसी विरोध में भाजपा नेता रामवीर चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फतेहगढ़ चौराहे पर प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी का पुतला फूंकने का प्रयास किया। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की, जिसको लेकर भाजपा नेताओं और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हो गई।

भाजपा नेताओं का आरोप है कि हैदराबाद में आयोजित भारत समिट के माध्यम से देश की छवि को नुकसान पहुंचाने और अस्थिरता पैदा करने की कोशिश की गई। उनका कहना है कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री और चुनाव आयोग के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणियां की गईं। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि समिट में पार्टी ऑफ यूरोपियन सोशलिस्ट्स के महासचिव जियाकोमो फिलिबेक को मंच दिया गया, जहां उन्होंने कथित तौर पर वोट चोर, गद्दी छोड़ का नारा लगाया। भाजपा नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी ने इस नारे पर आपत्ति जताने के बजाय तालियां बजाई और मुस्कराते दिखाई दिए।

इन्हीं आरोपों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फतेहगढ़ चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया। रामवीर चौहान के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला जलाने का प्रयास किया। हालांकि, पहले से मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने पुतला जलाने से रोकने की कोशिश की। इस दौरान भाजपा नेता शिवम दुबे, अनिल तिवारी और रामवीर चौहान की पुलिसकर्मियों से नोकझोंक हो गई।

प्रदर्शन के दौरान स्थिति उस समय और गरमा गई, जब पुलिस की रोक के बावजूद शिवम दुबे ने पुतले में आग लगा दी। इसके बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने पुतला छीन लिया और अपने साथ ले गए। घटना के दौरान चौराहे पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। प्रदर्शन में बबिता पाठक, किरन सिंह, विजय पाण्डेय, सनी यादव, आदित्य राठौर, आरबी सिंह और डीसी दीक्षित सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ अपना विरोध जताते हुए भारत समिट में हुई गतिविधियों पर आपत्ति दर्ज कराई। फिलहाल भारत समिट को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। फतेहगढ़ चौराहे पर हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच हुई नोकझोंक भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

लोकेशन की समस्या से शिक्षक नहीं कर पा रहे स्व-जनगणना, गांवों में जागरूकता अभियान तेज

● जिलाधिकारी के निर्देश पर गांव-गांव पहुंच रहे शिक्षक, 1 दिसंबर से घर-घर होगा सत्यापन

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



जिले के अमृतपुर क्षेत्र में स्व-जनगणना को लेकर प्रशासन की तैयारियां तेज हो गई हैं। जिलाधिकारी अंकुर लाठर के निर्देश पर शिक्षक और शिक्षामित्र गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों को स्व-जनगणना के प्रति जागरूक कर रहे हैं। प्रशासन का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक लोग स्वयं अपनी जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज करें और इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

हालांकि, इस अभियान के दौरान शिक्षकों के सामने तकनीकी समस्याएं भी सामने आ रही हैं। बताया जा रहा है कि स्व-जनगणना से जुड़े मोबाइल ऐप में सही लोकेशन नहीं मिलने के कारण शिक्षक और शिक्षामित्र अपना काम सुचारु रूप से नहीं कर पा रहे हैं। कई स्थानों पर लोकेशन की समस्या के चलते प्रक्रिया प्रभावित हो रही है, जिससे कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जिलाधिकारी के निर्देश पर शिक्षक ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को स्व-जनगणना के महत्व के बारे में जानकारी दे रहे हैं। ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि जनगणना केवल आंकड़े जुटाने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि इससे क्षेत्र की जनसंख्या, आवासीय स्थिति और विकास संबंधी योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। शिक्षक लोगों को अपनी सही जानकारी उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, ताकि जनगणना का कार्य पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से पूरा किया जा सके।

अभियान में जुटे शिक्षकों और शिक्षामित्रों के सामने सबसे बड़ी परेशानी मोबाइल ऐप में सही लोकेशन दर्ज करने को लेकर आ रही है। लोकेशन संबंधी तकनीकी दिक्कतों के कारण स्व-जनगणना का कार्य प्रभावित हो रहा है। शिक्षकों का मानना है कि यदि ऐप की तकनीकी समस्या का जल्द समाधान कर दिया जाए तो अभियान को और अधिक गति मिल सकती है। इसके लिए संबंधित तकनीकी व्यवस्था को दुरुस्त करना आवश्यक है, जिससे कर्मचारियों को गांवों में काम करने में आसानी हो।

प्रशासन की योजना के अनुसार 1 दिसंबर से घर-घर जाकर सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस दौरान संबंधित कर्मचारी मकानों और परिवारों से जुड़ी जानकारी का सत्यापन करेंगे। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दर्ज की गई जानकारी सही और व्यवस्थित हो। सत्यापन प्रक्रिया में ग्रामीणों की सहभागिता भी महत्वपूर्ण होगी। लोगों से अपील की जा रही है कि वे कर्मचारियों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं और अभियान में सहयोग करें।

जिलाधिकारी अंकुर लाठर के निर्देश पर चल रहा जागरूकता अभियान जनगणना प्रक्रिया को सफल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अब प्रशासन के सामने चुनौती यह है कि तकनीकी समस्याओं को समय रहते दूर किया जाए, ताकि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्य पूरा हो सके। फिलहाल गांवों में शिक्षकों की सक्रियता और प्रशासन की तैयारियों के बीच सभी की निगाहें 1 दिसंबर से शुरू होने वाले घर-घर सत्यापन अभियान पर टिकी हैं। तकनीकी समस्याओं का समाधान और ग्रामीणों का सहयोग इस अभियान की सफलता में अहम भूमिका निभाएगा।

गाली गलौज के बाद मारपीट और जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद

मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। गांव रोहिल्ला निवासी सुनील कुमार पुत्र शिवराज सिंह ने इंदिरा नगर निवासी मोहम्मद आसिफ खां पुत्र अमीनउल्ला पर गाली-गलौज करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

पीड़ित सुनील कुमार की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी मोहम्मद आसिफ खां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस का कहना है कि प्राप्त शिकायत के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच की जा रही है।

31 पव्वे अवैध देशी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

फर्रुखाबाद। मऊदरवाजा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति के कब्जे से 31 पव्वे देशी शराब बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान मनोज उर्फ बबलू पुत्र लल्लन निवासी गुडिला टिलिया अहमदगंज, थाना मऊदरवाजा, जनपद फर्रुखाबाद के रूप में हुई है। उसके कब्जे से बब्बर शेर मिरिंडा ब्रांड के 31 अदद देशी शराब के पव्वे बरामद किए गए। इस मामले में उपनिरीक्षक कासिफ हनीफ की तहरीर पर थाना मऊदरवाजा में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले में नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है।

महिला आरोग्य समिति की सदस्य डायरिया नियंत्रिण में निभाएंगी बड़ी भूमिका

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को हैबतपुर गढ़िया कॉलोनी में एएनएम श्वेता की अध्यक्षता में महिला आरोग्य समिति का गठन हुआ, जिसमें श्वेता ने बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने के बारे में जरूरी टिप्स दिए। समिति की सदस्यों ने बच्चों को डायरिया से सुरक्षित रखने के लिए जरूरी कदम उठाने का संकल्प लिया। इस मौके पर बच्चों के सम्पूर्ण टीकाकरण, आयुष्मान भारत योजना, परिवार नियोजन के साधनों के उपयोग व अन्य स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया ।

स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से ÷डायरिया से डर नहीं÷ कार्यक्रम के तहत आयोजित इस बैठक में श्वेता ने कहा कि बच्चों की सही देखभाल के साथ स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखा जाए ताकि बच्चे डायरिया समेत अन्य संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित बने रहें । उन्होंने कहा कि दिन भर में अगर बच्चे को दो या दो से अधिक बार पानी जैसी पतली दस्त आए तो बच्चे को आशा कार्यकर्ता द्वारा दी जाने वाली जिंक की गोली और ओआरएस का सेवन बताई गयी मात्रा के अनुसार जरूर कराएं ताकि बच्चे के शरीर में पानी की कमी न होने पाए द्य डायरिया (दस्त) से बचाव के लिए स्वच्छता और खानपान का भी खास ख्याल रखना जरूरी है । हाथों की स्वच्छता का पूरा ख्याल रखें और हमेशा स्वच्छ जल ही पियें और ताजा ढका हुआ भोजन ही खुद खाएं और बच्चों को खिलाएं। खाना बनाने और खाना खाने से पहले, शौच के बाद एवं घर की साफ-सफ़ाई के बाद हाथों को साबुन-पानी से अच्छी तरह धुलते हैं तो हाथ स्वच्छ एवं कीटाणु मुक्त होगा और बीमारियां दूर रहेंगी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. सर्वेश यादव ने बताया कि डायरिया किसी भी मौसम में हो सकता है। इसलिए बच्चों को पतली दस्त होने पर ओआरएस और जिंक जरूर दें । बैठक के दौरान पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) से अनुपम मिश्र, महिला आरोग्य समिति की अध्यक्ष रजनी, आशा कार्यकर्ता खुशबू, सरला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बाढ़ के बाद घरों में निकल रहे पहाड़ी सांप, अमृतपुर के 10 गांवों में दहशत

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



अमृतपुर थाना क्षेत्र के करीब 10 गांवों में बाढ़ का पानी उतरने के बाद अब ग्रामीणों के सामने एक नई समस्या खड़ी हो गई है। गांवों में लगातार पहाड़ी सांप निकलने से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों के मुताबिक, बाढ़ के दौरान पानी के साथ पहाड़ी सांप भी गांवों तक पहुंच गए थे। उस समय पानी भरने के कारण सांप इधर-उधर चले गए, लेकिन अब पानी सूखने के बाद ये सांप घरों के अंदर और आसपास छिप गए हैं। इसके चलते आए दिन किसी न किसी घर में सांप निकलने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि बाढ़ का पानी उतरने के बाद भी सांपों का खतरा कम नहीं हुआ है। हर तीसरे-चौथे दिन किसी न किसी घर में सांप दिखाई दे रहे हैं। अचानक घरों में सांप निकलने से परिवार के लोग घबरा जाते हैं। खासकर बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर ग्रामीण अधिक चिंतित हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, कई बार घरों के कमरों, सामान रखने वाले स्थानों और आसपास के हिस्सों में सांप दिखाई देते हैं। ऐसे में लोग सावधानी बरतते हुए घरों की साफ-सफाई कर रहे हैं और आसपास के स्थानों पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। सांप दिखाई देने पर कुछ ग्रामीण उन्हें पकड़कर जंगल में छोड़ रहे हैं, ताकि उन्हें आबादी से दूर किया जा सके।

लगातार सांप निकलने की घटनाओं से गांवों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि बाढ़ के बाद पहले ही घरों और खेती से जुड़ी परेशानियां सामने आई थीं, अब सांपों की मौजूदगी ने उनकी चिंता और बढ़ा दी है। लोगों को आशंका है कि जब तक घरों और आसपास के सुरक्षित स्थानों की ठीक से सफाई नहीं होगी, तब तक यह समस्या बनी रह सकती है।

दुल्हन को हेलीकॉप्टर से लाने की योजना रद्, छह महीने की तैयारी पर फिरा पानी

● वधु पक्ष की अनुमति नही मिलने से हेलीकॉप्टर से नही जा सकी बारात, नोएडा की कंपनी से आठ लाख रूपये में तय हुआ था किराया

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



इकलौते बेटे की शादी को यादगार बनाने के लिए पिता ने छह महीने तक तैयारियां कीं। बेटे की बारात हेलीकॉप्टर से ले जाने और दुल्हन को उसी से घर लाने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से लेकर हेलीपेड बनवाने तक की व्यवस्था की गई। नोएडा की एक कंपनी से हेलीकॉप्टर के लिए आठ लाख रुपये में बात भी तय हो गई थी, लेकिन शादी के दिन वधु पक्ष की अनुमति नहीं मिलने के कारण यह योजना पूरी नहीं हो सकी। आखिरकार हेलीकॉप्टर से बारात ले जाने का सपना अधूरा रह गया।

जानकारी के अनुसार, रमेश राठौर अपने इकलौते बेटे की शादी को खास और यादगार बनाना चाहते थे। इसी सोच के साथ उन्होंने बेटे की शादी में हेलीकॉप्टर का इंतजाम करने की योजना बनाई। इसके लिए उन्होंने कई महीने पहले से तैयारी शुरू कर दी थी। हेलीकॉप्टर की व्यवस्था करने के साथ ही जरूरी अनुमति लेने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाए गए। निर्धारित स्थान पर हेलीपेड भी तैयार कराया गया, ताकि शादी के दिन हेलीकॉप्टर की लैंडिंग और उड़ान में कोई परेशानी न हो।

हेलीकॉप्टर की बुकिंग के लिए नोएडा की कंपनी से संपर्क किया गया था। इसके लिए आठ लाख रुपये किराया तय किया गया था। परिवार को उम्मीद थी कि शादी के दिन हेलीकॉप्टर से बारात जाएगी और दुल्हन को भी इसी खास अंदाज में घर लाया जाएगा। इससे शादी परिवार के लिए लंबे समय तक यादगार बनी रहती।

हालांकि, शादी के दिन वधु पक्ष की ओर से अनुमति नहीं मिलने के कारण हेलीकॉप्टर से बारात ले जाने की योजना रद्द करनी पड़ी। छह महीने की मेहनत और तैयारियों के बावजूद परिवार अपनी योजना को अमलीजामा नहीं पहना सका। रमेश राठौर ने बताया कि उन्होंने बेटे की शादी को यादगार बनाने के लिए काफी प्रयास किए थे, लेकिन अनुमति नहीं मिलने से हेलीकॉप्टर का कार्यक्रम नहीं हो पाया।

देवोत्थानी एकादशी पर गन्ने की खूब बिक्री, बाजार में उमड़ी खरीदारों की भीड़

● फर्रूखाबाद में 20 रूपये प्रति नग बिक रहा गन्ना, सिंघाड़ा और शकरकंद के दाम 50 रूपये किलो

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



देवोत्थानी एकादशी के पर्व को लेकर शुक्रवार को नगर के बाजारों में रौनक देखने को मिली। घरों और मंदिरों में भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की तैयारियां की गईं। पर्व को देखते हुए बाजार में गन्ना, सिंघाड़ा और शकरकंद की खूब बिक्री हुई। सुबह से ही दुकानों पर खरीदारों की भीड़ जुटने लगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवोत्थानी एकादशी की पूजा में गन्ना, सिंघाड़ा और शकरकंद का विशेष महत्व माना जाता है।

बाजार में गन्ना 20 रुपये प्रति नग बिक रहा है, जबकि सिंघाड़ा और शकरकंद की कीमत 50 रुपये प्रति किलो है। पर्व के चलते इन फलों और मौसमी खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ गई है। लोग पूजा की सामग्री के साथ गन्ना, सिंघाड़ा और शकरकंद खरीदते नजर आए।

मान्यता है कि देवोत्थानी एकादशी के दिन भगवान विष्णु चार महीने की योगनिद्रा से जागते हैं। इसी के साथ चातुर्मास का समापन होता है और मांगलिक कार्यों की शुरुआत मानी जाती है। इस दिन श्रद्धालु व्रत रखकर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करते हैं।

देवोत्थानी एकादशी पर घरों में तुलसी विवाह कराने की भी परंपरा है। कई स्थानों पर मंदिरों में विशेष पूजा और धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है और बाजारों में पूजा से संबंधित सामान की खरीदारी जारी है।

साझी जमीन बेंचने का विरोध किया तो मिली धमकी, शिकायत

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद

नवाबगंज थाना क्षेत्र के कक्योली गांव में साझी जमीन को लेकर पारिवारिक विवाद सामने आया है। गांव निवासी अंकुर दीक्षित ने अपने ही परिवार के कुछ लोगों पर बिना बंटवारा किए संयुक्त जमीन बेचने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि जब उसने जमीन बेचने का विरोध किया तो आरोपितों ने उसे धमकी दी। मामले को लेकर पीड़ित ने नवाबगंज थाने में नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

अंकुर दीक्षित के अनुसार, परिवार की जमीन अभी तक विधिवत रूप से विभाजित नहीं हुई है। इसके बावजूद परिवार के कुछ लोग कथित तौर पर पूरी जमीन में अपना अधिकार जताते हुए उसे बेचने की कोशिश कर रहे हैं। पीड़ित का आरोप है कि बिना आपसी सहमति और बंटवारे के जमीन की बिक्री करना उचित नहीं है। इसी बात को लेकर उसने परिवार के लोगों के सामने अपनी आपत्ति जताई थी।

पीड़ित का कहना है कि जमीन बेचने का विरोध करने पर परिवार के लोगों के साथ विवाद हो गया। आरोप है कि इस दौरान उसे धमकियां दी गईं। इससे परेशान होकर अंकुर दीक्षित ने पुलिस की शरण ली और पूरे मामले की जानकारी देते हुए नामजद लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

पीड़ित ने पुलिस से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और संयुक्त जमीन की बिक्री को लेकर सामने आए विवाद का नियमानुसार समाधान कराया जाए। साथ ही धमकी देने के आरोपों की भी जांच कर संबंधित लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। फिलहाल मामला पारिवारिक जमीन के बंटवारे और कथित धमकी से जुड़ा हुआ है।

धूमधाम से मनाया गया खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



नगर में खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी। जगह-जगह भव्य श्रृंगार, मंगला दर्शन, पंचामृत अभिषेक, भजन-कीर्तन और महाआरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने बाबा को गुलाब के फूल अर्पित कर जन्मदिन की बधाई दी और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

श्री राम जानकी मंदिर स्थित महालक्ष्मी खाटू श्याम धाम, नया कोठा पार्चा में सुबह मंगला दर्शन के साथ जन्मोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत हुई। पं. विजय प्रकाश तिवारी और पं. गणेश मिश्रा ने बाबा का भव्य एवं दिव्य श्रृंगार किया। इसके बाद भक्तों को मनमोहक श्रृंगार दर्शन कराए गए। भोग, आरती और प्रसाद वितरण के दौरान श्रद्धालुओं ने बाबा के जयकारे लगाए। भक्तों ने बाबा को हैप्पी बर्थडे कहकर लाल गुलाब भेंट किए। मयंक मिश्रा, जीवू शुक्ला, रचित, अंकित अग्रवाल, राजेश पाठक और रवि अवस्थी ने उत्सव को धूमधाम से संपन्न कराने में सहयोग किया।

इस दौरान फतेहगढ़ ठाकुर द्वारा से निकली निशान यात्रा कोठा पार्चा पहुंची। यहां अभिषेक, अनिल त्रिपाठी और मनीष मिश्रा ने श्याम भक्तों का स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने बाबा को निशान अर्पित कर आशीर्वाद लिया। मुख्य पुजारी ने मोरछड़ी से भक्तों को मंगलमय जीवन का आशीर्वाद दिया।

वहीं, लोहाई रोड स्थित श्री राधा शक्ति श्याम मंदिर में भी खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पं. सुशील, राजीव और सोनू सहित विद्वान पंडितों ने पंचामृत से बाबा का अभिषेक कराया। इस दौरान हर्षित सिंघानिया सहित श्रद्धालुओं ने ? श्याम देवाय नमः मंत्र का जाप किया। इसके बाद बाबा का फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। भक्तों ने दर्शन कर भोग-प्रसाद ग्रहण किया और आरती में हिस्सा लिया।

जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित भजन-कीर्तन में मुख्य गायिका पायल ने अपनी मधुर आवाज से भक्तों को भावविभोर कर दिया। उन्होंने हारे के सहारा आजा, तेरा दास पुकारे आजा रे...हम तो हैं तेरे दीवाने मस्ताने और मैं हूं तेरे भरोसे श्याम बाबा, खाटू धाम आऊंगी जैसे भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों पर श्रद्धालु झूमते और बाबा के जयकारे लगाते नजर आए।

कमालगंज में रोज लगता है लंबा जाम, नहीं मिल रही राहत

यूथ इंडिया, कमालगंज



कस्बा कमालगंज के मुख्य मार्ग कानपुर रोड पर अब जाम कोई कभी-कभार की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह रोज की परेशानी बन चुकी है। शुक्रवार को भी यही हाल देखने को मिला। दिनभर मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं और लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सुबह से लेकर शाम तक यहां वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। खासकर स्कूलों की छुट्टी के समय स्थिति और भी ज्यादा खराब हो गई, जब पैदल चलना भी मुश्किल हो गया।

मुख्य वजह फुटपाथ पर हुआ अस्थाई अतिक्रमण है। दुकानदारों ने अपनी दुकानों का सामान फुटपाथ तक फैलाकर रख दिया है। इससे पैदल चलने वालों के लिए जगह ही नहीं बचती। बची हुई थोड़ी सी जगह पर ठेली, रेहड़ी, फल विक्रेता और सब्जी विक्रेता कब्जा कर लेते हैं। नतीजा यह है कि पैदल चलने वाले लोग भी सड़क पर चलने को मजबूर हैं और सड़क पर वाहनों का दबाव और बढ़ जाता है।

कानपुर रोड पर पहले से ही ट्रैफिक का काफी लोड रहता है। ऊपर से ई-रिक्शा और टेंपो चालक भी जहां-तहां वाहन खड़ा कर सवारी बैठाने लगते हैं। इससे जाम की स्थिति और गंभीर हो जाती है। शुक्रवार को भी कई बार एंबुलेंस और अन्य जरूरी वाहनों को जाम में फंसना पड़ा।

फतेहगढ़ निवासी विजय मिश्रा ने बताया कि कमालगंज से होकर गुजरना अब रोज की जद्दोजहद बन गया है। उन्होंने कहा कि फुटपाथ पर दुकानदारों का सामान और सड़क पर बेतरतीब खड़े ई-रिक्शा व टेंपो के कारण जाम लगता है। स्कूल की छुट्टी के समय तो स्थिति और भी खराब हो जाती है, कई बार आधे घंटे तक जाम में फंसे रहना पड़ता है। वहीं राजेपुर सारायमेदा निवासी उरूज भाई ने बताया कि शुक्रवार को भी उन्हें कमालगंज बाजार में लंबे जाम का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्ग पर रेहड़ी-पटरी वालों के कारण सड़क सिकुड़ गई है। पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ पर जगह नहीं बचती, इसलिए लोग सड़क पर ही चलने को मजबूर हैं। प्रशासन को जल्द अतिक्रमण हटवाकर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करनी चाहिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि जाम की वजह से व्यापारियों, विद्यार्थियों और राहगीरों सभी को परेशानी हो रही है। स्कूल जाने वाले बच्चों को समय पर पहुंचने में दिक्कत होती है, वहीं दुकानदारों का कहना है कि जाम के कारण ग्राहक भी बाजार आने से कतराने लगे हैं।

थाने में बेटे को बैठाने के बाद मां की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, शव सड़क पर रखकर लगाया जाम

● पुलिस पर कार्यवाही न करने का आरोप, करीब डेढ़ घंटे तक जाम रहा नवाबगंज-मंझना मार्ग



यूथ इंडिया, नवाबगंज

नगर के मोहल्ला नगला जोधा में शुक्रवार को एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला के परिजनों ने पुलिस पर उसके बेटे को थाने में बैठाने का आरोप लगाते हुए शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। परिजनों ने पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग की। करीब डेढ़ घंटे तक चले जाम के बाद थाना प्रभारी के आश्वासन पर परिजन शांत हुए।

जानकारी के अनुसार, मोहल्ला नगला जोधा निवासी ज्ञान सिंह का मोहल्ले के ही जयवीर सिंह से पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया था। दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी, जिसमें घायल लोगों का इलाज चल रहा था। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से कार्रवाई की थी। शुक्रवार को इसी मामले में पुलिस ने ज्ञान सिंह और उसके भाई निर्देश को थाने बुलाकर बैठा लिया।

परिजनों का आरोप है कि दोपहर करीब 2:30 बजे ज्ञान सिंह की 55 वर्षीय मां मीना देवी पत्नी घुरईलाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इसके बाद परिजन ई-रिक्शा से महिला का शव लेकर थाने पहुंच गए। परिजनों के थाने पहुंचने पर पुलिस ने ज्ञान सिंह को छोड़ दिया। इससे नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने मीना देवी का शव नवाबगंज-मंझना मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया। करीब तीन बजे लगे जाम की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर जाम खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। करीब एक घंटे बाद थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को मामले में कार्रवाई का आश्वासन देकर समझाया। इसके बाद परिजन शांत हुए और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भिजवा दिया। इस दौरान नवाबगंज-मंझना मार्ग पर करीब डेढ़ घंटे तक आवागमन बाधित रहा। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि महिला के शव को जिला अस्पताल भेजा गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सात नामजद सहित अज्ञात लोगों पर मारपीट का आरोप

फर्रुखाबाद। जनपद फर्रुखाबाद के थाना शमसाबाद क्षेत्र में मारपीट का एक मामला सामने आया है। आरोप है कि सात नामजद आरोपियों सहित कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एकराय होकर युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और हथौड़े से मारपीट की। इसके साथ ही पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम नगला सेठ निवासी आकाश पुत्र जितेन्द्र सिंह ने थाना शमसाबाद पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि अंकुर पुत्र बचान सिंह निवासी अज्ञात सहित सात नामजद व्यक्ति और कुछ अज्ञात लोग एकराय होकर उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों और हथौड़े से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ट्रक की टक्कर से कंटेनर चालक की मौत, वाहन क्षतिग्रस्त

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद

सड़क हादसे में कंटेनर चालक की मौत का मामला सामने आया है। आरोप है कि ट्रक के अज्ञात चालक ने वाहन को तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाते हुए कंटेनर में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कंटेनर चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया।

मामले में हरियाणा के रेवाड़ी जनपद के थाना दारूखेड़ा क्षेत्र के मालपुर स्थित 295 इंडस्ट्रियल एरिया निवासी दिनेश शर्मा पुत्र राजसिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रक चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ, जिसमें उनके कंटेनर के चालक की जान चली गई। वादी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। हादसे के बाद ट्रक चालक की पहचान और घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच की जा रही है।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल



फर्रुखाबाद। राजेपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले में घायल के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, सलेमपुर निवासी अक्षय मिश्रा पुत्र दुरबीन मिश्रा ने शिकायत में बताया कि अज्ञात चालक ट्रैक्टर संख्या यूपी 76 आर 9329 को तेज गति और लापरवाही से चला रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर ने उनके पिता की मोटरसाइकिल में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। अक्षय मिश्रा की तहरीर के आधार पर राजेपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

बुजुर्ग महिला की हत्या का चार दिन बाद भी नही हुआ खुलासा

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद

नवाबगंज थाना क्षेत्र के भगौरा गांव में खेत में बुजुर्ग महिला का शव मिलने के मामले में चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस को कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने बेटे की तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से ही परिवार में शोक और आक्रोश का माहौल है। परिजन पुलिस से जल्द से जल्द घटना का खुलासा करने और आरोपितों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, भगौरा गांव में बुजुर्ग महिला का शव खेत में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की थी। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। मामले में एक और महत्वपूर्ण बात सामने आई है। परिजनों के मुताबिक, महिला के कान के कुंडल, नाक का फूल और पैरों की तोड़ियां गायब हैं। इन आभूषणों के गायब होने से घटना को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। आशंका जताई जा रही है कि वारदात के पीछे लूट का उद्देश्य भी हो सकता है। हालांकि, हत्या के पीछे की असली वजह और आभूषण गायब होने के संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

महिला के बेटे ने घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी थी। इसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अब मामले से जुड़े सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटनास्थल से जुड़े तथ्यों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपित तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के चार दिन बाद भी कोई ठोस सुराग नहीं मिलने से परिजनों की चिंता बढ़ती जा रही है। परिवार के लोगों का कहना है कि बुजुर्ग महिला की हत्या करने वाले व्यक्ति का जल्द पता लगाया जाना चाहिए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके। ग्रामीणों में भी घटना को लेकर चर्चा बनी हुई है और लोग पुलिस से शीघ्र खुलासे की उम्मीद कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस अज्ञात के खिलाफ दर्ज मुकदमे की जांच में जुटी है। अब देखना यह है कि पुलिस इस मामले का खुलासा कब तक कर पाती है।

पांच लोगों ने एकराय होकर युवक के साथ की मारपीट, चाकू से हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप



फर्रुखाबाद। थाना शमसाबाद क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि पांच लोगों ने एकराय होकर युवक के साथ गाली-गलौज की और लात-घूंसों तथा चाकू से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। इतना ही नहीं, आरोपियों द्वारा पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मुरैठी निवासी अंजेश कुमार पुत्र राधेश्याम ने थाना शमसाबाद पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि मोहित पुत्र जोगराज निवासी मीरा दरवाजा, कस्बा एवं थाना शमसाबाद तथा उसके साथ चार अन्य लोगों ने एकराय होकर उनके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूंसों और चाकू से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित अंजेश कुमार की तहरीर के आधार पर थाना शमसाबाद पुलिस ने पांच आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया है। पुलिस के अनुसार, प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना से जुड़े तथ्यों की जांच की जा रही है।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया देवउठनी एकादशी का पर्व, बाजारों में उमड़ी भीड़

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद

क्षेत्र में देवउठनी एकादशी का पर्व हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। शहर से लेकर गांवों तक सुबह से ही पर्व की रौनक देखने को मिली। महिलाओं ने घरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर घरों में विभिन्न प्रकार के पकवान बनाए गए। धार्मिक परंपराओं के अनुसार भगवान विष्णु की पूजा कर लोगों ने देवोत्थान पर्व मनाया। नगर की गलियों से लेकर ग्रामीण इलाकों तक पर्व का उत्साह दिखाई दिया।

देवउठनी एकादशी को प्रबोधिनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान श्रीहरि विष्णु चार महीने की योगनिद्रा के बाद जागते हैं। आषाढ़ शुक्ल एकादशी को भगवान विष्णु के शयन और कार्तिक शुक्ल एकादशी को उनके जागने की मान्यता है। इन चार महीनों को चातुर्मास कहा जाता है। इस अवधि में विवाह, गृह प्रवेश सहित अन्य मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। देवउठनी एकादशी के साथ ही चातुर्मास समाप्त हो जाता है और मांगलिक कार्यों की शुरुआत मानी जाती है।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विष्णु ने वामन अवतार लेकर राजा बलि से तीन पग भूमि मांगी थी। इसके बाद भगवान ने राजा बलि को पाताल लोक का राज्य सौंपा और स्वयं भी वहां निवास करने का वचन दिया था। मान्यता है कि माता लक्ष्मी ने भगवान विष्णु को पाताल लोक से वापस लाने के लिए व्रत और पूजा की थी। कार्तिक शुक्ल एकादशी को भगवान विष्णु के जागने और क्षीरसागर लौटने की मान्यता के कारण इस दिन को देवउठनी एकादशी के रूप में मनाया जाता है। इस पर्व पर तुलसी विवाह की भी विशेष धार्मिक मान्यता है। घरों में तुलसी जी और शालिग्राम भगवान का विवाह कराया जाता है। मान्यता है कि तुलसी विवाह कराने से कन्यादान के समान पुण्य प्राप्त होता है। श्रद्धालु गन्ने से मंडप सजाकर भगवान विष्णु को जगाने की परंपरा निभाते हैं। इस दौरान शंख और घड़ियाल बजाकर देवताओं के जागने का आह्वान किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी यह परंपरा आपसी भाईचारे के साथ निभाई जाती है।

ग्रामीण इलाकों में देवउठनी एकादशी के अवसर पर गन्ने की विशेष मांग रहती है। गांवों में किसान पूजा-अर्चना के लिए एक-दूसरे को गन्ना उपलब्ध कराते हैं। कई स्थानों पर लोग एक-दूसरे के खेतों से पांच या सात गन्ने लेकर आते हैं और इसके लिए कोई कीमत नहीं ली जाती। हालांकि सकल और सिंघाड़ा बाजारों में आसानी से उपलब्ध रहते हैं, लेकिन गन्ने के मामले में ग्रामीण क्षेत्रों की यह परंपरा आपसी सहयोग और भाईचारे की मिसाल बनी हुई है।

सत्यभारती स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन, विजेता बच्चों को किया सम्मानित

यूथ इंडिया, नवाबगंज



ग्राम ज्योना स्थित सत्य भारती स्कूल में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभिन्न खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। प्रतियोगिता में 50 मीटर, 100 मीटर और 200 मीटर दौड़, सैक रेस, रोप रेस, लेमन रेस, लूडो, कैरम, खो-खो और कबड्डी सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बच्चों ने खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 50 मीटर दौड़ के बालक वर्ग में अंकित प्रथम, शिवा द्वितीय और शिवांशु तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में युवी प्रथम, रिया द्वितीय और प्रतीक्षा तृतीय रहीं। 100 मीटर दौड़ के बालक वर्ग में आर्यन प्रथम, सागर द्वितीय और विहान तृतीय रहे। बालिका वर्ग में अंशी प्रथम, प्रतिज्ञा द्वितीय और वैष्णवी तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ के बालक वर्ग में निशांत ने प्रथम, अर्पित ने द्वितीय और महिपाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में रौनक प्रथम, अंशिका द्वितीय और सोनम तृतीय रहीं। सैक रेस में सागर ने प्रथम, ध्रुव ने द्वितीय और नार ने तृतीय स्थान हासिल किया। रोप रेस में पलक प्रथम, अंशिका द्वितीय और सोनम तृतीय रहीं। कक्षा पीपी की लेमन रेस में आरव प्रथम, ऋषभ द्वितीय और गौरव तृतीय रहे। दूसरे समूह में अंशी प्रथम, मानवी द्वितीय और पल्लवी तृतीय स्थान पर रहीं। लूडो प्रतियोगिता में काव्या प्रथम, भावना द्वितीय और अनामिका तृतीय रहीं। कैरम में शैलवी प्रथम, केशव द्वितीय और रौनक तृतीय स्थान पर रहे।

खेत जोतने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, जमकर चले लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर, कई घायल



● विरासत की जमीन को लेकर लंबे समय से चल रहा था विवाद, पिता को बचाने पहुंचे बेटे को भी आई चोटें, मामला थाने पहुंचा

यूथ इंडिया, अमृतपुर

अमृतपुर तहसील क्षेत्र के गांव राजेपुर राठौरी में खेत जोतने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। देखते ही देखते दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे और ईंट-पत्थर भी फेंके गए। घटना से गांव में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, एक पक्ष के लाल सिंह पुत्र रस लाल सिंह खेत जोतने के लिए ट्रैक्टर लेकर पहुंचे थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष को इसकी जानकारी हो गई। आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोग लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए और विवाद बढ़ने पर मारपीट शुरू हो गई। दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। खेत की जमीन को लेकर लाल सिंह और गांव के ही यदवीर, विमल, उदय सिंह व कमल सिंह पुत्र रघुनाथ सिंह के बीच विरासत को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था।

मारपीट के दौरान लाल सिंह और धर्मेंद्र को चोटें आईं। बताया गया कि धर्मेंद्र अपने पिता को बचाने के लिए बीच-बचाव करने पहुंचे थे, तभी वह भी घायल हो गए। घटना के बाद दोनों पक्षों का मामला थाने पहुंच गया।

थानाध्यक्ष अजब सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। मामले की जानकारी कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

अधूरे नाले में गिर चुके तीन स्कूली बच्चे, उलियापुर में हादसों का खतरा

● कार भी गिरने से बची, ग्रामीणों की शिकायतों के बावजूद नहीं हुआ नाले का निर्माण और सफाई

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



जिले के कायमगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत नरेनामऊ के मजरा उलियापुर में अधूरे पड़े नाले से ग्रामीणों और राहगीरों की परेशानी बढ़ती जा रही है। नाले का निर्माण कार्य पूरा न होने और नियमित सफाई नहीं कराए जाने के कारण यहां आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है। स्थिति यह है कि अब तक तीन स्कूली बच्चे इस अधूरे नाले में गिर चुके हैं। वहीं, एक कार भी नाले में गिरने से बाल-बाल बच गई। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से समस्या का समाधान नहीं कराया गया है।

ग्रामीणों के मुताबिक, गांव में नाला अधूरा पड़ा होने के कारण रास्ते से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। खासकर स्कूली बच्चों को आने-जाने में खतरा बना रहता है। रास्ते की स्थिति ठीक न होने के कारण बच्चे कभी भी दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। अब तक तीन बच्चों के नाले में गिरने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि नाले के कारण केवल पैदल चलने वाले लोगों को ही परेशानी नहीं हो रही, बल्कि वाहन चालकों के लिए भी खतरा बना हुआ है। हाल ही में एक कार नाले में गिरने से बच गई। यदि चालक समय रहते सावधानी नहीं बरतता तो बड़ा हादसा हो सकता था। इसके बाद भी संबंधित विभाग ने नाले को पूरा कराने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं। इसके बावजूद नाले का निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया गया और न ही उसकी उचित सफाई कराई गई। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण समस्या लगातार बनी हुई है। बरसात के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो सकती है, क्योंकि पानी भरने से नाले का खतरा दिखाई देना मुश्किल हो जाता है।

गांव के लोगों ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि अधूरे नाले का निर्माण जल्द पूरा कराया जाए और नियमित सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, जब तक निर्माण कार्य पूरा नहीं होता, तब तक नाले के आसपास सुरक्षा के जरूरी इंतजाम किए जाएं, ताकि स्कूली बच्चों और राहगीरों को किसी अनहोनी का सामना न करना पड़े।

फिलहाल उलियापुर में अधूरा पड़ा नाला ग्रामीणों के लिए परेशानी और चिंता का कारण बना हुआ है। तीन स्कूली बच्चों के नाले में गिरने और कार के हादसे से बचने की घटना के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होना जिम्मेदार विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। अब देखना यह है कि संबंधित अधिकारी ग्रामीणों की शिकायतों पर कब तक कार्रवाई करते हैं।

तेज रफ्तार पिकअप ने कार में मारी टक्कर, एक की मौत, चार घायल

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद

थाना कमालगंज क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। हादसे में एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिकअप के अज्ञात चालक ने वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए एक कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी गंभीर थी कि कार में सवार लोग घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान वादी के भाई की मृत्यु हो गई। वहीं, हादसे में घायल अन्य चार व्यक्तियों का उपचार कराया जा रहा है।

इस मामले में मृतक के भाई एवं वादी अशोक कुमार पुत्र महेश प्रताप, निवासी देवरान गढ़िया, थाना कमालगंज, जनपद फर्रुखाबाद की तहरीर के आधार पर थाना कमालगंज में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत किया है। पुलिस द्वारा मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

फर्रुखाबाद। जनपद फर्रुखाबाद के थाना कम्पिल क्षेत्र में युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का मामला सामने आया है। मामले में युवती के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मानिकपुर निवासी मोनू पुत्र यादराम पर आरोप है कि वह वादी की बहन को शादी करने के उद्देश्य से बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले गया। इस संबंध में पीड़ित पक्ष ने थाना कम्पिल पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

कार्तिक मेले में जगह आवंटन को लेकर हंगामा, पंडा संघ अध्यक्ष पर चहेतों को मनमानी जगह देने का आरोप

● अन्य पंडों की अनदेखी से बढ़ा आक्रोश, गंगा तट पर दोनों पक्षों में काफी देर तक हुई नोकझोंक

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद

ढाई घाट स्थित गंगा नदी के तट पर लगने वाले ऐतिहासिक कार्तिक मेले की तैयारियां शुरू होते ही जगह आवंटन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मेले में दुकानें लगाने और तिलक लगाकर रोजी-रोटी कमाने वाले पंडों के बीच जगह को लेकर असंतोष सामने आया है। पंडा संघ के अध्यक्ष पिंटू मिश्रा पर अपने चहेतों को मनमाने ढंग से अच्छी जगह आवंटित करने और अन्य लोगों की अनदेखी करने के आरोप लगाए गए हैं। शुक्रवार को गंगा तट पर जगह आवंटन के दौरान मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक वाद-विवाद होता रहा। इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

जानकारी के अनुसार, ढाई घाट पर आगामी 24 नवंबर से कार्तिक मेले का आयोजन होना है। मेले को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा की जा रही है। वहीं दूसरी ओर मेले में दुकानें लगाने वाले व्यापारी, व्यवसायी और पंडा पहले से ही गंगा तट पर पहुंचने लगे हैं। मेले में हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग अपनी दुकानें लगाकर कारोबार करते हैं। इसी को देखते हुए पंडा और अन्य लोग पहले से ही अपनी पसंद की जगह पाने के लिए पंडा संघ के अध्यक्ष से बातचीत कर रहे थे।

बताया जाता है कि शुक्रवार को पंडा संघ के अध्यक्ष पिंटू मिश्रा गंगा नदी के किनारे दुकानों के लिए जगह आवंटित कर रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि अध्यक्ष ने अपने करीबी लोगों को मनमाफिक जगह दे दी, जबकि अन्य पंडों की मांग और सुविधा को नजरअंदाज कर दिया गया। इस बात को लेकर मौके पर मौजूद लोगों ने विरोध जताया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई और काफी देर तक हंगामे जैसी स्थिति बनी रही।

आक्रोशित लोगों का कहना था कि मेले में सभी को समान अवसर मिलना चाहिए। जो लोग वर्षों से यहां आकर तिलक लगाने और अन्य धार्मिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी आजीविका चलाते हैं, उनके साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। उनका आरोप है कि कुछ लोगों को मनमाफिक स्थान देकर बाकी लोगों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। लोगों ने यह भी कहा कि यदि सभी को उचित स्थान उपलब्ध कराया जाए तो उनका कारोबार बेहतर तरीके से चल सकेगा और परिवार की रोजी-रोटी का साधन भी बना रहेगा।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गंगा तट पर दुकानें लगाने और अन्य व्यवसाय करने वाले सभी लोगों को निष्पक्ष तरीके से जगह उपलब्ध कराई जाए। आवंटन की प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए, ताकि किसी भी व्यक्ति को पक्षपात या भेदभाव की शिकायत का मौका न मिले।

लाखों की लागत से बना आंगनबाड़ी केन्द्र भूसा-कंडे का गोदाम

● बच्चों के हक पर कब्जा!
● बच्चों की पढ़ाई और पोषण के लिए बने सरकारी भवन में भरा भूसा

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



सरकार नौनिहालों को बेहतर शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लाखों रुपये खर्च कर आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण करा रही है, लेकिन गांव भावन में सरकारी योजनाओं की मंशा को ही पलीता लगाया जा रहा है। यहां लाखों रुपये की लागत से तैयार आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों की पढ़ाई और पोषण का केंद्र बनने के बजाय भूसा और कंडे रखने का गोदाम बन गया है।

ग्रामीणों के अनुसार, आंगनबाड़ी केंद्र का भवन निर्माण पूरा होने के बाद उसकी रंगाई-पुताई भी कराई गई। दीवारों पर सरकारी योजनाओं से संबंधित लिखाई भी कराई गई, ताकि यहां बच्चों को बेहतर माहौल मिल सके। लेकिन हैरानी की बात यह है कि भवन में बच्चों की चहल-पहल के बजाय भूसा और कंडे भरे पड़े हैं। आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने भवन पर कब्जा कर उसे निजी इस्तेमाल में ले रखा है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि भवन में भूसा और कंडे भरने वाला व्यक्ति ग्राम प्रधान का करीबी है।जिस आंगनबाड़ी केंद्र में नौनिहालों को शिक्षा, पोषण और प्रारंभिक गतिविधियों का लाभ मिलना चाहिए, वहां पशुओं के चारे का भंडारण किया जा रहा है। सरकारी संपत्ति के इस तरह इस्तेमाल से जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर भवन को कब्जे से मुक्त कराने और आंगनबाड़ी केंद्र का नियमित संचालन शुरू कराने की मांग उठाई है।इस संबंध में सीडीपीओ अमित मिश्रा ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। मामले की जांच कराई जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्र में भूसा और कंडे रखने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।अब देखना यह है कि जांच के बाद सरकारी भवन को कब्जे से मुक्त कराया जाता है या फिर बच्चों के हक का यह भवन इसी तरह भूसा-कंडे का गोदाम बना रहता है।

सर्वाधिकार स्वामी एस.एम.के प्रकाशन प्रा. लि. शिवाजी नगर भोपतपट्टी नवीन मण्डी रोड फर्रुखाबाद-209602 उ.प्र. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक- शरद कटियार द्वारा एस.एम.के प्रकाशन प्रा. लि. शिवाजी नगर भोपतपट्टी नवीन मण्डी रोड फर्रुखाबाद 209602 30 उ. प्र. से मुद्रित एवं ई-417 मोतीझील, ऐशबाग लखनऊ-226004 से प्रकाशित। सम्पादक- शरद कटियार दूरभाष - 09452411978 Email-youthindiaheadoffice@gmail.com RNI No- UPHIN/2016/68199
समस्त समाचारों का चयन एवं सम्पादन हेतु T-R-V Act के अन्तर्गत उत्तरदायी समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।